






# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्षः 14 | अंकः 284

मूल्यः ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper

शुक्रवार | 28 जुलाई, 2023


## आप किस तरह के इंडियाः संसद में हंगामे पर जयशंकर नाराज, बोले

# बुरा लगा कि विपक्ष सुनने को तैयार नहीं

### संसद में काले कपड़ों में पहुंचा विपक्षः मणिपुर-मणिपुर की नारेबाजी, निलंबित सांसद संजय सिंह को खड़गे की सलाह, रातभर धरना ना दें

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

मणिपुर हिंसा पर गुरुवार को भी संसद के दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ। लोकसभा शुरू होते ही विपक्ष ने नारेबाजी शुरू कर दी। जिसके कारण सिर्फ 6 मिनट बाद ही स्पीकर ओम बिड़ला ने कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक स्थगित कर दिया। नारेबाजी के कारण इसे 3 बजे तक दोबारा स्थगित कर दिया। उधर, राज्यसभा में भी विपक्ष के सांसद तख्तियां लेकर पहुंचे और प्रधानमंत्री सदन में आओ, सदन में आके कुछ तो बोलो, प्रधानमंत्री चुप्पी तोड़ो... जैसे नारे लगाते देखे गए। यह देख एनडीए के सांसद मोदी...मोदी... के नारे लगाने लगे, तो विपक्ष ने इंडिया... इंडिया के नारे लगाए। नारेबाजी के बीच पहले राज्यसभा 12 बजे तक और उसके बाद 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्षी सांसद मणिपुर हिंसा के विरोध में काले कपड़े पहनकर पहुंचे। हालांकि सदस्यों ने लंच के बाद सदन से वॉकआउट कर दिया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गुरुवार को राज्यसभा में उनके बयान के बीच हुए हंगामे को लेकर विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि वे अपने गठबंधन का नाम 'इंडिया' होने का दावा करते हैं, लेकिन अगर वे भारत के राष्ट्रीय हितों के बारे में सुनने को तैयार नहीं हैं तो फिर यह कैसा इंडिया हैं। वहीं, सदन के नेता पीयूष गोयल ने विपक्ष पर विदेश नीति को लेकर राजनीति करने का आरोप लगाया।



#### दोनों सदन में क्या-क्या हुआ...

**लोकसभा स्पीकर ने विपक्षी सदस्यों को फटकाराः** लोकसभा में हंगामा कर रहे विपक्षी सदस्यों को लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने कड़ी फटकार लगाई। स्पीकर ने कहा कि पूरा देश देख रहा है, आपके उसके सामने कैसा उदाहरण पेश करना चाहते हैं। हंगामा न रुकता देख स्पीकर ने सदन को दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित किया। 2 बजे कार्यवाही दोबारा शुरू तो हुई, लेकिन नारेबाजी लगातार जारी रही।

**राज्यसभा में मोदी वर्सेज इंडिया नारे लगेः** राज्यसभा में भी जमकर हंगामा हुआ। राज्यसभा में विदेश मंत्री एस जयशंकर जब बयान दे रहे थे। विपक्षी सदस्यों की नारेबाजी के जवाब में बीजेपी सांसदों ने मोदी-मोदी के नारे लगाने शुरू किए। थोड़ी ही देर में विपक्ष इंडिया, इंडिया के नारे लगाने लगा। शोर की वजह से विदेश मंत्री की आवाज समझ में ही नहीं आ रही थी। शोर ना थमता देख सभापति जगदीप धनखड़ ने सदन को पहले 12 बजे तक फिर 2 बजे तक स्थगित रखा।

#### रातभर प्रदर्शन की जरूरत नहीं

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को आम आदमी पार्टी के निलंबित राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को सलाह दी कि वे रात भर धरने पर न बैठें। बजाय इसके वे हर दिन संसद की कार्यवाही समाप्त होने पर अपना प्रदर्शन भी खत्म कर दिया करें। वहीं, पीएम मोदी के राजस्थान दौरे पर खड़गे ने कहा कि पीएम मोदी संसद में नहीं बल्कि राजस्थान में राजनीतिक भाषण दे रहे हैं। खड़गे ने कहा कि लोग अब जागरूक हो गए हैं और इस तरह की राजनीति के खिलाफ लड़ेंगे।आप लोकतंत्र के मंदिर संसद में बात नहीं करना चाहते हैं, लेकिन राजस्थान में नए मेडिकल कॉलेज खोलने पर राजनीतिक भाषण दे रहे हैं। मानसून सत्र के पांचवें दिन 26 जुलाई को कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया। जिसे लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने मंजूरी दे दी। स्पीकर ने नियमों के तहत 50 से ज्यादा सांसदों के समर्थन के बाद कहा कि अविश्वास प्रस्ताव पर बहस का समय, सभी दलों से बातचीत के बाद तय करेंगे। विदेश मंत्री ने सदन में हुए हगामे को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने पक्षपातपूर्ण राजनीति को प्राथमिकता दी है। जयशंकर ने कहा कि यह सिर्फ सरकार की उपलब्धि नहीं बल्कि देश के लिए एक उपलब्धि है। भारत के राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को अन्य देशों से सर्वोच्च सम्मान मिलने का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अगर आप राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और प्रधानमंत्री का सम्मान नहीं कर सकते, अगर आप विदेश मंत्री को सदन में बोलने की अनुमति नहीं देंगे तो यह बहुत खेदजनक स्थिति है।

#### संसद के मानसून सत्र के अपडेट्स...

- सपा नेता, राम गोपाल यादव ने कहा, कोई विरोध प्रदर्शन नहीं होगा... हर कोई काले कपड़े पहनेगा या अपनी बांह पर काला कपड़ा बांधेगा... हम चिंतित हैं क्योंकि मणिपुर की सीमा म्यांमार से लगती है, जहां सैन्य शासन है और आतंकवादियों को पनाह देता है।
- कांग्रेस नेता अधीर रंजन ने कहा, हमारी मांग थी कि पीएम खुद आकर बोलें। पता नहीं क्यों प्रधानमंत्री नहीं बोल रहे हैं। हमें मजबूरन अविश्वास प्रस्ताव लाना पड़ा। ये हमारी मजबूरी है। हम जानते हैं कि इससे सरकार नहीं गिरेगी।
- जनता दल ने राज्यसभा में अपने सांसदों को दिल्ली सेवाओं पर केंद्र के विधेयक के खिलाफ वोटिंग करने के राज्यसभा में मौजूद रहे व्हिप जारी किया है।
- कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने भारत-चीन बॉर्डर के हालात पर चर्चा के लिए लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया है।
- न्यूज एजेंसी के मुताबिक विपक्षी गठबंधन इंडिया ने राज्यसभा में होने वाली बिजनेस एडवायजरी कमेटी की बैठक का बॉयकॉट कर सकता है।

#### राजनीति करना 'दुर्भाग्यपूर्ण'

सदन के नेता पीयूष गोयल ने राज्यसभा में गुरुवार को काले कपड़े पहन कर आए विपक्षी दलों के सदस्यों पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने विपक्ष पर विदेश नीति को लेकर राजनीति करने का आरोप लगाया। कहा कि विपक्ष द्वारा विदेश नीति जैसे गंभीर विषय पर राजनीति करना 'दुर्भाग्यपूर्ण' है तथा उनका विगत और वर्तमान ही नहीं भविष्य भी 'काला' है।

#### भारत की अस्मिता से जुड़ा विषय

गोयल ने विदेश मंत्री एस जयशंकर द्वारा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पिछले कुछ महीनों में की गई विदेश यात्रा के बारे में दिए गए बयान का जिक्र करते हुए कहा कि यह बहुत ही 'दुर्भाग्यपूर्ण' है कि इतने गंभीर विषय पर भी राजनीति की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह भारत की अस्मिता से जुड़ा विषय है।

#### विपक्ष का आज और कल सब काला

इसके बाद गोयल ने एक लिखा हुआ पर्चा पढ़ते हुए कहा कि जिनके मन में काला है, जिनके तन पर भी आज काला है, क्या छिपा है इनके दिल में, क्या इनके दिल में भी काला है, क्या शब्दों के बोल में काला है...क्या कारनामे हैं इनके, जो दिखाना नहीं चाहते और छिपाना चाहते हैं, वैसे तो आजकल काले कौवे भी इन पर आकर्षित होने लगे हैं। गोयल ने कहा कि इनका कल भी काला था, आज भी काला है और भविष्य भी काला है।

#### विपक्ष के जीवन से भी अंधेरा छंटेगा

विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच उन्होंने दावा किया कि सत्ता पक्ष नकारात्मक सोच वाले लोग नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारा पूरा विश्वास है कि विपक्ष के जीवन में भी अंधेरा छंटेगा, इनको भी रोशनी दिखेगी, सूरज उगेगा... और एक विकसित और समृद्ध भारत के लिए कमल खिलता दिखेगा। गोयल ने कहा कि काला कपड़ा, काला काम, नहीं सहेगा हिंदुस्तान।



## ज्ञानवापी परिसर के एएसआई सर्वे पर रोक बढ़ी, तीन अगस्त को आएगा फैसला

**जन एक्सप्रेस। वाराणसी**

ज्ञानवापी परिसर के एएसआई सर्वे पर लगी रोक तीन अगस्त तक बढ़ गई है। कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। अब तीन अगस्त को कोर्ट इस पर फैसला सुनाएगा। इससे पहले काशी विश्वनाथ मंदिर स्थित ज्ञानवापी परिसर के एएसआई सर्वे के मामले में बृहस्पतिवार को निर्धारित वक्त से पहले सुनवाई शुरू हुई। मुस्लिम पक्ष के वकील नकवी ने बहस की शुरुआत की। एएसआई के अतिरिक्त निदेशक आलोक त्रिपाठी भी कोर्ट में हाजिर हुए। मुस्लिम पक्ष के वकील ने एएसआई के हलफनामे का जवाब दाखिल किया। गुरुवार को सुनवाई के दौरान हिंदू पक्ष के वकील ने दोहराया रामजन्म भूमि मामले में एएसआई को सर्वे की अनुमति मिली थी। इस पर मुस्लिम पक्षकार ने कहा, राम मंदिर मामले में साक्ष्य प्रक्रिया के बाद अनुमति दी गई थी। ज्ञानवापी मामले में ये सब असामयिक हो रहा है। उधर, अतिरिक्त निदेशक आलोक त्रिपाठी ने बताया की एएसआई की स्थापना 1871 में हुई थी। उन्होंने कोर्ट को बताया कि जीपीआर सर्वे ही करेंगे। खोदाई नहीं करेंगे। सर्वे में इमारत को खरोंच तक नहीं आएगी। यूपी के महाधिवक्ता अजय कुमार मिश्रा के बहस की शुरू। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी है। यदि तत्काल सर्वे शुरू होता है तो हमें अतिरिक्त सुरक्षा बल की जरूरत होगी। मुस्लिम पक्षकार ने कहा सिविल वाद की पोषणीयता का बिंदु तय होना जरूरी है। पोषणीयता के विधिक बिंदु तय किए बिना सर्वेक्षण गलत है। बताया कि पोषणीयता का वाद सुप्रीम कोर्ट ने लंबित है। इस पर हिंदू पक्ष ने कहा मामले का जल्द निस्तारण होना चाहिए।

#### गुरुवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट में किसने क्या कहा...

- **सवालः** चीफ जस्टिस ने पूछा, एएसआई की कानूनी पहचान क्या है? यह कब अस्तित्व में आया और किस उद्देश्य से लाया गया?
- **जवाबः** असिस्टेंट सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया ने बताया कि एएसआई 100 साल से अधिक पुरानी संस्था है। एएसआई अधिकारी ने भी जवाब दिया कि एएसआई स्मारकों और पुरावशेषों की सुरक्षा और उनके संरक्षण का काम करता है। इसका मुख्य उद्देश्य देश के भीतर स्मारकों की रक्षा करना है।
- **सवालः** चीफ जस्टिस ने पूछा, क्या ड्रिलिंग को अधिनियम में परिभाषित किया गया है?
- **जवाबः** एएसआई एक्सपर्ट नहीं।
- **सवालः** कोर्ट ने एएसआई से पूछा की क्या, बिना नुकसान पहुंचाए सर्वे किया जा सकता है।
- **जवाबः** एएसआई ने कहा, हम ब्रश के जरिए सर्वे करेंगे। इससे ज्ञानवापी को कोई नुकसान नहीं पहुंचेगा। एएसआई के पास इंस्ट्रूमेंट है, जांच कर सकती है। विशेषज्ञ इंजीनियर हमारे पास है।

## 'आप' सांसद संजय सिंह से मिलने पहुंचे अखिलेश

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

मणिपुर हिंसा की घटना को लेकर संसद भवन परिसर में गांधी प्रतिमा के सामने आम आदमी पार्टी 'आप' के निलंबित सांसद संजय सिंह के धरने का गुरुवार चौथा दिन समाजवादी पार्टी के मुखिया और उत्तर प्रदेश के पूर्व सीएम अखिलेश यादव संसद भवन परिसर में संजय सिंह से मिलने पहुंचे। यहां उन्होंने जमकर सत्ताधारी भाजपा पर हमला बोला। अखिलेश ने कहा कि आरएसएस ने नफरत फैलाई और बीजेपी की वोट की राजनीति की वजह से मणिपुर में हिंसा हुई।' उन्होंने कहा, मैं संजय सिंह जी और उन तमाम



सांसदों का समर्थन करता हूं जो मणिपुर की घटना पर बहस चाहते हैं। बीजेपी के लोग जब हर बात पर बोलते हैं तो मणिपुर की जो घटना हुई उसपर भी कहना चाहिए। अखिलेश ने कहा, मणिपुर में क्या हो रहा है, सरकार को सब पता है। सरकार को सत्ता में रहने का हक नहीं है। कोई भी टर्म आ जाए, क्या बेटियों को नंगा घुमाया जाएगा? देश की दो तिहाई जनता इन्हें हटाना चाहती है, इसलिए इतनी घबराहट है। सपा चीफ ने आगे कहा, भाजपा की तरफ से ये बात आ रही है कि अर्थव्यवस्था में हम तीसरे स्थान पर पहुंच जाएंगे। क्या अर्थव्यवस्था में 1 नंबर पर पहुंचने से देश में नारियों और बेटियों का ये सम्मान होगा? मणिपुर की घटना ने सबको बात करने के लिए मजबूर किया है, इसके लिए सदन से बेहतर कौन सी जगह है?ज्वहां क्या-क्या हो रहा है सब सरकार को पता होगा, अगर सब पता होते हुए सरकार ने सब देखा है तो सरकार को सत्ता में नहीं रहना चाहिए।

## मेरठ में नाबालिग को नग्न घुमाया, सामूहिक दुष्कर्म

**जन एक्सप्रेस। मेरठ**

मेरठ जिले से एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। एक नाबालिग को नग्न घुमाने और उसके साथ सामूहिक बलात्कार की भयावह घटना के संबंध में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। पीड़िता की मां ने शिकायत में कहा है कि शाकिर नाम के व्यक्ति ने उनकी 16 वर्षीय नाबालिग बेटी को शादी का झांसा दिया। इसके बाद उसके साथ करीब 2 साल तक दुष्कर्म करता रहा। तीन महीने पहले शाकिर ने मिलने के लिए बुलाया। तीन साथियों के साथ मिलकर उसे पकड़ लिया और कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर जबरन पिला दिया।

## जनता की समस्याओं के समाधान में कोताही हरगिज न करें : सीएम योगी

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ**

सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को पांच कालीदास मार्ग स्थित अपने सरकारी आवास पर जनता दर्शन में आए 180 लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने इत्मीनान से सबकी समस्याएं सुनीं और उनके गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि हर पीड़ित के साथ संवेदनशील रवैया अपनाया जाए और उसकी समस्या का समाधान कर उसे संतुष्ट किया जाए। इसमें किसी भी



तरह की कोताही हरगिज न करें। सीएम योगी एक-एक करके सबके पास खुद गए और सभी की समस्याओं को विस्तार से जाना। उन्होंने सभी लोगों को आश्वस्त किया कि किसी को भी चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का समाधान कराया जाएगा। उन्होंने प्रार्थना पत्रों को विषयानुसार प्रशासन व पुलिस के अफसरों को हस्तगत करते हुए जरूरी निर्देश दिए। जनता दर्शन में कई लोग गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर आए थे। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज संबंधी इस्टीमेट की प्रक्रिया पूर्ण करते हुए जल्द शासन को उपलब्ध कराया जाए। हर जरूरतमंद को इलाज के लिए भरपूर सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

### शासन की टूटी नींद | मैनपुरी, अमेठी और झांसी के सैनिक स्कूलों में पढ़ रहे प्रदेश के विद्यार्थियों को अब मिलेगी स्कॉलरशिप

# धन्यवाद सीएम योगी, देर से सही सैनिक स्कूल के छात्रों की सुनवाई तो हुई

**जन एक्सप्रेस खबर का असर**

**डॉ.वैभव शर्मा**

- ❋ उत्तर प्रदेश सरकार ने 3 साल से नहीं दी है छात्रवृत्ति, स्कूल से निकलने की कगार पर आ गए थे बच्चे
- ❋ एक विद्यार्थी से करीब 1,62,000 शुल्क वसूला जाता है सैनिक स्कूल में, फीस जमा करना हो रहा था मुश्किल
- ❋ जन एक्सप्रेस ने तथ्यों और छात्रों के दर्द के साथ मामले को प्रमुखता से उठाया था, शासन ने लिया संज्ञान

**लखनऊ।** अमेठी, मैनपुरी और झांसी के सैनिक स्कूलों के छात्रों को अब स्कूल नहीं छोड़ना पड़ेगा। पिछले 3 साल से यूपी सरकार की ओर से मिलने वाली स्कॉलरशिप न मिलने की वजह से अभिभावकों को फीस जमा करने के लाले पढ़ रहे थे। जन एक्सप्रेस ने मामले को प्रमुखता से उठाया और छात्रों के साथ ही उनके माता-पिता को हो रही पीड़ा को शासन तक पहुंचाया। इसके बाद शासन की नींद टूटी। मामला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक पहुंचा, आनन-फानन में बजट स्वीकृत घर स्कॉलरशिप की व्यवस्था की गई। अब आर्थिक आय वर्ग के नियमानुसार



पड़ताल | जिस बात का डर था वही हुआ, फीस जमा न होने के कारण सैनिक स्कूलों से बच्चों को स्कूल के बाहर निकालने के मिल रहे नोटिस

खता सरकार की, सजा भुगत रहे सैनिक स्कूल के नौनिहाल

❋ मैनपुरी, अमेठी और झांसी के सैनिक स्कूलों को उत्तर प्रदेश शासन से लगातार 3 साल से नहीं मिली है छात्रवृत्ति

❋ छात्रवृत्ति न मिलने के कारण सीमित संसाधनों वाले परिवार नहीं जमा कर पा रहे हैं अपने बच्चों की फीस

❋ अभिभावकों द्वारा तमाम फरियाद और शिकायतों के बावजूद अभी तक जारी नहीं हुई है छात्रवृत्ति

❋ संबंधित सैनिक स्कूलों से लगातार फीस जमा करने के मिल रहे नोटिस, ऐसा न होने पर बच्चों को स्कूल से निकालने की मिल रही धमकी

क्या बच्चों के मन में सेना के प्रति लगाव कम नहीं होगा?

पिछले 3 साल से रुकी स्कॉलरशिप का भुगतान किया जाएगा। मैनपुरी, अमेठी और झांसी इन तीनों शहरों के सैनिक स्कूल में इस वक्त लगभग 12 सौ विद्यार्थी पढ़ रहे हैं। इनमें से अधिकतर निम्न और मध्य आय वर्ग परिवारों से आते हैं। सैनिक स्कूल के एक वर्ष का एक विद्यार्थी का खर्च लगभग 1,62,000 रूपये आता है। एक बच्चे की इतनी फीस अदा करना इन परिवारों के सामर्थ्य के बाहर है। छात्रवृत्ति न मिलने के कारण अब अपने बच्चों को सैनिक स्कूल में पढ़ाना इनके लिए चुनौती बन गया था। अब शासन ने उनके दर्द को महसूस कर लिया है। शासन के विशेष सचिव डॉ. रूपेश कुमार ने इस संबंध में पत्र जारी कर अमेठी, मैनपुरी और झांसी सैनिक स्कूल के प्रधानाचार्य को सूचित कर दिया है।उम्मीद है कि जल्द बच्चों के खातों तक स्कॉलरशिप पहुंच जाएगी।



| S.No. | Parents' Income per annum | Scholarship Rates | Type of Scholarship |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| (a) | Upto Rs 3,00,000/- | 100% Tuition fee | Full Scholarship |
| (b) | Rs 3,00,001/- to Rs 5,00,000/- | 75% Tuition fee | ¾ Scholarship |
| (c) | Rs 5,00,001/- to Rs 7,50,000/- | 50% Tuition fee | ½ Scholarship |
| (d) | Rs 7,50,001/- to Rs 10,00,000/- | 25% Tuition fee | ¼ Scholarship |





| S.No. | Parents' Income per annum | Scholarship Rates | Type of Scholarship |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| (a) | Upto Rs 3,00,000/- | 100% Tuition fee | Full Scholarship |
| (b) | Rs 3,00,001/- to Rs 5,00,000/- | 75% Tuition fee | ¾ Scholarship |
| (c) | Rs 5,00,001/- to Rs 7,50,000/- | 50% Tuition fee | ½ Scholarship |
| (d) | Rs 7,50,001/- to Rs 10,00,000/- | 25% Tuition fee | ¼ Scholarship |

#### 3 साल में 5 करोड़ रूपये हुई छात्रवृत्ति

सूत्रों के अनुसार मैनपुरी, अमेठी और झांसी के सैनिक स्कूलों को शासन से पिछले तीन साल से छात्रवृत्ति की रकम जारी नहीं की है। यह रकम लगभग 5 करोड़ रूपये है। छात्रवृत्ति न मिलने से एक ओर बच्चों की शिक्षा दांव पर लग रही थी वहीं, सैनिक स्कूलों की प्रतिष्ठा भी धूमिल हो रही थी। जबकि देनदारी उत्तर प्रदेश शासन स्तर पर थी। शासन ने अब अपनी भूल को सुधारा है।

#### अभिभावकों की बात मुख्यमंत्री तक पहुंच ही नहीं रही थी

मैनपुरी, अमेठी और झांसी के सैनिक स्कूलों को छात्रवृत्ति न मिलने का मामला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक पहुंच चुका था। अभिभावकों ने सीएम योगी को पत्र लिखकर अपना दर्द बयां किया था। दरअसल, मामला मुख्यमंत्री के संज्ञान में आ ही नहीं रहा था। अधिकारी अपने स्तर पर शिकायतों का निस्तारण दिखा देते थे। जन एक्सप्रेस की मुहिम का संज्ञान सीधे मुख्यमंत्री दफ्तर ने लिया। मुख्यमंत्री कार्यालय के विशेष हस्तक्षेप के बाद अमेठी, मैनपुरी और झांसी सैनिक स्कूलों को छात्रवृत्ति जारी करने की प्रक्रिया शुरू हुई।



सैनिक स्कूलों पर उत्तर प्रदेश सरकार का अत्याचार

मैनपुरी, अमेठी और झांसी के सैनिक स्कूलों में पढ़ रहे प्रदेश के विद्यार्थियों को सरकार ने 3 साल से नहीं दी है छात्रवृत्ति

❋ 1 वर्ष में एक विद्यार्थी से करीब 1,62,000 शुल्क वसूला जाता है सैनिक स्कूल में

❋ निम्न और मध्य आय वर्ग के विद्यार्थी पढ़ते हैं इन स्कूलों में, बच्चों को सैनिक स्कूलों से निकालने को मजबूर हो रहे माता-पिता

❋ लगातार तीन साल से छात्रवृत्ति न मिलने से चरमरा गई है सैनिक स्कूल में पढ़ रहे छात्रों के परिजनों की अर्थव्यवस्था

शासन ने नहीं दी है 5 करोड़ रूपये की छात्रवृत्ति

# पुरानी पेंशन बहाली समेत विभिन्न मुद्दों को लेकर शिक्षक करेंगे आन्दोलन

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ प्रांतीय नेतृत्व के निर्देशानुसार ब्लॉक इकाई रामनगर व मऊ में महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गयी। बैठ में शिक्षकों की 18 सूत्री मांगों पुरानी पेंशन बहाली, कैशलेस चिकित्सा, प्रतिकर अवकाश, उपार्जित अवकाश, राज्य कर्मचारियों की भांति द्वितीय शनिवार अवकाश, माध्यमिक शिक्षा परिषद की भॉति चयन वेतनमान एवं प्रोन्नति वेतन मान, आदि मॉगों के लिए प्रात्लीय नेतृत्व द्वारा चरणबद्ध निर्धारित आन्दोलनात्मक कार्यक्रम को अवगत कराया गया। 10 से 15 अगस्त के मध्य समस्त विधानसभा के जनप्रतिनिधयों, विधायक को ज्ञापन, सितम्बर को प्रत्येक जिले में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सांकेतिक प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री को सम्बोधित पत्र देना, सितम्बर माह के अन्तिम सप्ताह में शिक्षा निदेशालय बेसिक पर धरना प्रदर्शन। ब्लॉक अध्यक्ष शिवभूषण त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षक शासन के निर्देशानुसार हर कर्तव्यों का पालन करता है और उम्मीद भी करता है कि गैर शैक्षणिक एवं अनावश्यक कार्यों का बोझ न दिया जाये। यदि ऐसा होगा तो शिक्षक अपने हित एवं छात्रों के भविष्य के लिये आन्दोलनात्मक कदम उठाने के लिये तत्पर रहेगा। उन्होंने कहा कि हम एक ऐसे संगठन के पदाधिकारी हैं जो पूरे प्रदेश में बिना किसी डर के भ्रष्टाचार रहित




व्यवस्था का समर्थन करता है एवं शिक्षकों की लम्बित समस्याओं को पटल पर रखकर स्पष्ट लहजे से बात करता है। इसी प्रकार हम सबको अपने पदीय दायित्वों का निर्वहन करना चाहिये एवं आगामी कार्ययोजना का सभी पदाधिकारी भली भांति अध्ययन करलें ताकि समय समय पर शिक्षक हित के कार्य पूरी तनमयता से किये जा सके। संयुक्त मंत्री व्यासनारायण ने कहा कि बी आर सी स्तर पर प्रत्यावेदनों को समय से निस्तारित किया जाना चाहिये। अन्यथा कि स्तिथि में संगठन आदोंलन का रुख अपनायेगा। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक प्रवक्ता विराग शुक्ला ने किया। तहसील मुख्यालय मऊ में ब्लाक अध्यक्ष वीरभान की अध्यक्षता में बैठक हुई। बताया गया कि 10 से 15 अगस्त के मध्य मानिकपुर विधायक को ज्ञापन दिया जाएगा। इसके बाद चार सितम्बर को जिला बेसिक शिक्षाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। सितम्बर माह के अन्तिम सप्ताह में लखनऊ में धरना दिया जाएगा।

इस मौके पर प्रमोद द्विवेदी, संतोष मिश्रा, अनुराग पांडेय, सतीश सिंह, अजय त्रिपाठी, अरुण वर्मा, अमित श्रीवास्तव, रमाशंकर, मनीष द्विवेदी, सुधीर मिश्रा, शशिकांत, दुर्गेश, सर्वेश, अरुण कुमार आदि मौजूद रहे।

## महिलाओं के हित संरक्षण और अधिकारों की दी गयी जानकारी

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ एवं राष्ट्रीय महिला आयोग तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जिला जज विष्णु कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्ण कालिक सचिव अपर जिला जज फार्रुख इनाम सिद्दीकी ने गुरूवार को गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय, बेडी पुलिया में महिलाओं के हित संरक्षण व उनके अधिकारों के सम्बन्ध में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिकारी अपर जिला जज दीप नारायण तिवारी ने उपस्थित बालिकाओं, छात्राओं व महिलाओं से मोबाईल के प्रयोग में विशेष सावधानी बरतने का आह्वाहन किया। साथ ही छात्राओं को मन लगाकर कार्य करने एवं अपने माता-पिता के मार्गदर्शन में कार्य करने के विषय में बताया।



उन्होंने कहा कि जागरूकता के माध्यम से सदैव सतर्क रहकर अपने अधिकारों को प्राप्त कर सकते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्णकालिक सचिव अपर जिला जज फार्रुख इनाम सिद्दीकी ने बताया कि महिला अधिकारों के साथ उनके कर्तव्यों पर बल दिया। साथी ही उपस्थित महिलाओं व छात्राओं से विधिक जानकारी के इस ज्ञान से अन्य व्यक्तियों को भी लाभान्वित करने की अपील की। उन्होंने आह्वाहन किया कि कोई भी ज्ञान, कानून का सही प्रयोग होना चाहिए। ताकि सही व पात्र व्यक्ति उसका लाभ प्राप्त कर सके तथा कोई भी व्यक्ति उसका दुरूपयोग न करे। सदर तहसीलदार अमित कुमार त्रिपाठी ने बताया कि किसी भी गरीब, असहाय, निर्धन व्यक्ति को विधिक सहायता तहसील स्तर पर तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा उपलब्ध करायी जाती है। डॉ सुकृति कुशवाहा ने महिलाओं में होने वाले सर्वाईकल कैंसर के बचाव व लक्षण के बारे में विस्तार से बताया। महिला कल्याण अधिकारी प्रिया माथुर ने कन्या सुमंगला योजना, विधवा पेंसन, बाल सेवा योजना, रानी लक्ष्मीबाई योजना के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा वीके चैधरी, महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष डा आरके पाल, डा वंशगोपाल, डा सीमा कुमारी, नायब तहसीलदार कर्वी रामानन्द मिश्रा, हल्का लेखपाल राजेश कुमार, पैरालीगल वालेण्टियर ममता वर्मा, रामसागर, अरविन्द कुमार, अधिवक्ता हेमराज सिंह, पैनल अधिवक्ता दमयन्ती आदि मौजूद रहे।

## अपर मुख्य सचिव ने किया पेयजल समूह योजना का निरीक्षण



जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

अपर मुख्य सचिव पंचायती राज, कृषि उत्पादन आयुक्त, अवस्थापना औद्योगिक विकास आयुक्त उत्तर प्रदेश शासन मनोज कुमार सिंह ने गुरूवार को जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन रैपुरा पेयजल समूह योजना का स्थलीय निरीक्षण किया। अपर मुख्य सचिव पंचायती राज मनोज कुमार सिंह ने गुंता बांध में इंटेकबेल, अगरहुडा में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, फिल्टर हाउस, क्लोरिफिकेटर, केमिकल हाउस, विद्युत केन्द्र, वाटर सप्लाई आदि का निरीक्षण किया। साथ ही पौधारोपण भी किया। उन्होंने कार्यदाई संस्था जीबीपीबीआर के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देश दिए कि माइंड पावर बढ़ाकर कार्यों को तेजी से कराया जाए। अपर मुख्य सचिव ने अगरहुडा ग्राम के कनेक्शन धारकों से पेयजल सप्लाई के बारे में जानकारी भी की। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बताया कि इस परियोजना से अभी 10 गांव में सप्लाई कराई जा रही है। शेष गांव में पाइप लाइन कनेक्शन का कार्य चल रहा है। पाठा के सभी गांव में इस परियोजना से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। पाठा जलकल योजना से भी अभी मानिकपुर में सप्लाई कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि पेयजल योजना के निर्माण की समीक्षा प्रत्येक माह की जा रही है। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे सुनंदू सुधाकरण, जिला पंचायत राज अधिकारी कुमार अमरेंद्र, अधिशासी अभियंता जल निगम संजय कुमार, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सुधीर कुमार, अपर जिला पंचायत राज अधिकारी रमेश चंद गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# वैश्य प्रतिनिधि सम्पूर्ण क्षेत्र का निष्पक्षता से कराएंगे विकास : विवेक अग्रवाल

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन के तत्वाधान में चित्रकूट धाम नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल एवं जिला सहकारी फेडरेशन के अध्यक्ष योगेश जैन का सम्मान समारोह जिला मुख्यालय में मनाया गया। कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय फेडरेशन के सचिव शिव कुमार सोनी एवं संरक्षक विनोद कुमार मौजूद रहे। संगठन के अध्यक्ष विवेक अग्रवाल ने कहा कि चित्रकूट को एक साथ तीन वैश्य पदाधिकारी मिले हैं, जो एक साथ मिलकर के अपने क्षेत्र में ऐसा कार्य करेंगे जो वर्षों तक याद रखा जाएगा। चित्रकूट धाम नगर पालिका के अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चित्रकूट के विकास के लिए हर तरह से प्रयासरत हैं। हम लोग चित्रकूट और नगर के समुचित विकास के लिए नई



योजनाएं बनाकर भेज रहे हैं। जिससे चित्रकूट एक सुंदर चित्रकूट, विकसित चित्रकूट, दर्शनीय चित्रकूट के रूप में लोगों के सामने आने वाले सालों में स्थित हो जाएगा।

कामदगिरि परिक्रमा का मार्ग समेत सम्पूर्ण चित्रकूट नगर क्षेत्र का समुचित विकास कराया जाएगा। उन्होंने चित्रकूट के लिए कई योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि क्षेत्र की सभी समस्याओं का क्रमबद्ध तरीके से स्थाई निराकरण करा दिया जाएगा। जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने कहा कि किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए उन्हें सभी सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा, उन्हें बैंक से ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने व्यापारियों से गुजारिश की कि वे सहकारी बैंक में अपना खाता खुलवाएं और उसकी सुविधाओं का लाभ लें। व्यापारियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने पाएगी। उन्होंने सहकारी बैंक को पूर्ण रूप से विकसित किए जाने की बात कही। योगेश जैन ने किसानों के लिए बेहतर से बेहतर सुविधा मुहैया कराने की बात कहीं।

कार्यक्रम में चित्रकूट जनपद के सभी नगर पालिका एवं पंचायत सभासदों का स्वागत किया गया। नगर पालिका सदस्य शुभम केशरवानी, कान्हा केशरवानी, अनुज निगम, शैलेंद्र सोनी, शकुंतला गुप्ता, शंकर दयाल जायसवाल एवं रमन मोदनवाल का स्वागत किया गया। आभार संगठन के कोषाध्यक्ष संजय अग्रवाल एवं कार्यक्रम का संचालन केशव शिवहरे ने किया।

इस मौके पर डॉ सीताराम, डॉ सुधीर अग्रवाल, राहुल गुप्ता, देवेश जैन, सुभाष अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, गिरीश अग्रवाल, एमपी जयसवाल, महेंद्र केशरवानी, अशोक केशरवानी, ओम केशरवानी, गोपी किशन अग्रवाल, सरयू प्रसाद सोनी, विनोद गुप्ता, मीडिया प्रभारी गणेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### महर्षि बाल्मीकि आश्रम में बनेगा भव्य संग्रहालय, हुआ भूमि पूजन



जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। मानिकपुर तहसील अंतर्गत रैपुरा थाना क्षेत्र में स्थित महर्षि वाल्मीकि आश्रम में वाल्मीकि संग्रहालय का भव्य भूमि पूजन हुआ। पर्यटक अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव ने बताया कि 12 करोड 85 रुपए में संग्रहालय बनाकर तैयार करना है। बाल्मीकि जी के जीवन पर आधारित चलचित्र, मूर्ति व वाल्मीकि सम्बन्धी यादगार संग्रहालय में लगाए जाएंगे। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, उप जिलाधिकारी मानिकपुर रामजन्म यादव, रैपुरा थाना प्रभारी अखाड़ा के महंत रामजन्म दास, भारत भूषण शुक्ला, तिलक त्रिवेदी, ग्राम प्रधान केदारनाथ यादव, वन विभाग के वन दरोगा फूलचंद, रामकेश यादव, रज्जन तिवारी, शत्रुघ्न तिवारी आदि मौजूद रहे।

### यातायात पुलिस ने यातायात नियमों के प्रति छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। सड़क सुरक्षा पखवाडा के परिप्रेक्ष्य में गुरूवार को पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देशन में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के क्रम में यातायात प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार, टीएसआई शैलेन्द्र सिंह एवं यातायात पुलिस द्वारा राजकीय महाविद्यालय मानिकपुर में प्रदेश में बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए यातायात जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी एवं पालन करने के लिए बताया। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि अपने परिजनों से यातायात नियमों का पालन करने के लिए बताए। दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने के लिए बताएं। वाहन चलाते समय फोन का प्रयोग न करे। बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलाए। 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने के पश्चात अपना ड्राइविंग लाइसेंस अवश्य बनवाये। साइकिल व वाहन से स्कूल आते समय हमेशा अपने बायीं ओर चले एवं सावधीनपूर्वक वाहन चलाए। इस मौके पर कॉलिज के प्राचार्य दुर्गेश शुक्ला, अन्य शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## आठ अभियुक्तों के विरूद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में बहिलपुरवा थाना प्रभारी विजय बहादुर यादव द्वारा जनता में भय आंतक फैलाकर गुण्डा गर्दी करने वाले अशोक पुत्र श्रीपाल मवासी, गया पुत्र लच्छी मवासी, बालक पुत्र दुन्नी मवासी, गुड्डू मवासी पुत्र हीरालाल निवासीगण पुराना बहिलपुरवा, कमलेश पुत्र शिवपाल रैदास निवासी बड़ी मड़ैयन, मानसिंह पुत्र ब्रजभूषण, प्रदीप पुत्र बृजभूषण व सुजीत पुत्र ब्रजभूषण निवासीगण नयापुरवा मजरा रूक्मां बुजुर्ग के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी।

# पीएम मोदी द्वारा किसान सम्मान निधि वितरण कार्यक्रम का देखा सीधा प्रसारण

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट

सीकर राजस्थान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसान सम्मान निधि की 14वीं किस्त किसानों के खाते में भेजे जाने के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जिले के सभी उर्वरक बिक्री केन्द्रों में किसानों को दिखाया गया। साथ ही विशेषज्ञों द्वारा किसानों को रासायनिक उर्वरकों के उचित प्रयोग की सलाह दी गई और तरल उर्वरकों नैनो यूरिया, नैनो डीएपी आदि के महत्व के बारे में बताया गया।

कर्वी में कृषि भवन में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे, ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी ने प्रतिभाग किया और सजीव कार्यक्रम को किसानों के साथ देखा।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि पीएम मोदी की योजनाएं किसान हितों के लिए समर्पित हैं। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक राज कुमार, जिला कृषि अधिकारी आर पी शुक्ल व कृषि विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। विकासखंड मऊ में आनंदी खाद एवं बीज भंडार पर काफी संख्या में किसानों ने सजीव प्रसारण देखा। इस अवसर पर उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी मऊ डॉ चरन सिंह उपस्थित रहे।




राजापुर में साईं खाद एवं बीज भंडार के उर्वरक बिक्री केन्द्र पर कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया।

इसी प्रकार राजापुर के कुसेली गाँव में कृषि विज्ञान केंद्र गनीवां द्वारा श्री अन्न के उत्पादन व मूल्य संवर्द्धन विषयक कृषक जागरूकता एवं किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वैज्ञानिकों ने खरीफ में श्री अन्न के उत्पादन के गुर किसानों को बताए। कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक राज कुमार ने किसानों को श्री अन्न के महत्व के बारे में बताया। कहा कि कृषि विभाग द्वारा किसानों को श्री अन्न जैसे साँवा कोदो रागी ज्वार बाजरा आदि के बीज वितरित किए गए जा रहे हैं जो जिले के नौ बीज गोदामों पर उपलब्ध हैं।

श्री अन्न के बनाए व्यंजन की प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें भौना सिंह को मिलेट्स के 16 व्यंजन बनाने पर प्रथम पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के मुख्य वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ चंद्रमणि त्रिपाठी, डॉ ममता त्रिपाठी व डॉ विजय गौतम ने किसानों को मिलेट्स के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी।


उत्तर रेलवे

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ-उ. रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ. रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 20415-SLR-F2-BSB-INDB-22-3(Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 26.07.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 11.08.2023 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि एवं समय | 11.08.2023 समय 12:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 12184-SLR-R1-PBH-BPL-23-1(Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 26.07.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 11.08.2023 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि एवं समय | 11.08.2023 समय 12:40 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14262-SLR-F2-LKO-GAYA-23-1(Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 26.07.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 11.08.2023 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि एवं समय | 11.08.2023 समय 12:50 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14262-SLR-R1-LKO-GAYA-23-1(Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 26.07.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 11.08.2023 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि एवं समय | 11.08.2023 समय 13:00 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 20415-SLR-R1-BSB-INDB-23-1(Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 26.07.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 11.08.2023 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि एवं समय | 11.08.2023 समय 13:10 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 22184-SLR-F2-AYC-LTT-23-1(Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 26.07.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 11.08.2023 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि एवं समय | 11.08.2023 समय 13:20 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 22417-SLR-F1-BSB-NDLS-22-6(Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 26.07.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 11.08.2023 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि एवं समय | 11.08.2023 समय 13:30 बजे |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14262-SLR-F1-LKO-GAYA-23-1(Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 26.07.2023 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 11.08.2023 समय 12:00 बजे |
| नीलामी बन्द करने की तिथि एवं समय | 11.08.2023 समय 13:40 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

2306/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# अधिकारियों को त्योहार से सम्बंधित तैयारियों का दिया दिशा निर्देश

जन एक्सप्रेस | फतेहपुर

जनपद की परियोजनाओं में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मुख्य सेविका के पद पर पदोन्नति का नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा, जिलाधिकारी श्रुति की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जनपद की परियोजना में कार्यरत आठ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों विकास खण्ड तेलियानी, ऐराया, विजयीपुर, हसवा व धाता के आंगनबाड़ी केंद्रो की मुख्य सेविका को नियुक्ति पत्र दिया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने मुख्य सेविकाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप लोग पूरे सिस्टम की रीड़ हैं क्योंकि बच्चों का भविष्य आपके हाथ में हैं। सभी प्रकार की स्वास्थ्य सुविधाओं की सेवाओं की जानकारी देते हुए उनकी निगरानी करना कर्तव्य है। एक साकारात्मक सोच के साथ में कार्य करें। आप नीचे से उठकर ऊपर आई हैं। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के साथ अपना अनुभव साझा करते हुए कार्य करें। समय के साथ में विभाग का कार्य डिजिटलीकरण हो रहा है। उसको सीखे और अपने को आधुनिकता से जोड़कर काम करें। भाजपा जिलाध्यक्ष ने मुख्य सेविकाओं को शुभकामनाए देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। कहा कि आपकी मेहनत व कठिन परिश्रम से कार्य करने का परिणाम है कि आप पदोन्नति होकर मुख्य सेविका का पद मिल रहा है। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को कार्य करने में किस प्रकार की समस्या आती है।

### मोहर्रम त्योहार के चलते पुलिस महानिरीक्षक ने किया भ्रमण

जन एक्सप्रेस/फतेहपुर। मोहर्रम त्योहार के चलते पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन ने कोतवाली खागा तथा सदर कोतवाली क्षेत्रो के प्रमुख स्थानो मे भ्रमण करके स्थिती का जायजा लिया। जहॉ लोगो से शान्ति और सौहार्द के साथ त्योहार मानने की अपील किया। वही अधीनस्तो को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज परिक्षेत्र चंद्र प्रकाश, अपर पुलिस महा निदेशक प्रयागराज जोन भानुभास्कर ने पुलिस अधीक्षक सहित तमाम पुलिस के अधिकारियो के साथ आगामी मोहर्रम त्योहार से सम्बन्धित तैयारियो को जायजा लिया और सदर कोतवाली क्षेत्र के बाकर गंज, शिवाला, कबाडी मार्केट, कस्बा सहित अनेक क्षेत्रो का भ्रमण किया।

## गुलाबी गैंग की सैकड़ो महिलाओं ने किया धरना-प्रदर्शन, दिया ज्ञापन



जन एक्सप्रेस | फतेहपुर

गुलाबी गैंग लोकतान्त्रिक अध्यक्ष हेमलता पटेल के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाएं कलेक्ट्रेट पहुँची और मणिपुर हिंसा महिला अत्याचारों के विरुद्ध जमकर नारेबाजी करते हुए आवाज बुलंद किया। हिंसा रोकने में असमर्थ मणिपुर राज्य सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाए जाने की प्रमुख मांग को लेकर राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया। संगठन की अध्यक्ष हेमलता पटेल नें कहा कि मणिपुर राज्य में जिस प्रकार से महिलाओं के साथ बर्बरतापूर्ण अमानवीय कृत्य किया जा रहा है। वह देश के लिए बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण व निंदनीय है ऐसा कृत्य करने वाले जघन्य अपराधियों को फांसी दिया जाय और मणिपुर राज्य सरकार जो पूरी तरह से असफल है हिंसा रोकने व महिलाओं को सुरक्षा देने में ऐसी सरकार को बर्खास्त कर मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगाया जाय। ज्ञापन में जिले के भी मुद्दे गंभीरता से उठाये गये कि बिजली आपूर्ति व नहरो में पानी की आपूर्ति किया जाय ताकि बारिश के आभाव में परेशान किसानों की फसल न सूखे इसी के साथ बिन्दकी ललौली व बहुआ गाजीपुर असोथर आदि जिले की सभी खस्ताहाल सड़को को ठीक कराया जाय व बाँदा मार्ग में संचालित अवैध जिंदपुर टोल प्लाजा बंद किया जाय एवं जिले में पुलिस थानों में पुलिस हीलाहवाली न करें महिलाओं व आम जनमानस की सुनवाई किया जाय, न्याय दिलाया जाय। अध्यक्ष हेमलता पटेल नें बताया कि यदि मांगो व समस्याओं का निराकरण शीघ्र नहीं हुआ तो अनिश्चित कालीन धरना-प्रदर्शन करने हेतु बाध्य होंगे। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व शासन-प्रशासन का होगा। इस दौरान सरला सिंह, उर्मिला, मधू पटेल, संयोगिता, राजरानी, प्रीती, शहरून, कमला, रंजना, सुधा, विमला, रानी, संजना, गंगाविशुन, रेखा, आरती आदि मौजूद रहीं।

# सावन मास में तेज धूप से खरीफ की फसल नष्ट होने की कगार पर

जन एक्सप्रेस | फतेहपुर

मौसम की बेरुखी ने किसानों की धड़कनों को बढ़ा दिया है। सावन माह मे मई-जून की धूप से किसानो के दिलो की धड़कने तेज होती जा रही है। बरसात न होने से खरीफ फसलों का आच्छादन विलंबित है। धान की रोपाई भी अभी पूरी तरह से नहीं हो पा रही है। नहरों में टेल तक पानी न पहुंचने, महंगी सिंचाई एवं पर्याप्त बिजली की आपूर्ति न होने से किसानों की समस्या और बढ़ी हुई है। जनपद गंगा-यमुना के दोआबा में बसा है लेकिन यहां किसानों की समस्याएं कभी भी कम नहीं रही हैं। असमय ओलावृष्टि, अतिवृष्टि एवं सूखे के शिकार किसान होते रहे हैं। तो नहरों में पर्याप्त पानी न आने, सरकारी नलकूपों की दगाबाजी तो आसमान छूते डीजल के दामों के चलते महंगी सिंचाई करने के लिए किसान सदा ही मजबूर रहा है। जुलाई महीने में निर्धारित सामान्य वर्षा 278.40 मिमी.के सापेक्ष केवल 33 फीसदी ही बारिश हुई है। धान की रोपाई 81559हे. के सापेक्ष 65472हे. ही हो सकी है। जिस तरह से भरी बरसात के दिनों में मई-जून की तपन हो रही है। खेत सूखे पड़े हुए



हैं तो जिन खेतों में धान की नर्सरी रोपी जा चुकी है उसे भी बचाने के लाले किसानों को पड़ रहे हैं। इसी के साथ ज्वार, बाजरा, उर्द, मूंग, अरहर एवं तिल के लक्ष्य को भी अब तक पूरा नहीं किया जा सका है। तेज गर्मी के चलते किसानों को बोई गई नर्सरी को भी बचाने के लाले पड़ रहे हैं। जबकि जिन फसलों की रोपाई हो चुकी है उन्हे निजी संसाधनों के अलावा पानी की बड़ी समस्या सामने खड़ी है। निजी संसाधनों से जो धान रोपा जा रहा है उसे भी तेज गर्मी के चलते बचाने में दिक्कत हो रही है। पानी की पर्याप्त व्यवस्था ना होने, सिंचाई संसाधन नाकाफी हैं।



janexpressnews janexpresslive janexpresslive

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस। लखनऊ। शुक्रवार। 28 जुलाई 2023



**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण दिनांक 26-30 जुलाई 2023 को मेघ गर्जना एवं बज्रपात के साथ हल्की बर्षा होने की संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 36.0 (+0.6)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 27.6 (+2.6)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 79 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 49 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 5.1 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा : उत्तर-पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

## फास्ट फॉरवर्ड

### स्पेशल कम्पोनेन्ट के लिए इच्छुक अभ्यर्थी करें आवेदन

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ के आधीन राजकीय सामुदायिक फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र कबीर भवन जी.टी.रोड कानपुर नगर द्वारा संचालित स्पेशल कम्पोनेन्ट के अन्तर्गत केवल अनुसूचित जाति के अभ्यार्थियों के लिए 100 दिवसीय स्वरोजगार परक उधभित विकास खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत सन् 2023-2024 के लिए खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने के लिए इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। राजकीय फल संरक्षण केंद्र कबीर भवन जीटी रोड के प्रभारी वी.के. मिश्रा ने बताया कि यह विशेष कार्यक्रम केवल अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों के लिए चलाया जा रहा है।जिसमें हाईस्कूल उत्तीर्ण ऐसे अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं जिनकी आयु 1 जुलाई 2023 को न्यूनतम 18 वर्ष की है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के लिए उपलब्ध 30 सीटों पर आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 16 अगस्त है तथा इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन पत्र किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से निशुल्क प्राप्त कर सकते हैं वहीं प्रति अभ्यर्थी ?300 प्रशिक्षण शुल्क निर्धारित है।

### सेनानी देश की धरोहर अपना धर्म निभाया: महापौर

सुंदरी कृत सेनानी सदन का लोकार्पण

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। बीते दिन 27 जुलाई को स्वतंत्रा संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के तत्वाधान में कानपुर नगर की महापौर प्रमिला पांडे ने सेनानी सदन कचहरी रोड के सुंदरीकरण का लोकार्पण किया तथा बताया कि उन्होंने ऐसा करके अपना धर्म निभाया है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वीके सिंह स्वतंत्रता सेनानी संरक्षक उत्तराधिकारी संगठन ने की सभा का संचालन अशोक कुमार दीक्षित ने किया मुख्यता सेनानी परिवार समिति के प्रदेश अध्यक्ष हरिराम गुप्ता नगर अध्यक्ष सत्येंद्र सिन्हा एवं दिलीप सिंह बागी विशेष रूप से उपस्थित रहे। एवं उत्तराधिकारी के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी, पदमकांत गुप्ता, अनिल कुमार शुक्ला, कार्यालय प्रभारी पवन मिश्रा, बृजेश सैनी, राजेश बाजपेई, सिद्धनाथ गौर, चंद्रभान सिंह गौर,निशा मिश्रा, नेहा दिक्षित,बीना शुक्ला, मीना सिंह, मोहम्मद रियाज, सुशीला निगम, मीनू तिवारी, मीना सिंह, डॉक्टर संजीव सचान विपुल गुप्ता, लव गुप्ता, मनु मिश्रा, चंद्रभान गौर, राजेंद्र सिंह भदौरिया, अवध बिहारी अवस्थी, डॉक्टर समरदीप पांडे, तेजभान सिंह आदि का कार्यक्रम के आयोजन में विशेष योगदान रहा।

### शातिर दुराचारी को रायपुरवा पुलिस ने किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। मलिन बस्तियों में निवास करने वाली गरीबी व बदहाली में रहते हुए जिंदगी बिताने वाली युवतियों को लालच देते हुए अपने प्रेम जाल में पहले फसाने के बाद में उनका दैहिक शोषण करने में पारंगत इरफान उर्फ राजा को थाना रायपुरवा के पुलिस दल ने थाना क्षेत्र में स्थित तलवा मंडी की एक दुकान के सामने से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार 30 वर्षीय दुराचारी ने अपने अब तक के जीवन काल में ऐसे अनगिनत संगीत दुराचार से संबंध अपराध किए। किंतु अपने शातिर आनंद आज के कारण वह स्वयं को पुलिस से बचाने में कामयाब रहा किंतु थाना रायपुरवा के थाना अध्यक्ष अमन सिंह, जय सिंह, पंकज कुमार व राम सजीवन आदि ने उसे पकड़कर मुकदमा संख्या 69/2023 धारा 376 504, व एससी एसटी एक्ट की धारा में निरूध करके जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया। पुलिस के अनुसार यह कुख्यात दुराचारी गुरुबनउल्ला पार्क डिप्टी पड़ाव का वासी है।

### आयकर विभाग की ज्वाइंट कमिश्नर से एक लाख की ठगी

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। आयकर विभाग में तैनात ज्वाइंट कमिश्नर स्तर की महिला अधिकारी के साथ साइबर अपराधियों के द्वारा एक लाख की ठगी करने का मामला सामने आया है।डाली। कोतवाली में मामला दर्ज कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार आयकर विभाग में प्रधान उपायुक्त प्रीति जैन को उनके मोबाइल पर व्हाटस एप्प पर प्रधान आयुक्त आयकर शिशर झा का मैसेज आया था। शुरूआत में घर और आफिस के हाल चाल लेते हुए मैसेज किया वे एक टूर ट्रिप पर है अचानक उन्हें पैसों को जरूरत पड़ गयी है। व्हाटएस पर शिशर झा की फोटो लगी थी और टैग में उनका नाम और पद लिखा था जिसके चलते प्रीति जैन झांसे में आ गयी। कुछ ही देर में गिफ्ट वाउचर के लिये ऑनलाइन करीब एक लाख रूपया ट्रान्सफर कर दिया। एक वाउचर फेल दिखाने पर करीब दो घंटे बाद महिला अधिकारी ने शिशर झा को फोन करके बताया कि टेक्नीकली एक वाउचर फेल दिखा रहा है तो अफसर ने इस बाबत पूंछा तो तब जाकर जानकारी हुई कि प्रधान आयकर अधिकारी की डीपी लगाकर महिला अधिकारी के साथ ठगी की गयी है। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### जीआरपी ने फूंका 10 लख रुपए का नशीला पदार्थ

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। शहर में जब्त किए गए नशीले पदार्थों को जलाने का काम जीआरपी ने शुरू कर दिया है। बीते दिन गुरुवार को कानपुर सेंट्रल स्टेशन के कैंट साइड एरिया में गांजा और नशीला पाउडर जीआरपी ने जलाकर नष्ट किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी व एक स्वतंत्र गवाह भी मौजूद रहे। नष्ट किए गए माल की कीमत 10 लाख रूपये बताई जा रही है। ज्ञातव्य हो की उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार जब्त किए गए नशीले पदार्थों को नष्ट किया जाने के कार्य को पूरा किया गया है। जीआरपी थाना प्रभारी रामकृष्ण द्विवेदी ने बताया कि जब्त किए गए 199 मामलों में तकरीबन 60 किलो गांजा और 10 किलो नशीला पाउडर जलाकर नष्ट किया गया है। नष्ट किए गए माल की कीमत तकरीबन 10 लाख रुपए बताई गई।उन्होंने बताया की निर्देशानुसार क्षेत्राधिकारी और एक स्वतंत्र गवाह की मौजूदगी में गांजा और नशीला पदार्थ नष्ट किया गया है। उन्होंने बताया कि मालखाने में यह पदार्थ काफी दिनों से पड़े हुए थे। इसलिए इन्हें माननीय उच्चतम न्यायालय की गाइडलाइन के अनुसार नष्ट कर दिया गया।

### मणिपुर हिंसा के खिलाफ जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन




जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। राष्ट्रीय आदिवासी एकता परिषद के बैनर तले गुरुवार को आदिवासी समाज के लोगों ने जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा है। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रहे प्रदेश अध्यक्ष छेदी खोटे ने कहा कि हमारी एकता परिषद के आवाहन पर आज देश के 550 जिलों के अंदर आदिवासी समाज प्रदर्शन कर रहा है। मणिपुर में हुई हिंसा व महिलाओं के साथ की गई अभद्रता के खिलाफ आदिवासी समाज आक्रोशित हैं। और वह न्याय चाहता है। केंद्र की सरकार यूसीसी के मुद्दे को लाकर अनुसूचित जाति जनजाति तथा पिछड़ा आयोग के साथ-साथ मुस्लिम समाज को भी बरगलाने का प्रयास कर रहा है। इन लोगों ने कहा कि अगर अभी भी केंद्र सरकार मणिपुर सरकार को बर्खास्त में नहीं करेगी और वहां पर राष्ट्रपति शासन नहीं लगाएगी तब वह लोग भारत बंद का आवाहन करेंगे तथा हाईवे जाम कर अपना विरोध प्रदर्शित करेंगे।

### जलभराव से परेशान जनता ने पार्षद पति को बनाया बंधक।

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। कल्याणपुर के बारासिरोही की जामुन वाली गली में जनता ने यह पार्षद पति दिनेश पासवान को बंधक बना लिया और मां दुर्गा हॉस्पिटल वाली रोड पर जाम लगाकर नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी की। लोगों का आरोप है कि पिछले कई दिनों से इलाके में भीषण जलभराव है। विधायक, अफसर से लेकर पार्षद तक जब स्थानीय लोग शिकायत कर थक गए तो गलियों में घूम रहे पार्षद पति को ही पकड़ बंधक बनाकर बजबजाते पानी के बीच बैठा दिया। सीवर के पानी में पार्षद को बैठाने के बाद स्थानीय लोगों ने नारेबाजी कर अपना गुस्सा जताया। बहुत मिन्नतों के बाद इन्हें वार्निंग देकर छोड़ा इलाकाई लोग जाम लगाकर मौके पर कल्याणपुर विधायक और नगर आयुक्त को बुलाने की मांग कर रहे थे। इसके बाद भी नगर निगम अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचे तो लोगों ने न्यू शिवली रोड को ही जाम कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझा-बुझाकर कर सड़क को खाली कराया।

# बार एसोसिएशन का चुनाव 22 अगस्त को, 89 प्रत्याशियों ने कराया नामांकन

जन एक्सप्रेस। विनीत सिन्हा




कानपुर नगर। कानपुर में दो दिनों तक चली नामांकन प्रक्रिया में 21 सदस्यीय कार्यकारिणी के लिए कुल 89 प्रत्याशियों ने नामांकन कराया है।

**22 अगस्त को मतदान होंगे**

22 अगस्त को 6098 मतदाता डीएवी डिग्री कॉलेज मतदान करेंगे।नामांकन के बाद एल्डर्स कमेटी के साथ ज्वाइंट सीपी आनंद प्रकाश तिवारी ने बैठक कर मतदान के लिए तारीख तय कर दी है। नामांकन प्रक्रिया खत्म होने के बाद ज्वाइंट सीपी आनंद प्रकाश तिवारी बार एसोसिएशन पहुंचे और एल्डर्स कमेटी के साथ बैठक की। दोनों पक्षों ने विचार-विमर्श के बाद 22 अगस्त की तारीख पर सहमति जताई।

**21 सदस्यीय कार्यकारिणी के लिए ये प्रत्याशी मैदान में**

**अध्यक्ष:** दिनेश कुमार शुक्ला, प्रमोद कुमार द्विवेदी, रामेंद्र सिंह कटियार, पीयूष अवस्थी, गिरधर द्विवेदी, नसीरुद्दीन
**महामंत्री:** आदित्य कुमार सिंह, पवन कुमार तिवारी, देवेंद्र कुमार शर्मा, सुशील कुमार सिंह, रामजी दुबे, प्रशांत कुमार बाजपेई
**वरिष्ठ उपाध्यक्ष:** कुलदीप कुमार सक्सेना, धीरेंद्र कुमार शुक्ला, सोनल पाठक, कमल किशोर पांडे, संजीव कुमार दुबे, विजय शंकर रावत, दीपक शर्माकनिष्ठ, अनिल कुमार शुक्ला,
**उपाध्यक्ष:** धीरेंद्र सिंह सेंगर, अमर सिंह निषाद, विकास कुमार गौड़, शिवप्रताप सिंह चौहान, संजीव कनौजिया, विनोद कुमार शुक्ल, अविनाश मिश्रा
**मंत्री:** कृष्णकांत तिवारी, बीरेंद्र कुमार पासी, मो.तौहीद, शिशिर कुमार पांडे, रीना कटियार
**संयुक्त मंत्री प्रशासन:** शेखर सिंह तोमर, विवेक सिंह, विकास कुमार शुक्ला, अभिलाष मिश्रा, नरेंद्र कुमार प्रजापति, धर्मेंद्र गुप्ता
**संयुक्त मंत्री प्रकाशन:** राहुल गुप्ता, प्रतीक शुक्ला
**कोषाध्यक्ष:** नागेश चंद्र त्रिपाठी, जितेंद्र सिंह कटियार, कमल कुमार वर्मा, मनोज कुमार गौतम, अनीता पांडे, श्याम कुमार दीक्षित
**संयुक्त मंत्री पुस्तकालय:** अजय भदौरिया, पंकज दीक्षित, अनिल बाबू चौधरी, प्रीती त्रिपाठी, मोहित दुबे
**कनिष्ठ कार्यकारिणी:** रोहित शुक्ला, सौरभ सिंह, विनय कुमार मिश्रा, कल्पना कुमार, त्रिपुरेश तिवारी, वत्सल सिंह, जगत बिहारी कौशल, प्रदीप कुमार, शांतनु तिवारी, प्रतीक शर्मा, इंतजार हुसैन, कंचन गुप्ता, अरविंद यादव, शिवम गुप्ता, सुजीत गौड़, मुकेश यादव, आदित्य कुमार अग्निहोत्री, सुषमा कांजीलाल, विजय कुमार उपाध्याय
**वरिष्ठ कार्यकारिणी:** कौशल किशोर उपाध्याय, वेद प्रकाश पांडे, राजेश कुमार सिंह, श्याम सुंदर गौड़, राकेश कुमार कुशवाहा, सत्येंद्र शुक्ला, अशोक कुमार त्रिवेदी, प्रवीण कुमार वाजपेई, राजेश चंद्र बाथम, सुरेश चंद्र तिवारी, आनंद कुमार सविता, मुहम्मद मोनिस खां, विजय प्रकाश, विजय बख्शी, शारदानंद शर्मा, आनंद कुमार वर्मा, ऊदल सिंह, सौरभ वर्मा, प्रदीप कुमार बाल्मीकि।

## ग्राहकों की जरूरत के मुताबिक उत्पाद पेश करें कंपनियॉ

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर




कानपुर। कंपनियों को अपने ग्राहकों की जरूरत के मुताबिक उत्पाद पेश करने चाहिये। यह बात सी. आई. आई. की राष्ट्रीय आई.सी.टी.आई. समिति के अध्यक्ष विनोद शर्मा ने कही। वह सिविल लाइंस स्थित आयोजित वैल्यू मैजिक्स व मिक्सोलाजी सत्र को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने ग्राहकों के लिये लागत को मूल्य में बदलने की रणनीति पर चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान उद्यमियों ने जाना कि ग्राहकों को कैसे लम्बे समय तक संतुष्टि दी जा सकती है। इस अवसर पर सी. आई.आई. के प्रदेश अध्यक्ष व गोल्डी मसाले के प्रबंध निदेशक आकाश गोयनका ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम यह समझने में मदद करते हैं कि ग्राहकों को उत्पादों और सेवाओं से कैसे सर्वाधिक संतुष्ट किया जा सकता है। कानपुर जोन के अध्यक्ष विकास जायसवाल ने कहा कि यह सत्र उद्यमियों को नई दिशा देगा। साथ ही यह समझ भी देगा कि ग्राहक हमसे क्या चाहते हैं। कानपुर जोन के उपाध्यक्ष विकास मेल्होत्रा ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी बाजार में ग्राहक के लिये पड़ने वाली लागत पर ध्यान देना जरूरी है । इस अवसर पर कानपुर के पूर्व अध्यक्ष अजय लोहिया भी उपस्थित रहे।

## आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मुक्ता मंच से छपेली व घसियारिन नृत्य हुआ आयोजन



**बी.बी.एल. स्कूल के बच्चों ने रानी लक्ष्मीबाई के जीवन पर आधारित दी प्रस्तुति**

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, प्रयागराज द्वारा एवं उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड के सहयोग से आजादी के अमृत महोत्सव की थीम पर सांस्कृतिक गर्व के अंतर्गत किला और कहानियां की श्रृंखला में बीते दिन गुरूवार बिठूर के नाना राव पार्क किलें में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम यह दूसरे दिन का शुभारंभ मुख्य अतिथि सचिन सूबेदार ने दीप प्रज्वलित करके किया। तालियों की गड़गड़हट के बीच बी.बी.एल. स्कूल के बच्चों ने रानी लक्ष्मीबाई के जीवन पर आधारित प्रस्तुतियां देकर वहां पर बैठे दर्शकों का मन मोह लिया। घसियारी लोकनृत्य की प्रस्तुति देकर कलाकारों ने समां बाध दिया। मध्य प्रदेश का मटकी नृत्य लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। इसके बाद अगले कार्यक्रम के रूप में उत्तराखंड द्वारा छपेली व घसियारिन नृत्य तथा राकेश गांगुली (हरियाणा) द्वारा फाग, घूमर एवं पनिहारी नृत्य की प्रस्तुति दी गई। गणगौर ,दिवारी, पाई डंडा लोकनृत्य की प्रस्तुति ने खूब तालियां बटोरी। इस अवसर पर केंद्र के अधिकारी व कर्मचारी सहित काफी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

## छात्रा की तहरीर पर कल्याणपुर कोतवाली में तीन आरोपियों पर बलात्कार का मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



शहर के कल्याणपुर थाना क्षेत्र में रहने वाली इंटर की छात्रा से रेप के आरोप में तीन लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस छानबीन में जुटने की बात कह रही है। पीड़िता छात्रा ने दर्ज कराई एफआईआर में दर्शाया है कि वह कल्यानपुर स्थित एक प्रतिष्ठित स्कूल में 9वीं की पढ़ाई कर रही है। पड़ोस में रहने वाला नीलेश निवासी राजकीय उन्नयन बस्ती जीटी रोड उसका स्कूल जाते समय पीछा करता था। उसके साथ दोस्ती करने का दबाव बनाता था। जबरन उसकी फोटो खींचता था। डर के चलते उसने नीलेश से बातचीत शुरू कर दी। फोन पर कॉल करके बुलाता था। फिर शारीरिक छेड़छाड़ करता रहा। बीती 15 नवंबर 2021 को शाम को वह एक दुकान में सामान लेने जा रही थी। तभी नीलेश उसे अपने घर ले गया। जहां उसके साथ डरा धमकाकर रेप किया और वीडियो भी बनाया। इस तरह उसने कई बार ब्लैकमेल करके जबरन रेप किया। उसकी हरकतों से परेशान होकर वह पढ़ाई के लिए मुम्बई चली गई। तीन माह पहले वह कानपुर आई। मगर रेपिस्ट उसका पीछा करता है। उसने घरवालों को आपबीती बताई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने नीलेश, सुरजीत और नीतू के खिलाफ रेप का मुकदमा दर्ज किया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

## हत्यारे जीएसटी के अधिकारियों की गिरफ्तारी के लिए कमिश्नर से मुलाकात

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

शहर में गुरूवार को व्यापारियों के एक प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस कमिश्नर बीपी जोगदंड से मुलाकात की और ज्ञापन देते हुए जीएसटी के दोषी अफसरों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की गई प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए ज्ञानेंद्र मिश्रा ने कहा कि बीते दिनों जीएसटी अफसरों द्वारा स्क्रैप लदी गाड़ी रोके जाने से हुई ड्राइवर की मौत के जिम्मेदार ज्वाइंट कमिश्नर पारसनाथ यादव व अमित कुमार के खिलाफ कल्याणपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। परंतु अभी तक दोनों ही अफसरों को गिरफ्तार नहीं किया गया। इस मामले में एडीशनल कमिश्नर महेंद्र सिंह भी जिम्मेदार हैं। और उनका नाम भी एफआईआर में शामिल कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जानी चाहिए। व्यापारी नेताओं ने कहा कि मृतक डीसीएम चालक के पास सभी कागजात मौजूद थे। केवल परेशान करने के उद्देश्य से ही अफसरों ने गाड़ी को रोका था और उत्पीड़न कर रहे थे। पुलिस कमिश्नर बीपी जोगदंड ने प्रतिनिधिमंडल को आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

## सीएसए में समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर कार्यक्रम हुआ आयोजित




जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय एवं एचबीटीयू कानपुर द्वारा बीते दिन गुरुवार को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह एमओयू हस्ताक्षर सीएसए के कुलपति डॉ.आनंद कुमार सिंह एवं एचबीटीयू के कुलपति डॉ.शमशेर सिंह के मध्य किया गया। इस अवसर पर कुलपति डॉ.आनंद कुमार सिंह ने बताया कि इस एमओयू के अंतर्गत दोनों संस्थानों में विद्यमान प्रयोगशाला, पुस्तकालय, शिक्षण एवं शोध सुविधाओं का आपस में उपयोग करने के साथ ही दोनों विश्वविद्यालयों के वैज्ञानिक ज्ञान व सूचना का आदान प्रदान कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय मे विकसित प्रौद्योगिकी दोनों संस्थानो मे प्रसारित होगी तथा देश एवं प्रदेश के लिए महत्वपूर्ण तकनीकों का आदान-प्रदान तथा मूल्य वर्धित प्रौद्योगिकीय उत्पादों का प्रबंधन भी होगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ.सी.एल.मौर्या, कुलसचिव डॉ.पी.के.उपाध्याय, निदेशक शोध डॉ.पी.के.सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## सीएसजेएमयू में 28 जुलाई तक होगी विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं



जन एक्सप्रेस। चौबेपुर

कानपुर नगर। उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वावधान में महिलाओं और बालिकाओं के लिए विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 26 से 28 जुलाई तक किया जा रहा है जिसके अंतर्गत 28 जुलाई को होने वाली कराटे की प्रतियोगिता मे छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर की छात्राएं मानसी मौर्य अपूर्वा नेहा शिवांगी तथा पल्लवी का चयन हुआ हैं। इस अवसर पर वाइस चांसलर विनय पाठक, डिपार्टमेंट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एवं स्पोर्ट्स के सचिव आशीष कटियार तथा विभागाध्यक्ष डॉ.सरवन एवं विशाल एवं निमिषा ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बताते चलें कि प्रतियोगिता में वर्ल्ड कराटे फेडरेशन के जज विजय कुमार ऑफिशियल रहेंगे।

## पीएनसी कंपनी के कर्मचारी बिना बैरिकेड किए करते हैं वेल्डिंग, हो सकती है बड़ी घटना



जन एक्सप्रेस। सनी राव मोघे

कानपुर नगर। बिठूर के मंधना में पीएनसी कंपनी की बड़ी लापरवाही सामने आई है। ट्रैफिक चालू होने के दौरान में वेल्डिंग के चिंगारी बीच सड़क पर गिर रही थी। सड़क पर चलते हुए यातायात के बीच बिना किसी बैरिकेडिंग या सुरक्षा के बन रहे फ्लाईओवर में हेवी इलेक्ट्रिक वेल्डिंग के दौरान तेज आग की चिंगारी गिरती हुई नजर आई है।

ज्ञातव्य हो कि पीएनसी कंपनी के द्वारा कानपुर से अलीगढ़ तक हाईवे का कार्य बहुत तेजी गति से कराया जा रहा है। जिसके चलते फ्लाईओवर बनाए जाने के दौरान बीते दिन वेल्डिंग का कार्य कराया जा रहा था। नियमानुसार वेल्डिंग कार्य कराए जाने के दौरान या तो मार्ग का यातायात बंद कर दिया जाना चाहिए। या फिर जिस और वेल्डिंग कराई जा रही है उसे बैरिकेड कर देना चाहिए। लेकिन इसके विपरीत पीएनसी कंपनी के लापरवाह कर्मचारियों ने बिना किसी बैरी कटिंग के वेल्डिंग का कार्य चालू रखा। ऐसी परिस्थिति में किसी भी वक्त बड़ी घटना हो सकती है। आपको बताते चलें बीते माह पनकी में इसी तरह से एक घटना घटित हुई थी। जिसमें पास मौजूद दुकानों में वेल्डिंग के दौरान आग की चिंगारी गिरने से दो दुकानों में भीषण आग लग गई थी। जिसमें दो पहिया वाहनों सहित लाखों का माल जलकर राख हो गया था।

## भूमाफियाओ ने 30 फिट के नाले को 7 फिट मे किया तब्दील

जन एक्सप्रेस। चौबेपुर



थाना क्षेत्र मे भूमाफियाओ ने नाले की जमीन को भी नहीं छोड़ा और तीस फीट के नाले की जगह में में कब्जा कर लिया जिसके कारण आज वह नाला सिकुड़ कर 6-7 फिट में ही रह गया हैं। चौबेपुर के बंदीमाता रोड पर विकासखण्ड से कुछ ही दूरी पर स्थित एक सरकारी नाला स्थित हैं जिसकी लिखित मे चौड़ाई 30 फिट हैं और जिससे लगभग 25 ग्राम सभाओ का पानी निकलता हैं या कहे तो इन 25 गांवो से पानी निकासी का यह मुख्य स्त्रोत हैं लेकिन कुछ भूमाफियाओ की नजर इस नाले पर पड़ने के बाद से नाला दिन प्रतिदिन सकरा होता जा रहा हैं जिसके चलते यह नाला 30 फिट से आज सिर्फ सात से आठ फिट ही बचा हैं जिसके चलते कई ग्राम सभाओ मे पानी भराव की समस्या उतपन्न हो रही हैं जिससे हताश ग्रामीणों इसकी शिकायत उच्च अधिकारियो से भी की थी जिसे ध्यान मे रखते हुए गुरुवार को नाले की जांच करने एक टीम पहुंची और सकरा नाला देख जेई को फटकार भी लगाई अब देखना यह हैं कि यह नाला अपने वास्तविक आकार मे आता हैं या फिर भ्रस्टाचार के चलते छः या सात फिट ही रह जाएगा।

**जिलापंचायत निधि से बने नाले की दिवार हुई धराशाही**

बंदीमाता रोड पर स्थित यह नाला अभी कुछ समय पहले जिलापंचायत निधि से तैयार करवाया गया था जिसकी कि लगभग दस दिन मे ही दिवार गिर गईं और पानी नाले से बाहर चलने लगा अब अनुमान लगाया जा सकता हैं कि नाले निर्माण मे किस तरह की सामग्री उपयोग की गईं होंगी।

# तालाब खलिहान की जमीन पर दबंगों ने बनाया आलीशान मकान

* राजस्व अधिकारियों ने अवैध कब्जे दारो के विरुद्ध नोटिस चस्पा
* तालाब खलिहान की भूमि से अवैध निर्माण जल्द गिराया जाएगा

### नोटिस चस्पा होते ही अवैध कब्जे दारों में मचा हड़कंप

बल्दीराय तहसील मुख्यालय से पारा बहुरांवा मार्ग पर स्थित ग्राम चक टेरी में स्थित गाटा संख्या 33/गाटा संख्या 114 तालाब की आरक्षित भूमि तथा गाटा संख्या 46 जो राजस्व खाते में चारागाह की भूमि आरक्षित है जिस पर गांव के ही दबंग किस्म के लोगों ने अनाधिकृत रूप से कब्जा करते हुए आलीशान मकान का निर्माण करवा लिया है ग्रामीणों द्वारा बीते 10 वर्ष से इसकी शिकायत जिलाधिकारी सुल्तानपुर सहित शासन स्तर के अधिकारियों से की जा रही थी परंतु तहसील प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जा रहा था। इधर हाईकोर्ट के सख्त निर्देश के बाद भी तहसील प्रशासन बल्दीराय के जिम्मेदार अधिकारी अवैध कब्जे को लेकर मूकदर्शक बन गए थे आज हाईकोर्ट के दिशा निर्देश के चलते अवैध कब्जे दार राजमणि दुबे देवराज दुबे ओम नारायण दुबे राम जी रामअचल करिया तथा रामबख्श यादव के मकानों पर तहसील प्रशासन द्वारा नोटिस चस्पा की गई तहसीलदार ने बताया कि अवैध कब्जे दारु को हिदायत दी गई है कि वह 1 सप्ताह के अंदर अपने कब्जे को स्वयं हटा ले नहीं तो प्रशासनिक कार्यवाही की जाएगी फिलहाल नोटिस चस्पा होते ही अवैध कब्जे दारो में हड़कंप मच गया है।

**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**

बल्दीराय तहसील मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत हैधनाकला में पारा बहुरांवा मार्ग पर स्थित ग्राम चक टेरी मे तालाब की भूमि पर दबंगों ने अनाधिकृत रूप से कब्जा किया गया था यही चारागाह की जमीन पर गॉव के ही दंबग ने आलीशान मकान बनाकर कब्जा किया है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत जिलाधिकारी समेत शासन के उच्चाधिकारियों से की थी, लेकिन तहसील प्रशासन बल्दीराय द्वारा तालाब की भूमि से अवैध कब्जा नहीं हटवाया गया।

ग्रामीणों ने इसकी शिकायत पुनः जिलाधिकारी समेत कई अधिकारियों से की। इधर तहसील प्रशासन द्वारा हाईकोर्ट के दिशा निर्देशन में आज ग्राम पंचायत में सरकारी भूमि पर हुए कब्जे को हटाने के लिए तहसीलदार बल्दीराय के निर्देश पर राजस्व कर्मियों ने तालाब की कीमती भूमि पर अनाधिकृत रूप से कब्जा किए अवैध कब्जेदारो के मकानों पर नोटिस चस्पा किया है। तहसील प्रशासन ने नोटिस चस्पा करने के पश्चात अवैध कब्जेदारो को सख्त हिदायत दी है कि वह 1 सप्ताह के अंदर तालाब की भूमि से अपना कब्जा हटा ले अन्यथा तालाब की भूमि से अनाधिकृत कब्जे पर प्रशासनिक कार्यवाही की जाएगी।

# संघ के नेताओं के आह्वान पर शिक्षक लामबंद

**जन एक्सप्रेस । सुल्तानपुर**




उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की मांगों के निराकरण के लिए प्रांतीय अध्यक्ष डॉ दिनेश चन्द्र शर्मा के आह्वान पर प्रदेश व्यापी चरण बद्ध आंदोलन की रूप रेखा के अनुसार लामबंद हुए शिक्षकों को जिला प्रवक्ता निजाम खान ने पूर्व नियोजित चरणबद्ध कार्यक्रम के बारे विस्तृत रूप से बताया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद सुल्तानपुर प्रत्येक ब्लॉक इकाई के बी आर सी पर सभी पदाधिकारी और सदस्य शिक्षक एकत्रित हुए।

उनको 18 सूत्रीय मांग पत्र को पढ़ कर सुनाया गया। शिक्षक समस्याओं यथा, पुरानी पेंशन की बहाली, राज्य कर्मचारियों की भांति उपार्जित अवकाश, द्वितीय शनिवार अवकाश, कैशलेस चिकित्सा सुविधा, प्रत्येक प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक के पद पर पदोन्नति/तैनाती, उ प्र माध्यमिक शिक्षा परिषद के शिक्षकों की भांति चयन वेतनमान में 12 वर्ष की सेवा पूर्ण कर चुके सभी शिक्षकों को प्रोन्नत वेतनमान, सभी शिक्षकों को 10 लाख रुपये का सामूहिक बीमा अनुमन्य कराया जाय। वर्ष 2014 के बाद नियुक्त शिक्षकों को भी सामूहिक बीमा का लाभ दिया जाय सहित 18 मांगों को पढ़कर ब्लॉक अध्यक्षों द्वारा सुनाया गया तथा निराकरण हेतु प्रदेश कार्यसमिति द्वारा घोषित संघर्ष कार्यक्रम से अवगत कराते हुए बताया गया। उत्तर प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा के अंतर्गत आने वाले सभी पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से अपनी विधानसभा के विधायक को मांगपत्र/ज्ञापन का प्रेषण दिनांक 10 अगस्त 2023 से 15 अगस्त 2023 तक प्राप्त कराया जायेगा। दिनांक 4 सितम्बर 2023 को प्रदेश के प्रत्येक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषण होगा। शिक्षा निदेशालय (बेसिक) निशातगंज, लखनऊ पर धरना सुनिश्चित है।

जिसमें सभी शिक्षक संघर्ष के लिए तैयार रहें। ब्लॉक कुड़वार के ब्लॉक संशाधन केंद्र पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक कुड़वार अध्यक्ष निजाम खान की अध्यक्षता में बैठक हुई। उन्होंने सदन में मांग पत्र पढ़ सुनाया। इस मौके पर मंत्री बृजेश मिश्रा, उपाध्यक्ष सिकन्दर वर्मा, रूप नारायण बौद्ध, विनय पाण्डेय, सगठन मंत्री राजमणि यादव, नसीम अंसारी, मुजफ्फर कलीम खान, हरिश्चंद्र यादव, राजेश मिश्रा कोषाध्यक्ष अल्ताफ खान, इसरार अहमद वेद प्रकाश मौर्य, सतीश मिश्रा आदि सैकड़ो शिक्षक उपस्थिति रहे।

## नेट क्वालीफाई कर बेटी ने बढ़ाया जनपद का मान



**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** सीएम सुरक्षा में तैनात पूरे पराग पंडित आदिलपुर थाना इनायत नगर निवासी देवमणि त्रिपाठी की पुत्री प्रिया तिवारी ने पहले ही प्रयास में नेट परीक्षा पास कर दो जनपदो का नाम किया रोशन। प्रिया की शुरूआती शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर व केएनआईसी से हुई, स्नातक व परास्नातक बीएचयू विश्वविद्यालय वाराणसी से पूरी करने के पश्चात नेट की तैयारी में लग गई थी। प्रिया ने पहले ही प्रयास में नेट परीक्षा में सफलता हासिल की, प्रिया ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने बाबा कामता प्रसाद तिवारी को देते हुए कहाकि मेरे बाबा जी का आशीर्वाद मेरे साथ सदैव रहा है साथ ही अपनी माता ऊषा तिवारी, पिता देवमणि तिवारी का स्नेह व गुरुजनों के द्वारा मिलने वाले मार्गदर्शन के प्रति कृतज्ञता व्यक्त किया।

# ताबड़तोड़ छापे में तीन अवैध शराब कारोबारी गिरफ्तार

* 82 ली.कच्ची शराब 13 कुंटल लहन हुई बरामद, टीम ने किया नष्ट

**जन एक्सप्रेस । सुलतानपुर**



आबकारी विभाग लगातार अवैध शराब की अड्डियों एवं इसके संचालकों के विरूद्ध छापेमारी की कार्यवाई कर रही है। आबकारी निरीक्षक सुभाष सिंह ने कोतवाली नगर क्षेत्र के तिवारी का पुरवा एवं चुन्हां में दबिस देकर 40लीटर अवैध कच्ची शराब एवं 7 कुंटल लहन तथा शराब बनाने का उपकरण बरामद किया।मौके पर एक व्यक्ति पकडा गया। तिवारी का पुरवा के फौरन बाद ग्रामसभा चुन्हां पर आबकारी निरीक्षक सुभाष सिंह मय टीम के साथ दबिश देकर दो लोगों को धर दबोचा। मौके पर 42 लीटर अवैध कच्ची शराब व 6 कुंटल लहन और शराब बनाने का उपकरण बरामद करते हुए नष्ट कराया। छापेमारी में 82 ली. अवैध कच्ची शराब 13 कुंटल लहन व तीन लोगों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही प्रचलित है। टीम में साकेत कुमार राय, अरविंद कुमार वर्मा, शशि प्रकाश गुप्ता, मो. इरफान आदि रहे। निरीक्षक सुभाष सिंह ने बताया कि आबकारी आयुक्त उ.प्र. द्वारा अवैध शराब और इनके कारोबारियों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है, साथ ही जिलाधिकारी जसजीत व पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा के दिशा-निर्देश एवं जिला आबकारी अधिकारी के कुशल नेतृत्व में जनपद में अवैध शराब कारोबार करने वालों के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है साथ ही लोगों में अवैध शराब के सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक किया जा रहा है। श्री सिंह ने बताया कि लांइसेंसी शराब की दुकानों का लगातार आकस्मिक जांच कर बारकोड, क्यूआर कोड़ स्कैन किया जाता है।

# एनटीपीसी इंटक पुनर्गठित, राहुल कनौजिया बने महामंत्री

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



एनटीपीसी ऊंचाहार की इंटक यूनियन की कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ, जिसमें इंटक के वरिष्ठ नेता आज्ञा शरण सिंह पुनः अध्यक्ष निर्वाचित हुए तथा रिहंद परियोजना से स्थानांतरित होकर आए राहुल कनौजिया को इंटक यूनियन का सर्वसम्मति से महामंत्री के रूप में चुनाव किया गया। चुनाव अधिकारी अरुण कुमार वैश्य ने बताया कि इंटक कार्यालय में संपन्न आम सभा में उत्तर प्रदेश इंटक के अध्यक्ष अशोक सिंह को संरक्षक तथा अनिल मिश्रा, लाल बहादुर मौर्या को संयोजक के रूप में मनोनित किया गया। इसके अलावा शिवराम ओझा सह-संयोजक, मुद्दसिर अहमद कार्यवाहक अध्यक्ष, ए0के0 वैश्य कोषाध्यक्ष के साथ-साथ वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में राम सहाय, लघु शंकर यादव तथा महेश चैधरी को चुना गया। मत्सेन्द्र दूबे, सुरेन्द्र कुमार बिंद तथा शिवपाल यादव एवं मनोज तिवारी को उपाध्यक्ष मनोनित किया गया। रचना पाल तथा नागेन्द्र प्रताप सिंह संयुक्त मंत्री, जगेश लाल श्रीवास्तव, उदय भान यादव एवं कुंदन सिंह को संगठन मंत्री बनाया गया। प्रचार मंत्री के रूप में अंकित कुमार सिंह, शिवम प्रकाश तथा दुष्यंत सिंह का चुनाव किया गया।

इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य के रूप में श्रीमती पुष्पा, अमृता राय, अनिल कुमार, अब्दुल हसन, सुनील कुमार, नीरज कुमार, शिवम सिंह, गौतम निषाद, संतोष कुमार, रोहित आर्या, आकाश सिंह एवं विकास कुमार का चुनाव किया गया। नव निर्वाचित महासचिव राहुल कनौजिया ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इंटक के वरिष्ठ नेताओं तथा कार्यकर्ताओं ने जिस तरह का विश्वास उन पर किया है वे उस पर शत प्रतिशत खरा उतरने का प्रयास करेंगे और इंटक संगठन की प्रतिष्ठा को कायम रखेंगे। इंटक अध्यक्ष आज्ञा शरण सिंह ने सभी से अपील की कि नव निर्वाचित पदाधिकारी कर्मचारियों के हित में निरंतर सक्रिय रहे और उनका विश्वास अर्जित करें। राहुल कनौजिया के महासचिव निर्वाचित होने पर इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. जी संजीवा रेड्डी, एनटीपीसी एनबीसी के सेंट्र्ल लीडर बाबर सलीम पाशा, के पी चन्द्रवंशी, एनटीपीसी की अन्य परियोजनाओं के इंटक के वरिष्ठ नेताओं सहित रायबरेली इंटक के जिलाध्यक्ष बी के शुक्ला, प्रदेश इंटक के महामंत्री डी एस मिश्रा, सीटू यूनियन के जिलाध्यक्ष कॉमरेड अरविंद सिंह राठौर, नगर पालिका परिषद् रायबरेली के अध्यक्ष शत्रुहन सोनकर तथा एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारियों, एनटीपीसी एससी-एसटी एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र कुमार, महामंत्री राजेन्द्र प्रसाद एवं सभी पदाधिकारियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कनौजिया को अपनी शुभकामनाएं दीं।

## रोजगार मेले में 326 अभ्यर्थियों को किया चयनित

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** प्रदेश में युवाओं को रोजगार स्वरोजगार से जोड़कर ''आत्मनिर्भर भारत अभियान'' तथा ''हर हाथ को काम'' के तहत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर, ऊँचाहार, रायबरेली में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विजय बहादुर सिंह सेंगर, जिला सेवायोजन अधिकारी द्वारा किया गया। उन्होंने अभ्यर्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यहां मिल रहा छोटा सा अवसर आपके जीवन को नया आयाम दे सकता है। नियोजकों से संवाद करें, सेवा शर्तों के बारे में पता करें। उसी नियोजक के यहां सेवा का चयन करें, जिससे आपके सपने साकार हो सकें। कंपनी प्रतिनिधियों द्वारा अपनी कंपनी की सेवा शर्तों के बारे में जानकारी दी गयी। साथ-साथ एमसीसी वाई0पी0 रामेन्द्र कुमार पाण्डेय द्वारा रोजगार मेले में एनसीएस पोर्टल पर नि:शुल्क पंजीयन तथा कैरियर मार्गदर्शन दिया गया। मेले में 07 कम्पनियों द्वारा साक्षात्कार की प्रक्रिया पूर्ण की गयी। जिसमें 876 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। विभिन्न पदों हेतु कुल 326 अभ्यर्थियों को चयनित किया गया। पीपल ट्री ऑनलाइन द्वारा-14, ब्राइट फ्यूचर ऑर्गेनिक हर्बल द्वारा-47, शिवशक्ति बायोटेक्नोलॉजी द्वारा-53, डी.एस.एस. ग्रुप द्वारा-81, जी0फोर0 एस0 सिक्योर सॉल्यूशन इण्डिया प्रा0लि0 द्वारा-31, पुखराज हेल्थ केयर प्रा0लि0 द्वारा-71,डॉन बोस्को टेक स्किलिंग इंडिया (रॉयल इनफील्ड) द्वारा-29 अभ्यर्थियों को चयनित किया गया।

## पुलिस के लिए चुनौती बने चोर दो और घरों में चोरी

**जन एक्सप्रेस । बाजार शुक्ल, अमेठी**

लचर पुलिस व्यवस्था से बेखौफ हुए चोर लगातार क्षेत्र में चोरियों की वारदात का अंजाम देते देखे जा रहे हैं। लोगों में दहशत का माहौल साफ देखा जा रहा है। क्षेत्र में लगातार चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। चोर आए दिन कहीं छत के सीट को तोड़कर कहीं दीवाल की सेंध काटकर खिड़की की ग्रिल तोड़कर चोरी की वारदात को बेखौफ होकर अंजाम देते हैं। पुलिस प्रशासन के सुस्त रवैये के कारण चोरी घटनाओं पर अंकुश लगाना बड़ी चुनौती बनती देखी जा रही है।

### पुलिस के लिए चुनौती बने चोर

चोरी की बढ़ती घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा। 2 दिनों में क्षेत्र के 2 ग्राम सभाओं के 4 लगातार घरों में चोरी के मामले सामने आ चुके हैं। जो पुलिस को सीधे तौर पर चुनौती दे रहे। यहां पीड़ितों को राजफाश का आश्वासन देकर खानापूर्ति करते देखा जा रहा है। अभी तक कोई सफलता हाथ नहीं लग सकी। दो दिन में चारों ने अलग-अलग घरों की कुंडी काटकर जेवरात सहित नकदी चोरी कर ली। विगत रात चोरों ने फिर ग्रामसभा टेवसी के पूरे फत्ते तिवारी गांव में दो घरों को बाबूलाल, राम सुत लाखों की नकदी व जेवरात ले उड़े। पुलिस को पीड़ित बाबूलाल ने तहरीर देकर बताया कि खाना पीना खाने के बाद घर के लोग दरवाजे के बाहर सोने चले गए।

भोर सुबह 5:30 बजे आंख खुली दरवाजा खोल अंदर गए सामान बिखरा देख मकान स्वामियों के होश उड़ गए। कमरे में सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी का लाकर तोड़कर 12 हजार रुपये की नकदी व जेवरात बर्तन चोर ले गए है। लगातार चोरियों की घटना से लोगों में दहशत का माहौल देखा जा रहा है। थाना प्रभारी ने बताया तहरीर मिली है अग्रिम कार्रवाई की जा रही हैं।

# केंद्रीय विद्यालय में नई शिक्षा नीति की मनाई गई तीसरी वर्षगांठ

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**




बृहस्पतिवार को केंद्रीय विद्यालय अमेठी में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की तीसरी वर्षगांठ मनाई गई। इस मौके पर बीएचईएल जगदीशपुर स्थित केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य अंबरीश गुप्ता एवं अमेठी के महाराजपुर पिंडोरिया स्थित केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार और लेफ्टिनेंट कर्नल गीता प्राचार्य सैनिक स्कूल द्वारा बच्चों को एवं आम जनमानस को संबोधित करते हुए बताया गया कि नई शिक्षा नीति शिक्षा के क्षेत्र में तमाम आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु एक व्यापक और महत्वपूर्ण कदम है। बताते चलें कि केंद्रीय विद्यालय अमेठी में 5 + 3 + 3 + 4 डिजाइन वाले शैक्षणिक संरचना को लागू किया गया है। जिसमें कक्षा 5 तक की शिक्षा में मातृभाषा स्थानीय एवं क्षेत्रीय भाषा को अध्ययन के साथ-साथ सभी स्तर पर छात्रों को बागवानी नियमित रूप से खेलकूद योग नृत्य एवं व्यायाम के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। पहली कक्षा से लेकर तीसरी कक्षा तक के विद्यार्थियों को निपुण भारत के अंतर्गत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के लक्ष्यों को जोड़ा गया है। पढ़ने में दक्षता के लक्ष्यों को प्राप्त कर लें। पहली कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विद्या प्रवेश के अंतर्गत अल्पकालीन तीन महीने का प्ले आधारित स्कूली शिक्षा प्रदान की जा रही है। बच्चों की उपस्थिति ड्रॉपआउट एवं सीखने के परिणामों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बच्चों को संख्या ज्ञान आकृतियां एवं मापन से संबंधित तत्वों की समझ विकसित करने के लिए वास्तविक एवं आभासी माध्यमों का प्रयोग के साथ ही जिज्ञासा एवं विषय से जुड़ाव पैदा करने के लिए खिलौना आधारित शिक्षा शास्त्र का प्रयोग किया जाता है। शिक्षकों को विद्यालय स्तर एवं संभाग स्तर पर समय-समय पर सेवाकालीन प्रशिक्षण एवं कार्यशाला में प्रतिभाग करने के लिए नई शिक्षा तकनीक को जानने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। बच्चों की आकांक्षाओं और आवश्यक गतिविधियों के अनुरूप जादुई पिटारे में खेल खिलौने और विशिष्ट शिक्षण सामग्रियों को एकत्रित कर शिक्षण कार्य को अधिक से अधिक रुचिकर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। विद्यालय में अभिभावक शिक्षक संघ बना हुआ है और विद्यालय शिक्षण के समग्र विकास से संबंधित विभिन्न मामलों पर चर्चा करने के लिए प्रत्येक माह शिक्षक एवं अभिभावक की बैठक आयोजित की जाती है।

# शिक्षकों ने निकाला स्कूल चलो अभियान रैली

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



परिषदीय विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने और शत-प्रतिशत उपस्थिति के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने शिक्षकों को सख्त निर्देश दिया है। इसी अनुपालन में बच्चों की शत प्रतिशत उपस्थिति न होने पर कम्पोजिट विद्यालय भेलाई कला प्रधानाध्यापक धीरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अमेठी ने बच्चों व शिक्षकों के साथ स्कूल चलो अभियान रैली निकाली। रैली भेलाई खुर्द गाँव में गली-गली व मोहल्ले-मोहल्ले घुमायी गयी। रैली के माध्यम से अभिभावकों से सम्पर्क भी किया गया।

धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने अभिभावकों से कहा विद्यालय में शत प्रतिशत बच्चों का नामांकन हो और शत प्रतिशत बच्चे विद्यालय में अपनी उपस्थिति दें, यह सबकी जिम्मेदारी है।

सभी सेवित ग्रामों में 6 से 14 आयु वर्ग के बच्चे शिक्षा से वंचित न रहें। उन्होंने कहा किउत्तर प्रदेश सरकार बेसिक के बच्चों को निशुल्क पाठ्य पुस्तक, जूता, मोजा स्वेटर, बैग, दो सेट ड्रेस, स्टेशनरी एवं मध्यावकाश में गुणवत्ता युक्त मध्याह्न भोजन मुहैया करा रही है। हमें केवल अपने बच्चों को समय से विद्यालय भेजना है। उन्होंने यह भी बताया कि विद्यालय को आकर्षक बनाने व बच्चों की सुविधा हेतु समस्त कक्षाओं का टाइलीकरण झूले, पार्किंग, बच्चों को बैठकर खाना खाने के लिए शेड, सांस्कृतिक मंच एवं आदर्श पुस्तकालय की व्यवस्था कराई गई है। रैली में शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं सैकड़ों बच्चे उपस्थित रहे।

# किसान बेहाल, कब तक रहेगी गेरावा रजबहा बदहाल

**महीने में दो बार लगती है स्थानीय विधायक की चौपाल, क्षेत्र के किसान फिर भी नहीं खुशहाल**

**जन एक्सप्रेस । राजेश पाल**



**बाजार शुक्ल, अमेठी।** स्वच्छ भारत अभियान के बाद भी सरकारी महकमे तो दूर आम लोगों की आदतें नहीं सुधर पाई हैं। बानगी तौर पर देखा जाए तो कस्बे के बीच निकली हुए माइनर में पड़ी गंदगी व कूड़े के ढेर ऐसा ही कुछ बयां कर रहे हैं। नहर में पानी नहीं चलने से गंदगी और बढ़ गई है, लेकिन निस्तारण की किसी को सुध नहीं है। गेरावा रजबहा क्षेत्र की इकलौती माइनर है जो कस्बा होकर गुजरती है। नहर में पानी नहीं चलने से जगह-जगह नहर कूड़े व गंदगी से पटी कभी भी देखी जा सकती है। साफ-सफाई करने के बजाय गंदगी नहर में फेंक दी जाती है। हालत यह है कि नहर को कूड़ादान बना दिया गया है। सिंचाई महकमा तो क्या लोग भी इस ओर मुंह फेरे हुए हैं। नतीजा स्थानीय वाशिंदों का जीना दूभर हो गया है।नहर में बढ़ती गंदगी से संक्रमण का भय बना देखा जा सकता है। किसान नेताओं में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। किसान नेता देवी दयाल शर्मा,नंदकिशोर शुक्ला, रामेश्वर लोधी राम प्रसाद रावत आदि किसान नेताओं में रोष देखा जा रहा है।

### क्या कहते हैं क्षेत्र के हताश परेशान किसान

क्षेत्र के हताश और परेशान इस माइनर से आशा छोड़ राम भरोसे खेती करने को मजबूर देखे जा रहे हैं किसानों के बारे में कौन सोचेगा किससे अपनी समस्या बताई जाए बदहाल व्यवस्था खाद से सिंचाई तक किसान दोहरी मार से परेशान देखा जा रहा है। कहने को तो सरकार किसानों की आय दुगनी का दावा करती देखी जाती है। बावजूद विभाग के अफसरों द्वारा कागजी कोरम पूरा करते ही देखा जाता है। यह इकलौती माइनर से विभाग के जिम्मेदारों व जनप्रतिनिधियों से किसानों की उम्मीदें टूटती देखी जा रही है।

## मजदूर के बेटे ने हासिल की असिस्टेंट प्रोफेसर बनने की पात्रता (नेट)



**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** शहर के चकमनसहरी गांव के रामसुख के सुपुत्र अनुराग यादव ने यूजीसी ग्रांट कमिशन द्वारा आयोजित नेट जेआरएफ की परीक्षा में सफलता अर्जित कर अपने परिवार और गांव का नाम रोशन किया इनकी सफलता से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। अनुराग पढ़ने में बचपन से ही होनहार और परिश्रमी है। अनुराग के पिता मजदूरी करके अपने दो बच्चों को शिक्षा दीक्षा दिलाई जिसमें एक बेटा भारतीय थल सेना में देश की सेवा में चला गया वही अनुराग यादव ने अपने पिता माता की आशाओं को साकार करने में पूरी निष्ठा और लगन से काम कर रहे हैं, अनुराग यादव वर्तमान में लखनऊ विश्वविद्यालय से एम0एंड0 कर रहे हैं और बताते चलें कि अनुराग यादव का चयन अब तक दो बार हो चुका है पहला चयन टीजीटी केन्द्रीय विद्यालय संगठन व पीजीटी हिन्दी संस्कृत विद्यालय में हो चुका है, किन्तु अनुराग यादव अपने किसी बड़े लक्ष्य की ओर निरंतर प्रयास आगे बढ़ रहे हैं। इस सफलता के पीछे उन्होंने अपने माता-पिता, गुरुजन व अपना आदर्श मार्गदर्शक दयाशंकर को बताया है।

# वनों से करो यारी, नहीं आएगी महामारी : डॉ शशिकान्त शर्मा

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**




÷प्यासी धरती करे पुकार, पेड़ लगाकर करो उद्धार। पेड़ पौधे हैं लगाना, भारत की सुंदरता को है बढ़ाना।।÷ इस श्लोगन के साथ हरियाली मुहिम को लेकर जनपद के प्रतिश्ठित व अग्रणी शिक्षण संस्थान समूह न्यू स्टैण्डर्ड ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूटस के संस्थापक डॉ शशिकान्त शर्मा जी ने वृक्षारोपण का वादा पूरा करते हुए शहर के कई वार्डो में पौधे रोपित किए। इसके लिए शहर के हर वार्ड में संस्थान अपने निजी स्त्रोंत से पौधों का रोपण करा रहा है। साथ ही उनको बचाने के लिए ट्री-गार्ड की सुरक्षा भी दे रहा है। यह अभियान लगातार चलाया जा रहा है। वृहस्पतिवार को अभियान के तहत शहर के वार्ड नंबर 23, 11, 18 में पौधारोपण किया गया। सभासद धर्मेन्द्र द्विवेदी ने कहा कि न्यू स्टैण्डर्ड ग्रुप ने सदैव जनहित कार्य हेतु अपना योगदान दिया है यह जहां शैक्षणिक कार्य करके समाज को बेहतर बनाने में अपना योगदान दे रहा है तो वहीं अब सामाजिक कार्यो में भी एक कदम और बढ़ाकर पर्यावरण संरक्षण के लिए काम कर रहा हैं। इसके लिए संस्था प्रबंधक डॉ शशिकांत शर्मा बधाई के पात्र है। इस दौरान लोगों को घर में पौधा लगाने के लिए आसपास खाली जगहों पर पौधे लगाने के लिए जागरूक किया गया। लोगों को बताया गया कि पेड़ होंगे तो पर्यावरण सुरक्षित रहेगा। वहीं पार्कों, तथा सड़क किनारे पौधारोपण किया गया। बताते हैं कि अभियान के अंतर्गत प्रत्येक वार्ड में 50 पौधे लगाने का अभियान है। साथ ही इस अभियान से आम लोगों को जोड़कर पेड़ों की सुरक्षा की व्यवस्था की जा रही है। इस संबंध में संस्था के संस्थापक प्रबंधक डॉ. शशिकांत शर्मा ने बताया कि उनका उद्देश्य जहां लोगों को पर्यावरण संरक्षण की ओर प्रेरित करना है तो ऐसे काम में जनमानस का सहयोग मिलने से हमारा भी हौसला बढ़ा है। हमने यह कार्य अपनी संस्तुष्टि के लिए पर्यावरण संरक्षण में हमने भी अपना योगदान दिया है। यह सोचकर इस कार्य को आरंभ किया था लेकिन आज यह अभियान जनआंदोलन बनता जा रहा है। साथ ही लोग इस अभियान में सरकार का पूरा सहयोग कर रहे हैं।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 35°C | 27°C |
| कानपुर | 36°C | 27°C |
| देहरादून | 29°C | 24°C |
| नई दिल्ली | 33°C | 27°C |

# खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार संकल्पित

## बालिका ओलंपिक की प्रतिभागी बालिकाएं दुनिया में रोशन करेंगी भारत का नाम, प्रधानमंत्री के खेलो इंडिया जीतो इंडिया के विजन को देना है मूर्तरूप

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

हर लोकसभा क्षेत्र में करायी गई सांसद खेलकूद प्रतियोगिताये- केशव उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार संकल्पित भाव से कार्य कर रही है और इस दिशा में केंद्र व राज्य सरकार द्वारा अनेक कदम उठाए गए हैं। खेलों को बढ़ावा देने के लिए सरकार हर स्तर पर प्रयासरत है। कहा कि मुझे विश्वास है कि उत्तर प्रदेश बालिका ओलंपिक-23 की प्रतिभागी बालिकाएंदुनिया में भारत का नाम रोशन करेंगी। खेल व खेल प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करते हुये कहा किप्रधानमंत्री के खेलो इंडिया- जीतो इंडिया के विजन को मूर्तरूप देना है और निश्चित ही हम कामयाब होंगे। कई खेलों में देश की प्रतिभाओं ने दुनिया में भारत का डंका बजाया है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उत्तर प्रदेश बालिकाओलंपिक-23 की प्रतिभागी बालिकाओं काउत्साहवर्धन करते हुए कहा यही बालिकाएं 'भारत माता की जय' के उद्घोष को दुनिया में गुंजायमान करेंगी।

उप मुख्यमंत्री ने अपने सारगर्भित संबोधन में जहां खेलों और खेल प्रतिभाओं की महत्ता पर प्रकाश डाला और इस दिशा में किये जा सरकारी प्रयासों की जानकारी दी, वहीं खेल प्रतिभाओं में नए जोश और नई ऊर्जा का संचार भी किया। कहा कि



प्रधानमन्त्री के आह्वान पर हर लोकसभा क्षेत्र में सांसद खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित करायी गयीं। केशव प्रसाद मौर्य केडी सिंह बाबू स्टेडियम लखनऊ में आयोजित तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश बालिका ओलंपिक-2023 में खेल प्रतिभाओं को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा, सांसद खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन से नई खेल प्रतिभाएं निखर कर सामने आई। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन व नेतृत्व में डबल इंजन सरकार द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के लिए बड़े और कड़े कदम उठाए गए हैं और इस क्षेत्र में अनेक उपलब्धियां हासिल की गई है। यही बेटियां आगे चलकर भारत का तिरंगा दुनिया में लहराएंगी। अमर उजाला सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों जैसे पर्यावरण, खेल ,चिकित्सा आदि विभिन्न सोशल सेक्टर के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान दे रहा है, जो बहुत ही सराहनीय है।यहां पर पूरे प्रदेश की अट्ठारह टीमें भाग लेंगी ले रही हैं, यह टीमे आगे चलकर दुनिया में देश का नाम रोशन करें, ऐसी मेरी शुभकामनाएं हैं। उन्होंने स्टेडियम में जाकर खिलाड़ियों का परिचय लिया और उत्साहवर्धन किया। उपमुख्यमंत्री ने हैंडबॉल मेंजूनियर इंटरनेशनल खेल चुकी आराधना त्रिपाठी को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया।इस अवसर परमंत्री आशीष पटेल, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह, राज्यमंत्री रजनी तिवारी, राज्यमंत्री रामकेश निषाद सहित जनप्रतिनिधि, मीडिया बन्धु, खिलाड़ी, खेलों से जुड़े लोग मौजूद रहे।

# एक महीने का भी बिल बाकी तो गुल होगी बिजली

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

घाटे और बकायेदारों से जूझ रहे पावर कारपोरेशन लिमिटेड ने नई व्यवस्था शुरू की है। अब एक महीने का भी बिल बकाया हुआ तो कनेक्शन काट दिया जाएगा।पहले बिजली कनेक्शन काटने की लिमिट 10 हजार रुपये बकाया होने की थी ,लेकिन राजस्व वसूली से जूझ रहे मध्यांचल विद्युत् वितरण निगम ने अब यह कदम उठाया है। अगर बिजली का बिल 1000 रुपये भी है और आपने उसे जमा करने की आखिरी तिथि तक भुगतान नहीं किया तो कनेक्शन काट दिया जाएगा

कहा जा रहा है कि बड़े बकायेदारों से वसूली न कर पाने की वजह से अब छोटे बकायेदारों पर भी सख्ती की जा रही है। इसलिए 10 हजार तक की सीमा को समाप्त कर दिया गया है। अब आप महीने जितनी बिजली खर्च कर रहे हैं अगर उसका भुगतान नहीं किया तो कनेक्शन काटना तय है। लेसा की बकायेदारों की सूची तैयार है।निदेशक वाणिज्य योगेश कुमार के मुताबिक बड़े बकायेदारों के साथ ही एक महीने का बिल भी अगर बाकी है और समय से जमा नहीं किया गया तो कनेक्शन काट दिया जाएगा। 50 प्रतिशत से अधिक लाइन लॉस वाले इलाकों की जांच कराई जाएगी। लखनऊ के हर खंड में बकाएदार मौजूद हैं जो बिजली का तो भरपूर इस्तेमाल कर रहे हैं लेकिन बिल देने की बारी आती है तो समय से नहीं देते। अब कनेक्शन काटने की तैयारी है।

# पीएम किसान सम्मान निधि की 14वीं किश्त जारी

**✻ कृषि मंत्री ने प्रदेश के किसानों की ओर से जताया प्रधानमंत्री का आभार**

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा आज लखनऊ के माती गांव विकास खंड सरोजनी नगर में प्रधानमंत्री द्वारा किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत जारी की 14 वीं किस्त के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान किसानों को संबोधित कर रहा थे। उन्होंने प्रदेश भारतीय किसानों की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर उन्होंने किसानों से सोलर पंप, समेकित कृषि प्रणाली, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारे में विस्तार से चर्चा की।श्री शाही ने किसानों के प्रिय नेता देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि कृषि तथा किसानों के प्रति उनकी संवेदनशीलता से किसानों के जीवन की गरिमा लगातार बढ़ रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की चौथी किस्त से उत्तर प्रदेश के इससे उत्तर प्रदेश के कुल 1.86 करोड़ कृषक लाभान्वित होंगे इनके बैंक खातों में 2 हजार रुपये प्रति 4 माह की दर से 4167.41 करोड़ रुपये धनराशि स्थानांतरित की जाएगी। उन्होंने कहा कि आज किसानों को बीज से लेकर व्यापार तक की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जा रही है। सोलर सिंचाई पंप पर 30: राज्य सरकार 30: केंद्र सरकार के द्वारा



अनुदान दिया जा रहा है। उन्होंने किसानों से कम पानी वाली फसलें अच्छा उत्पादन दे रही हैं उनकी लागत भी कम है ऐसे फसलों को लगाने की अपील की। ज्वार, बाजरा सावां, कोदो, रागी को किसान भाई लगाए, लखनऊ का बाजार निकट है उन्हें अच्छा दाम भी प्राप्त होगा तथा इसकी खेती में लागत भी कम आएगी ।इस वर्ष 60000 किसानों को श्री अन्न के निशुल्क मिनीकिट का वितरण किया गया। खरीफ के सभी फसलों के साथ-साथ श्री अन्न के फसलों का भी न्यूनतम समर्थन मूल्य पहले से जारी है। जिससे किसान भाई उसकी खेती कर अपनी आमदनी अच्छी करें। मक्के की खेती करें क्योंकि मक्का की फसल खरीफ रबी जायद तीनों सीजन में अच्छी उत्पादन देती है। भुट्टे के रुप में किसानो को अच्छी आमदनी होगी। किसान दलहन तिलहन की खेती करें इसमें लागत कम है मूल्य अच्छा मिलता है।

सरकार ने गांव के भीतर ही रोजगार की व्यवस्था कराई है उसका लाभ लें।रासायनिक खादों के संदर्भ में उन्होंने कहा कि डीएपी एवं यूरिया का प्रयोग कम करें, अधिक प्रयोग से जमीन बंजर हो रही है, खेतों में ढैचे का प्रयोग करें, जिप्सम तथा ढैंचे दोनों पर कृषि विभाग से अनुदान

**✻ यूपी के1.86 करोड़ किसानों के खाते में तीन किश्तों में पहुंचेगा 4167.41 करोड़ रुपया**

मिल रहा है उसका लाभ उठावें। प्रधानमंत्री ने सल्फर कोटेड यूरिया का शुभारंभ किया है इसका प्रयोग करें। इससे यूरिया की बचत होगी और भरपूर उपयोग होगा, यूरिया के नुकसान भी कम होंगे। उन्होंने किसानों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने की अपील की। इससे जलवायु परिवर्तन के खतरों को नियंत्रित किया जा सकता है। इस अवसर पर मंत्री ने पांच पेड़ पीपल, बरगद, आंवला, गूलर तथा आम के लगाएं तथा अन्य किसानों ने 100 पेड़ लगाए।

### दमदार उत्पादन सरसो की बीज से मिला प्रति बीघा 4 क्विंटल

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** भारत में खाद्यतेल की खपत का लगभग 44त्न उत्पादन करता है, जिसमें सरसों का अधिकतम योगदान है, जो 39त्न है, उसके पश्चात सोयाबीन (24त्न), मूंगफली (7त्न) इत्यादि का नंबर लगता है। सरसों की खेती उत्तर प्रदेश में लोकप्रियता में बढ़त देख रही है और पिछले साल उत्तर प्रदेश भारत में सरसों का प्रमुख उत्पादक बन गया है। सरसों की खेती भारत की खाद्यतेल आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करने वाली महत्वपूर्ण फसल है और इन वजहों से कई किसानों को अपने खेतों में सरसों उगाने के लिए आकर्षित किया है। एक सरसों उत्पादक किसान रामा किशन जी ने अपनी सरसों उत्पादन को बहुत बढ़ा दिया। अपने अनुभव को साझा करते हुए, रामा किशन जी ने कहा, 卐पिछले साल की तुलना में, एग्रोस्टार से समय पर सलाह और उच्च गुणवत्ता वाले प्रोडक्ट की मदद से प्रति भीगा 400 किलोग्राम का भरपूर उत्पादन मिला।

# भाजपा 'ए' श्रेणी के बढ़ायेगी बूथ बूथ मजबूत तो जीत पक्की

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश के भाजपाइयों को मिशन-2024 के लिए महामंत्री संगठन बीएल संतोष नया टॉस्क थमा गए है। बूथ मजबूत तो जीत पक्की, इसलिए घर घर भाजपाई हाजिरी दे रहे हैं। उन्हें खराब बूथों को मजबूत नही नंबर-1 बनाना है। सात से 10 फीसदी बूथों को बी श्रेणी से ए में लाने का लक्ष्य दिया है। टारगेट राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष दे गए हैं। पार्टी सूत्रों के मुताबिक 2014, 2017, 2019 और 2022 के लोकसभा और विधान सभा चुनावों में मिले वोटों का भाजपा ने बूथवार डाटा विश्लेषण किया है। 38 फीसदी बूथ ऐसे हैं जो पार्टी के लिए ए श्रेणी के हैं यानि इन बूथों पर भाजपा नंबर-1 की स्थिति पर रही है। ए श्रेणी के 38 फीसदी बूथों का आंकड़ा बढ़ाकर 45 से 50 फीसदी तक पहुंचाने का लक्ष्य है। सभी बूथों को नये सिरे से ए, बी, सी और डी श्रेणी में बांटने को कहा गया है। बी श्रेणी के वे बूथ थे जहां भाजपा और विरोधी बराबरी की स्थिति में थे। सी श्रेणी में भाजपा को कम और डी श्रेणी वाले बूथों पर पार्टी को न के बराबर वोट मिले थे। दौरे पर आए राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष ने भाजपाइयों से जाना, जनाधार कैसे बढ़ाएं। भाजपा के पदाधिकारी अपने अपने सुझाव देने को आगे आये। सबकी सुनी और फिर टिप्स दिये। एक ने कहा, व्यापारी हमारा कोर वोट बैंक है। इनके लिए तमाम योजनाएं चल रही हैं फिर भी उदासीन है। खिलाफ वोटिंग तो नहीं करते मगर निराशा में वोट डालने ही नहीं जाते। ये बात कही तक सच है कि बहुत लोग सियासत में बढ़चढ़कर हिस्सा लेते हैं मगर मतदान के दिन निकलने से न जाने क्यों बचते हैं। यह कैसी जागरूकता जो बेकाम हो। कई बार देखा गया है कि कुछ महिलाओं में बूथ तक न जाने की प्रवृत्ति है। इस प्रवृत्ति को खत्म करने के लिए भी काम करने की जरूरत है। एक पदाधिकारी ने कहा, लाभार्थी भूल जाते हैं कि उन्हें सरकार ने क्या क्या दिया है। उन्हें याद दिलाते रहना होगा कि तुमने सरकार से यह लाभ लिया था। इसके लिए सतत प्रयास करते रहना होगा।

# अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ने घोषित किया मदरसा शिक्षा परिषद की परीक्षा का परिणाम

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

मुंशी,मौलवी परीक्षा में भदोही के मोहम्मद नाजिल ,आलिम में फर्रूखाबाद की चॉदनी बानों और कामिल परीक्षा में वाराणसी की रूकैय्या बेबी अव्व्ल

उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री धर्मपाल सिंह ने आज यहां अल्पसंख्यक कल्याण निदेशालय में मदरसा शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा वर्ष 2023 का परिणाम घोषित किया। मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा संचालित मुंशी मौलवी सेकेण्डरी, आलिम सीनियर सेकेण्डरी, कामिल एवं फाजिल परीक्षा वर्ष-2023 में 539 परीक्षा केन्द्रों पर सकुशल, नकलविहीन, पारदर्शी एवं सुचितापूर्ण रूप से सम्पन्न कराई गई। परीक्षा में 1,69,796 परीक्षार्थी सम्मिलित हुये, जिसमें से 1,09,527 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुये। उत्तीर्ण परीक्षार्थियों में 54,481 छात्र 98.54 प्रतिशत एवं 55046 छात्रायें 87.22 प्रतिशत है। 84.48 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुये हैं। इस मौके पर धर्मपाल सिंह ने बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि सभी विद्यार्थी अपनी पढ़ाई निरन्तर जारी रखते हुए आगे भी बेहतर परिणाम हासिल करेंगे और अपने माता-पिता, शिक्षकों सहित प्रदेश एवं देश का नाम रोशन करें। उन्होंने पत्रकारो को सम्बोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की मूलनीति ''सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के साथ सबका प्रयास'' है। प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की मंशा ''एक हाथ में कुरान और दूसरे हाथ में लैपटाप'' से अल्पसंख्यकों में एक नये मनोबल, चेतना और विश्वास का संचार हुआ है। अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र छात्राओं के सशक्तिकरण की आधार नीति को यथार्थ धरातल पर लाने का कार्य हमारी सरकार निरन्तर कर रही है। मुख्यमंत्री के मार्ग दर्शन में हम लगातार अल्पसंख्यकों के हित के लिए काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि समाज के विकास के लिए शिक्षा सबसे बुनियादी चीज है। सरकार पूरी तरह से मदरसों की शिक्षा की बेहतरी के लिए संजीदा है और आगे भी जरूरी कदम उठाते रहेंगे। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ने कहा कि मदरसों में अध्ययनरत् छात्र छात्राओं की सुविधा एवं उनको आधुनिक तकनीक के माध्यम से शिक्षित करने के उद्देश्य से मदरसा शिक्षा परिषद का मदरसाई-लर्निंग ऐप लांच किया गया है। केन्द्र तथा राज्य सरकार का यह भी लक्ष्य है कि मदरसों में पारम्परिक शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा भी पूरे वैज्ञानिक तरीके से दी जाय।

# केजीएमयू में माती अस्पताल, पेट सीटी स्कैन एवं रूफटाप सोलर पावर प्रोजेक्ट का उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

प्रदेश के किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय लखनऊ में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा, चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह द्वारा आज माती अस्पताल, पेट सीटी स्कैन एवं रूफटाप सोलर पावर प्रोजेक्ट का बटन दबाकर उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने इस अवसर पर कहा कि प्रदेश सरकार प्रत्येक मरीज को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिले, इसके प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री के आयुष्मान योजना के तहत गरीबों को चिकित्सा में मदद की जा रही है। इन सबके बावजूद केजीएमयू को भी ऐसा कार्य करना होगा कि प्रत्येक मरीज को संतुष्टि मिले, और दुनिया में चिकित्सा का रोल माडल बने।

उन्होंने कहा कि केजीएमयू चिकित्सा के क्षेत्र में वर्ल्ड क्लास सेंटर बने, इसके लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि केजीएमयू का चिकित्सा क्षेत्र में दुनियाभर में नाम है। इस संस्थान को 100 वर्ष हो गये मरीजों की सेवा करते हुए। इस अवधि में चिकित्सा विज्ञान में नित नये आयाम हासिल किये। इसके लिए यहां की फैकल्टी धन्यवाद की पात्र है। उन्होंने कहा कि मरीजों की देखभाल एवं इलाज में कोई कमी न रहे, अब ऐसा कार्य करना है। सरोजनीनगर के बिजनौर क्षेत्र के माती गांव में माती अस्पताल शुरू होने से ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को बेहतर इलाज मिलेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में पनपने वाली बीमारियों को समय से नियंत्रित भी किया जा सकेगा। इसी प्रकार पेट सी.टी. स्कैन के स्थापित होने से मरीजों को कैंसर, डायबिटिज, टी.वी. तथा मानसिक रोग जैसे बीमारियों की जांच एवं इलाज में आसानी होगी। श्री पाठक ने ऊर्जा मंत्री से कहा कि चिकित्सा क्षेत्र सेवा का क्षेत्र है। केजीएमयू को प्रतिमाह 05 करोड़ रूपये बिजली का कामर्शियल बिन देना पड़ता है, लोहिया संस्थान पीजीआई को काफी कम बिल देना पड़ता है। इस दायरे में केजीएमयू को लाया जाय तो बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि संस्थान की अभी 75 प्रतिशत छत खाली है। छात्रावास सहित इस पर रूफटाप सोलर लगाया जायेगा, जिससे कि बिजली के बिल में कमी आ सके।प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित होकर कहा कि केजीएमयू की कार्य संस्कृति बहुत अच्छी है। यहां के डाक्टर, नर्स, स्टाफ का व्यवहार बहुत अच्छा है। अच्छे वातावरण में मरीजों का इलाज किया जा रहा है। कैम्पस की साफ-सफाई बहुत अच्छी है। इसे बनाये रखना है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में ग्रीन एनर्जी के प्रयोग को बढ़ाया जा रहा है। नवीकरणीय ऊर्जा के प्रयोग से कार्बन उत्सर्जन में कमी आयेगी और हम नेट जीरो एमिशन के साथ एक बेहतर, स्वच्छ पर्यावरण आने वाली पीढ़ी को देंगे।श्री शर्मा ने कहा कि नेडा के सहयोग से यहां पर एक मेगावाट क्षमता का रूफटाप सोलर पावर प्रोजक्ट तीन माह में स्थापित कराया गया। इससे प्रतिवर्ष 60 लाख रूपये की बचत होगी। साथ ही 4500 से 5000 यूनिट बिजली पैदा होगी और 1500 टन कार्बन उत्सर्जन कम होगा।

उन्होंने कहा कि इसके पहले भी यहां पर 1.37 मेगावाट का सोलर प्लान्ट लगाया गया है। सौर ऊर्जा की कीमत थर्मल पावर की आधी होती है। कहा कि ऊर्जा ही सृष्टि के संचालन का स्रोत है। सब कुछ ऊर्जा से ही चल रहा है। उन्होंने केजीएमयू से निकलने वाले मेडिकल वेस्ट के बेहतर प्रबंधन के लिए भी मॉडल प्रस्तुत करने को कहा और प्रधानमंत्री के विजन ''कचरे से कंचन'' बनाने की पहल को आगे बढ़ाये।चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने इस अवसर पर कहा कि माती हास्पिटल को बनाने में कार्यदायी संस्थाओं ने काफी समय लिया है। जो कि प्रदेश सरकार की मंशा के विपरीत है। जनता के लिए उपयोगी प्रोजेक्ट में देरी समाज के हित में नहीं, ऐसे कार्यो में सुधार करें। जनता को बेहतर सुविधायें प्रदान करें, किसी को भी शिकायत का मौका न दें।केजीएमयू के कुलपति लेजन डा बिपिन पुरी ने अपने स्वागत उद्बोधन में बताया कि संस्थान के लिए आज का दिन ऐतिहासिक है। तीन प्रोजेक्ट का लोकार्पण किया गया है। हम अपनी सेवाओं को निरन्तर बढ़ा रहे हैं। आवासीय सुविधा से युक्त मातीअस्पताल के बनने से ग्रामीण चिकित्सा के क्षेत्र में कार्य करने का मौका मिलेगा। विद्यार्थी गॉव में जाकर बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रयास करेंगे। इसी प्रकार रूफटाप सोलर पॉवर प्रोजेक्ट के लगने से केजीएमयू के 13.27 मेगावाट के कुल विद्युतभार में कमी आयेगी और पैसों की बचत होगी। पेट सीटी स्कैन के लगने से कैंसर, थायराइड, इन्डोस्कोपिक, टीबी, मानसिक बीमारियों, नसो के ब्लाकेज की जॉच में बहुत मदद मिलेगी और गम्भीर बीमारियों में आसानी होगी। इस दौरान इन तीनों प्रोजक्ट से संबंधित लघु फिल्म दिखाई गई।

# मणिपुर हिंसा को लेकर रालोद का राष्ट्रपति को ज्ञापन

## मणिपुर सरकार भंग कर राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष मनजीत सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह के निर्देश पर आज प्रदेश के जिला मुख्यालयों पर राष्ट्रीय लोकदल की जिला एवं महानगर इकाइयों द्वारा मणिपुर हिंसा को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा गया।श्री सिंह ने बताया कि पूरे प्रदेश में सौंपे गए ज्ञापन में रालोद नेताओं द्वारा अवगत कराया गया कि मणिपुर राज्य में विगत 4 मई को घटित दुर्भाग्यपूर्ण एवं बर्बरतापूर्ण घटना बेहद अफसोस और चिंताजनक है। मणिपुर में महिलाओं के साथ जो घटना घटित हुई है वह मानवता को शर्मसार करने वाली हैं। केन्द्र सरकार और मणिपुर सरकार ने इतनी बड़ी मानवीय त्रासदी को मूकदर्शक बनकर होने दिया जिसने मणिपुर के नाजुक सामाजिक ताने बाने को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है। साथ ही मणिपुर हिंसा ने दूसरे पूर्वोत्तर राज्यों में भी तनावपूर्ण स्थिति पैदा कर दी है। बड़े अफसोस की बात है कि मणिपुर में बढ़ रहे संवैधानिक संकट पर संसद के दोनों सदनों में कोई चर्चा नहीं हुई और न ही देश के प्रधानमंत्री ने सदन की कार्यवाही में शामिल होकर अपना वक्तव्य दिया।उन्होंने बताया कि ज्ञापन में रालोद नेताओं ने मांग की कि मणिपुर में सरकार को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाया जाए तथा सर्वोच्च न्यायालय के वर्तमान न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई जाए जिससे मणिपुर नरसंहार की निष्पक्ष जांच हो सके, मणिपुर में महिलाओं, आदिवासी, दलितों तथा गरीबों के साथ हो रहे उत्पीड़न पर तत्काल रोक लगायी जाए तथा मणिपुर हिंसा में मारे गये लोगों के परिजनों को उचित मुआवजा मुहैया कराया जाए।

लखनऊ में रालोद महानगर अध्यक्ष आशीष तिवारी और जिलाध्यक्ष रफी अहमद सिद्दीकी की अध्यक्षता में मणिपुर हिंसा को लेकर रालोद नेताओं द्वारा जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा गया।महानगर अध्यक्ष आशीष तिवारी ने कहा कि मणिपुर में महिलाओं के साथ जो घटना घटित हुई है वह मानवता को शर्मसार करने वाली हैं। केन्द्र सरकार और मणिपुर सरकार ने इतनी बड़ी मानवीय त्रासदी को मूकदर्शक बनकर होने दिया जिसने मणिपुर के नाजुक सामाजिक ताने बाने को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है। मणिपुर हिंसा ने दूसरे पूर्वोत्तर राज्यों में भी तनावपूर्ण स्थिति पैदा कर दी । मणिपुर में बढ़ रहे संवैधानिक संकट पर संसद के दोनों सदनों में कोई चर्चा नहीं हुई और न ही देश के प्रधानमंत्री ने सदन की कार्यवाही में शामिल होकर अपना वक्तव्य दिया।

## मुख्य कर निर्धारण अधिकारी की रिपोर्ट से खोली पोल, 2,67,145 भवनों का मिलान ही नही

# लखनऊ नगर निगम ने 51 हजार घरों पर ठोका अनाप-शनाप हाउस टैक्स

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ नगर निगम ने लखनऊ के 51,267 भवनों के गृह कर नियमों को ताक पर रखकर बढ़ा दिए हैं। इसका खुलासा खुद लखनऊ नगर निगम के मुख्य कर निर्धारण अधिकारी की रिपोर्ट से हुआ है। उन्होंने नगर आयुक्त को एक रिपोर्ट दी है जिसमें कहा कि भवनों के करनिर्धारण में नियमों और प्रक्रिया का पालन नहीं हुआ। नगर निगम में हाउस टैक्स को लेकर लोग भटकते दिखते हैं। लखनऊ नगर निगम के कर्मचारी व इंस्पेक्टर टैक्स बढ़ाकर भवन स्वामियों का शोषण करते हैं। नगर निगम प्रायः टैक्स की गड़बड़ियों को सीधे तौर पर स्वीकार नहीं करता था, लेकिन अब मुख्य कर निर्धारण अधिकारी ने रिपोर्ट में गड़बड़ी होने की बातस्वीकारी है। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में स्पष्ट तौर पर लिखा है कि 51,267 से ज़्यादा भवनों के कर निर्धारण में नियमों और प्रक्रिया को




दरकिनार किये जाने से टैक्स बढ़ गया है। इससे भवन स्वामी गृह कर नहीं जमा कर रहे हैं। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पीके मिश्रा ने रिपोर्ट कहा है कि गलत निर्धारण होने के वजह से कुछ भवन स्वामियों ने अदालतों का दरवाजा खटखटाया है। वे नगर निगम की जगह अदालत से राहत प्राप्त करने के प्रयास में लगे हैं। भवनों के कर निर्धारण मेंइसलिए गड़बड़ी हुई क्योंकि जीआईएस से जो आंकड़े मिले थे उन्हें सीधे एनआईसी के सॉफ्टवेयर पर अपलोड कर दिया गया। ये आंकड़े सही थे या नहीं ,भवनों से इनका मिलान ही नहीं किया गया। भवन स्वामियों का पक्ष नहीं सुना।लखनऊ में भवनों का जीआईएस सर्वे यूनिकॉप कंपनी ने किया है। उसने नगर निगम सीमा में 8,39,190 भवन चिह्नित किए हैं। इनमें से 3,41,529 भवनों के डेटाबेस का नगर निगम के गृह कर के डेटाबेस से मिलान हुआ है। 2,67,145 भवनो का जीआईएस डेटा से मिलान नहीं हो पाया है। इस वज इन भवन स्वामियों को अभी तक नोटिस भी नहीं भेजी जा सकी है।मुख्यकर निर्धारण अधिकारी के मुताबिक 51,267 भवन स्वामियों के कर निर्धारण में प्रक्रिया व नियमों का पालन नहीं किया गया है, जिसकी रिपोर्ट नगर आयुक्त को रिपोर्ट भेजी है। जो भवन स्वामी आ रहे हैं, उनके हाउस टैक्स में सुधार किया जा रहा है।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

### केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में शिक्षकों के एक तिहाई पद खाली तो किसके भरोसे संस्थान

सवाल यह है कि शिक्षा के मंदिर में पहले तो पर्याप्त संख्या में शिक्षकों का होना जरूरी है। इसके बाद यह और भी ज्यादा जरूरी हो जाता है कि फैकल्टी उच्चस्तरीय हो। योग्य, विशेषज्ञ विद्वान और गुणी शिक्षक ही शिक्षा के स्तर को बनाए रख सकते हैं। यह साफ हो जाना चाहिये कि शिक्षण संस्थान से अच्छी पौध तैयार होगी तो फल भी अच्छे आयेंगे। ऐसे विद्यार्थियों को रोजगार के लिए भी इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा बल्कि रोजगार देने वालों की लाइन लगी रहेगी। इसलिए सरकार को एक बात साफ हो जाना चाहिए कि शिक्षा के मंदिरों में शिक्षकों के पद रिक्त नहीं रहें।

*देश के केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में शिक्षकों के समग्र रूप से 33 प्रतिशत से भी अधिक पदों का खाली होना हमारी उच्च शिक्षा व्यवस्था की पोल खोल कर रख देने की लिए काफी है। मजे की बात यह है कि कई राज्यों के केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में तो यह आंकड़ा 88 प्रतिशत तक पहुंच रहा है। यह कोई खयाली आंकड़ा नहीं है बल्कि केन्द्रीय उच्च शिक्षा मंत्रालय द्वारा पिछले दिनों सूचना के अधिकार के तहत दी गई जानकारी में सामने आया है। यह और अधिक चिंतनीय इस मायने में हो जाता है कि इन आंकड़ों का विश्लेषण करेंगे तो इस संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि किन्हीं केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में तो किसी विषय विशेष में एक भी प्रोफेसर न हों। क्योंकि विश्वविद्यालय हिन्दी, अंग्रेजी या गणित के भरोसे नहीं अपितु विश्वविद्यालयों में अनेक संकाय होते हैं। संकायों में भी अनेक विषय और विषयों में भी विशिष्ट अध्ययन अलग। आखिर उच्च अध्ययन जैसे गंभीर क्षेत्र को इस तरह किसके भरोसे छोड़ा जा रहा है तो दूसरी ओर हम स्तरीय शिक्षा व्यवस्था की किस आधार पर अपेक्षा करने जा रहे हैं। हालात ना केवल चिंतनीय है अपितु अपने आप में गंभीर भी है। एक ओर हम देश को विश्व गुरु बनाने का सपना देख रहे हैं, देश के शिक्षा के स्तर को विश्वस्तरीय बनाने की बात कर रहे हैं, दुनिया के स्तरीय विश्वविद्यालयों में हमारे विश्वविद्यालयों को शुमार होता देखना चाहते हैं, दुनिया के 100-200 श्रेष्ठ विश्वविद्यालयों की सूची में अपने शिक्षण संस्थानों के नाम देखना चाहते हैं, वहीं हालात यह है कि उड़ीसा में केन्द्रीय विश्वविद्यालय में 88.3 प्रतिशत पद रिक्त है। यह तो बानगी मात्र है। केन्द्रीय उच्च शिक्षा मंत्रालय द्वारा सूचना के अधिकार के तहत दी गई जानकारी को ही आधार मानकर विश्लेषण करें तो पाएंगे कि देश के 45 केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में शिक्षकों के 30 प्रतिशत पद रिक्त हैं। हालांकि केरल और मिजोरम के हालात थोड़े ठीक कहे जा सकते हैं पर वहां भी करीब 15 फीसदी पद खाली हैं। जम्मू-कश्मीर में 53.9, त्रिपुरा में 50.3, मध्य प्रदेश में 47.9, कर्नाटक में 42.7, मेघालय में 42.6, उत्तराखंड में 41.9, दिल्ली में 35.9, झारखण्ड में 34.6 और हिमाचल में 33.6 प्रतिशत पद रिक्त चल रहे हैं। इसी तरह से अन्य प्रदेशों में भी रिक्त पद निश्चित रूप से होंगे। हालात जब ऐसे हों तो गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा की बात बेमानी होगी। समग्र रूप से देखा जाये तो देश के केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में 18956 पद स्वीकृत है, जिसमें से एक तिहाई यानी 6028 पद रिक्त हैं। हो सकता है कि आंकड़ों में उन्नीस-बीस का अंतर हो, पर यह तो साफ है कि केन्द्रीय विश्वविद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों की संख्या बहुत अधिक है। जब केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के यह हालात हैं तो राज्यों द्वारा संचालित विश्वविद्यालयों और निजी क्षेत्र के विश्वविद्यालयों के क्या हालात होंगे, यह किसी से छिपा नहीं है। सवाल है कि विश्वविद्यालय जिस उद्देश्य से खोले गए हैं यदि वहां पढ़ाने वाले, शोध कराने वाले ही नहीं होंगे तो फिर उनका क्या मतलब रह जाता है? फिर इन विश्वविद्यालयों से स्तरीय शोध और अध्ययन की अपेक्षा करने का भी कोई अर्थ नहीं रह जाता है। दरअसल शिक्षण संस्थान खोल देने से समस्या का समाधान नहीं होने वाला है। हमारे सामने शिक्षा के हालात के अनेक उदाहरण सामने हैं। एक समय था एमबीए का जबरदस्त क्रेज रहा और एक के बाद एमबीए संकाय खोले गए और फिर आज हालात क्या है यह हमारे सामने है। इसी तरह इंजीनियरिंग कॉलेजों की देश में बाढ़ आ गई और आज हालात यह है कि इन कॉलेजों में अच्छी-खासी संख्या में सीटें खाली रहने लगी हैं। हालत यह है कि कई इंजीनियरिंग कॉलेजों को तो बंद करने की स्थिति है।*

## एक्सप्रेस आलेख

कागज बनाने के लिए वृक्षों पर कम से कम कुल्हाड़ी चले। विश्वभर में आधुनिकीकरण और औद्योगिकीकरण के चलते प्रकृति के साथ बड़े पैमाने पर जो खिलवाड़ हो रहा है, उसके मद्देनजर आमजन को पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक करने की जरूरत अब कई गुना बढ़ गई है। कितना ही अच्छा हो, अगर हम सब प्रकृति संरक्षण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लेते हुए अपने-अपने स्तर पर उस पर ईमानदारी से अमल भी करें। प्रकृति बार-बार अपनी मूक भाषा में चेतावनियां देकर हमें सचेत करती रही है, इसलिए स्वच्छ और बेहतर पर्यावरण के लिए जरूरी है कि हम प्रकृति की इस मूक भाषा को समझें और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपना-अपना योगदान दें।

# समझनी ही होगी प्रकृति की मूक भाषा



योगेश कुमार गोयल

पर्यावरणीय असंतुलन के बढ़ते खतरों के मद्देनजर हमें खुद सोचना होगा कि हम अपने स्तर पर प्रकृति संरक्षण के लिए क्या योगदान दे सकते हैं। अगर हम वाकई चाहते हैं कि हम और हमारी आने वाली पीढ़ियां साफ-सुथरे वातावरण में बीमारी मुक्त जीवन जीएं तो हमें अपनी इस सोच को बदलना होगा कि यदि सामने वाला व्यक्ति कुछ नहीं कर रहा तो मैं ही क्यों करूं?

प्रदूषित हो रहे पर्यावरण के आज जो भयावह खतरे हमारे सामने आ रहे हैं, उनसे शायद ही कोई अनभिज्ञ हो और हमें यह स्वीकार करने से भी गुरेज नहीं करना चाहिए कि इस तरह की समस्याओं के लिए कहीं न कहीं जिम्मेदार हम स्वयं भी हैं। पेड़-पौधों की अनेक प्रजातियों के अलावा बिगड़ते पर्यावरणीय संतुलन और मौसम चक्र में आते बदलाव के कारण जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। हमें यह भली-भांति जान लेना चाहिए कि इन प्रजातियों के लुप्त होने का सीधा असर समस्त मानव सभ्यता पर पड़ना अवश्वम्भावी है। सबसे पहले यह जानना बेहद जरूरी है कि प्रकृति आखिर है क्या? चर्चित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक में बताया गया है कि प्रकृति के तीन प्रमुख तत्व हैं जल, जंगल और जमीन, जिनके बगैर प्रकृति अधूरी है और यह विड़म्बना ही है प्रकृति के इन तीनों ही तत्वों का इस कदर दोहन किया जा रहा है कि इसका संतुलन डगमगाने लगा है, जिसकी परिणति अक्सर भयावह प्राकृतिक आपदाओं के रूप में सामने भी आने लगी है। प्राकृतिक साधनों के अंधाधुंध दोहन और प्रकृति के साथ खिलवाड़ का ही नतीजा है कि पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ने के कारण मनुष्यों के स्वास्थ्य पर तो प्रतिकूल प्रभाव पड़ ही रहा है, जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियां भी लुप्त हो रही हैं। पर्यावरण का संतुलन डगमगाने के चलते लोग अब तरह-तरह की भयानक बीमारियों के जाल में फंस रहे हैं, उनकी प्रजनन क्षमता पर इसका दुष्प्रभाव पड़ रहा है, उनकी कार्यक्षमता भी इससे प्रभावित हो रही है। लोगों की कमाई का बड़ा हिस्सा बीमारियों के इलाज पर ही खर्च हो जाता है। प्रकृति का संतुलन बनाए रखने के लिए जल, जंगल, वन्य जीव और वनस्पति, इन सभी का संरक्षण अत्यावश्यक है। दुनियाभर में पानी की कमी के गहराते संकट की बात हो या ग्लोबल वार्मिंग के चलते धरती के तपने की अथवा धरती से एक-एक कर वनस्पतियों या जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों के लुप्त होने की, इस तरह की समस्याओं के लिए केवल सरकारों का मुंह ताकते रहने से ही हमें कुछ हासिल नहीं होगा बल्कि प्रकृति संरक्षण के लिए हम सभी को अपने-अपने स्तर पर अपना योगदान देना होगा। प्रकृति के साथ हम बड़े पैमाने पर जो छेड़छाड़ कर रहे हैं, उसी का नतीजा है कि पिछले कुछ समय से भयानक



पर्यावरण का संतुलन डगमगाने के चलते लोग अब तरह-तरह की भयानक बीमारियों के जाल में फंस रहे हैं, उनकी प्रजनन क्षमता पर इसका दुष्प्रभाव पड़ रहा है, उनकी कार्यक्षमता भी इससे प्रभावित हो रही है। लोगों की कमाई का बड़ा हिस्सा बीमारियों के इलाज पर ही खर्च हो जाता है।

तूफानों, बाढ़, सूखा, भूकम्प जैसी प्राकृतिक आपदाओं का सिलसिला तेजी से बढ़ा है। हमारे जो पर्वतीय स्थान कुछ सालों पहले तक शांत और स्वच्छ हवा के लिए जाने जाते थे, आज वहां भी प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है और ठंडे इलाकों के रूप में विख्यात पहाड़ भी अब तपने लगने हैं, वहां भी जल संकट गहराने लगा है, वहां भी बाढ़ का ताण्डव देखा जाने लगा है। इसका एक बड़ा कारण पहाड़ों में भी विकास के नाम पर जंगलों का सफाया करने के साथ-साथ पहाड़ों में बढ़ती पर्यटकों की भारी भीड़ भी है। कोई भी बड़ी प्राकृतिक आपदा सामने आने पर हम आदतन प्रकृति को कोसना शुरू कर देते हैं लेकिन हम नहीं समझना चाहते कि प्रकृति तो रह-रहकर अपना रौद्र रूप दिखाकर हमें सचेत करने का प्रयास करती रही है कि अगर हम अभी भी नहीं संभले और हमने प्रकृति से साथ खिलवाड़ बंद नहीं किया तो हमें आने वाले समय में इसके खतरनाक परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना होगा। प्रकृति हमारी मां के समान है, जो हमें अपने प्राकृतिक खजाने से ढ़ेरों बहुमूल्य चीजें प्रदान करती है लेकिन अपने स्वार्थों के चलते हम अगर खुद को ही प्रकृति का स्वामी समझने की भूल करने लगे हैं तो फिर भला प्राकृतिक तबाही के लिए प्रकृति को कैसे दोषी ठहरा सकते हैं बल्कि दोषी तो हम स्वयं हैं, जो इतने साधनपरस्त और आलसी हो चुके हैं कि अगर हमें अपने घर से थोड़ी ही दूरी से भी कोई सामान लाना पड़े तो पैदल चलना हमें गवारा नहीं। इस छोटी सी दूरी के लिए भी हम स्कूटर या बाइक का सहारा लेते हैं। छोटे-मोटे कार्यों की पूर्ति के लिए भी निजी यातायात के साधनों का उपयोग कर हम पैट्रोल, डीजल जैसे धरती पर ईंधन के सीमित स्त्रोतों को तो नष्ट कर ही रहे हैं, पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान पहुंचा रहे हैं और पैदल चलना छोड़कर अपने स्वास्थ्य के साथ भी खिलवाड़ रहे हैं। हमारे क्रियाकलापों के चलते ही वायुमंडल में कार्बन मोनोक्साइड, नाइट्रोजन, ओजोन और पार्टिक्यूलेट मैटर के प्रदूषण का मिश्रण इतना बढ़ गया है कि हमें वातावरण में इन्हीं प्रदूषित तत्वों की मौजूदगी के कारण सांस की बीमारियों के साथ-साथ टीबी, कैंसर जैसी कई और असाध्य बीमारियां जकड़ने लगी हैं। पैट्रोल, डीजल से पैदा होने वाले धुएं ने वातावरण में कार्बन डाईऑक्साइड और ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा को बेहद खतरनाक स्तर तक पहुंचा दिया है। पेड़-पौधे कार्बन डाईऑक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण संतुलन बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं, इसलिए जरूरत है कि हम अपने-अपने स्तर पर वृक्षारोपण में दिलचस्पी लें और पौधारोपण के पश्चात् उन पौधों की अपने बच्चों की भांति ही देखभाल भी करें। पर्यावरणीय असंतुलन के बढ़ते खतरों के मद्देनजर हमें खुद सोचना होगा कि हम अपने स्तर पर प्रकृति संरक्षण के लिए क्या योगदान दे सकते हैं। अगर हम वाकई चाहते हैं कि हम और हमारी आने वाली पीढ़ियां साफ-सुथरे वातावरण में बीमारी मुक्त जीवन जीएं तो हमें अपनी इस सोच को बदलना होगा कि यदि सामने वाला व्यक्ति कुछ नहीं कर रहा तो मैं ही क्यों करूं? हम प्रयास कर सकते हैं कि हमारे दैनिक क्रियाकलापों से हानिकारक कार्बन डाई ऑक्साइड जैसी गैसों का वातावरण में उत्सर्जन कम से कम हो। पानी की बचत के तरीके अपनाते हुए जमीनी पानी का उपयोग भी हम केवल अपनी आवश्यकतानुसार ही करें।

## एक्सप्रेस कविता

*बीत जाती है सदियां बदल जाते हैं युग पर नहीं विस्मृत हो रहा प्रभु रूप अनोखा तुम्हारा। झर जाती पंखुरियाँ उड़ उड़ जाती सुगंध रूप ,सौंदर्य जिसका हमें घमंड मिट जाते हैं सदैव काल के संग। युग अनेक बीत गए लगते तुमने नित नए नए, फूलों से ताजा ताजा कलियों से खिले खिले। ओस के कणों से बिखरे हर घड़ी मन आंखों में उभरते नए रूप तुम्हारे जीवन नैया चलती इसी सहारे। यादों में डूबता रहता जैसी नदियां सागर में शब्द भरे हो जैसे गागर में नयन प्यासे राधा के आगर में। नाम लेता तेरा जो भी प्रिय होता मुझे वही, पर बता सका न कोई प्रभु तुम्हारा पता सही-सही मन को तृप्त न कर सका कोई। प्रभु एक बार दर्शन दो, धन्य भाग हो जाए हमारे।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*सबसे बड़ी त्रासदी बुरे व्यक्तियों का अत्याचार और दमन नहीं, बल्कि इस पर अच्छे लोगों का मौन रहना है।*

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | दशमी 14:44 तक |
| नक्षत्रः | अनुराधा 24:44 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | शुक्रवार |
| योगः | शुक्ला, 11:43 |
| सूर्योदयः | 05:44 |
| सूर्यास्तः | 19:10 |
| चंद्रमाः | वृश्चिक राशि में |
| राहुकालः | 10:46-12:27 |
| विक्रमी संवत्ः | 2080 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | श्रावण (अधिकमास) |
| शुभ मुहूर्तः | 12:00-12:54 |

## जन एक्सप्रेस

### ठप्प कामकाज !

*हो रहा हंगामा है ।*
*ठप्प कामकाज ।।*
*भटक रहे हैं प्रतिनिधि ।*
*कहते हम सरताज ।।*
*ना चलनी है गाड़ी ।*
*ऐसे इस प्रकार ।।*
*करने पूरे देश के ।*
*सपने भी साकार ।।*
*असमंजस की स्थिति ।*
*उथल पुथल है आज ।।*
*चल रहा व्यवहार जो ।*
*है इससे अकाज*
*देश समाज देख रहा ।*
*आपका यह नृत्य ।।*
*पड़ सकता है भारी ।*
*चल रहा जो कृत्य ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# मुंहासों के दाग हटाने के लिए शहद का करें इस्तेमाल, मिलेगी निखरी-बेदाग त्वचा

**चेहरे** पर एक्ने या मुंहासे की समस्या का सामना कई लोगों को करना पड़ता है। धूल-मिट्टी, प्रदूषण, खराब लाइफस्टाइल, तनाव और गलत प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल के कारण अक्सर चेहरे पर पिंपल्स हो जाते हैं। मुंहासों से छुटकारा पाने के लिए अक्सर लोग तरह-तरह के स्किन केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। इनसे पिंपल्स तो ठीक हो जाते हैं। लेकिन मुंहासों के दाग-धब्बे त्वचा पर रह जाते हैं। मुंहासों के निशान देखने में काफी भद्दे लगते हैं और चेहरे की खूबसूरती को कम कर सकते हैं। ऐसे में, मुंहासों के निशान से छुटकारा पाने के लिए आप शहद का इस्तेमाल कर सकते हैं। जी हां, शहद त्वचा की कई समस्याओं को दूर करने में प्रभावी है। इसमें एंटी-बैक्टीरियल, एंटी ऑक्सीडेंट और एंटी-इन्फ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं, जो चेहरे पर मौजूद डेड स्किन और एक्स्ट्रा ऑयल को रिमूव करते हैं। शहद न सिर्फ त्वचा को मॉइश्चराइज करता है, बल्कि मुंहासों और उनके दाग-धब्बों को साफ करने में भी मदद करता है। चेहरे पर शहद लगाने से त्वचा मुलायम और चमकदार बनती है। अब आप सोच रहे होंगे कि शहद से पिंपल के निशान कैसे हटाएं?



**कच्चा शहदः** चेहरे से मुंहासों के निशान हटाने के लिए आप सिर्फ शहद का इस्तेमाल कर सकते हैं। शहद डेड स्किन और गंदगी को रिमूव करता है और त्वचा को मॉइश्चराइज भी करता है। इसमें विटामिन्स, मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं, जो त्वचा की रंगत सुधारने में मदद कर सकते हैं। इसके लिए आप एक चम्मच कच्चा शहद लें। इसे चेहरे पर लगाकर हल्के हाथों से मसाज करें। 10-15 मिनट बाद पानी से धो लें। ऐसा रोज करने से एक्ने के दाग धीरे-धीरे हल्के पड़ने लगेंगे।

**शहद और नींबूः** शहद और नींबू का मिश्रण मुंहासों के निशान को मिटाने में काफी प्रभावी हो सकता है। नींबू में सिट्रिक एसिड होता है, जो त्वचा के दाग-धब्बों को साफ करने के साथ ही त्वचा की रंगत सुधारने में भी करने में मदद करता है। वहीं, शहद में एंटी-बैक्टीरियल गुण होता है, जो मुंहासों के साथ-साथ मुंहासों के निशान को हटाने में भी फायदेमंद होता है। इसके इस्तेमाल से त्वचा मुलायम और चमकदार बनती है। इसके लिए आप एक बाउल में एक चम्मच शहद लें। इसमें एक चम्मच नींबू का रस मिलाएं। अब इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाएं और करीब 15 मिनट के लिए छोड़ दें। उसके बाद चेहरे को पानी से धो दें। बेहतर रिजल्ट के लिए हफ्ते में एक से दो बार इसका उपयोग करें।

**शहद और हल्दीः** शहद और हल्दी, दोनों त्वचा के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। इन दोनों में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण मौजूद होते हैं, जो त्वचा के मुंहासों और दाग-धब्बों को हटाने में मदद करता है। मुंहासों के निशान हटाने के लिए आप शहद और हल्दी का फेस पैक लगा सकते हैं। इससे त्वचा की रंगत में भी सुधार होता है। इसके लिए आप एक कटोरी में एक चम्मच शहद लें। इसमें एक चुटकी हल्दी डालकर अच्छी तरह मिक्स कर लें। अब इसे अपने चेहरे पर लगाएं और सूखने के लिए छोड़ दें। करीब 10-15 मिनट बाद पानी से चेहरा धो लें। आप सप्ताह में 2-3 बार इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

## एक्सप्रेस विशेष

# संसद हो या विधानसभाएं, हर जगह हो रहा हंगामा



-ललित गर्ग

आजादी के अमृतकाल तक पहुंचने के बावजूद लोकतंत्र के सारथियों में परिपक्वता नहीं पनप पा रही हैं, साफ चरित्र जन्म नहीं ले पाया है, लोकतंत्र को हांकने के लिये हम प्रशिक्षित नहीं हो पाये हैं। उसका बीजवपन नहीं हुआ या खाद-पानी का सिंचन नहीं हुआ।

स्पष्ट है कि यदि दोनों पक्ष अपने-अपने रवैये पर अडिग रहते हैं तो संसद का चलना मुश्किल ही होगा। यदि वह चलती भी है, चर्चा होती है तो भी लगता नहीं कि वह स्तरीय और देश को आश्वस्त करने वाली होगी, क्योंकि सभी राजनीतिक दल राजनीतिक लाभ की रोटियां सेंकने के फेर में दिख रहे हैं। फिर विधानसभा चुनाव एवं आम चुनाव सामने होने की वजह से सभी कोई एक-दूसरे पर दोषारोपण कर जनता को गुमराह करना चाहते हैं।

**भारत** की संसदीय प्रणाली दुनिया में लोकप्रिय एवं आदर्श है, बावजूद इसके सत्ता की आकांक्षा एवं राजनीतिक मतभेदों के चलते लगातार संसदीय प्रणाली को धुंधलाने की घटनाएं होते रहना दुर्भाग्यपूर्ण है। अब संसद की कार्रवाई को बाधित करना एवं संसदीय गतिरोध आमबात हो गयी है। न केवल संसद बल्कि राज्यों की विधानसभाओं में समुचित रूप से विधायी कार्य न हो पाना दुर्भाग्यपूर्ण है। संसद एवं विधानसभाएं ऐसे मंच हैं जहां विरोधी पक्ष के सांसद एवं विधायक आलोचना एवं विरोध प्रकट करने के लिये स्वतंत्र होते हैं, लेकिन विरोध प्रकट करने का असंसदीय एवं आक्रामक तरीका, सत्तापक्ष एवं विपक्ष के बीच तकरार और इन स्थितियों से उत्पन्न संसदीय गतिरोध लोकतंत्र की गरिमा को धुंधलाने वाले हैं। अपने विरोध को विराट बनाने के लिये सार्थक बहस की बजाय शोर-शराबा और नारेबाजी की स्थितियां कैसे लोकतांत्रिक कही जा सकती है? दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश की विधायिकाओं में जो दृश्य देखने को मिल रहे हैं, वे सचमुच चिंताजनक हैं। हालत यह है कि हंगामे व शोर-शराबों के दौर में न संसद का सत्र चल पा रहा है और न ही राज्यों की विधानसभाएं। संसद से लेकर राज्यों की विधानसभाओं तक तस्वीर एक जैसी सामने आ रही है। राज्यसभा के सभापति ने आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह को अमर्यादित आचरण के आरोप में पूरे सत्र के लिए, तो राजस्थान में भी तीन दिन पहले तक मंत्री रहे राजेन्द्र गुढ़ा और विपक्षी दल भाजपा के विधायक मदन दिलावर को शेष सत्र के लिए निलम्बित कर दिया गया। संसद में हुड़दंग मचाने, अभद्रता प्रदर्शित करने एवं हिंसक घटनाओं को बल देने के परिदृश्य बार-बार उपस्थित होते रहना भारतीय लोकतंत्र की गरिमा से खिलवाड़ ही माना जायेगा। सफल लोकतंत्र के लिए सत्ता पक्ष के साथ ही मजबूत विपक्ष की भी जरूरत होती है। लेकिन पक्ष एवं विपक्ष दोनों ही लोकतंत्र को दूषित करने में लगे हैं। यह देखना दुखद, दयनीय और शर्मनाक है कि मणिपुर को लेकर देश-दुनिया में तो चर्चा हो रही है, लेकिन भारत की संसद में नहीं। यह चर्चा न हो पाने के लिए जिम्मेदार है क्षुद्र राजनीति और एक-दूसरे को कठघरे में खड़ा करने की प्रवृत्ति। संसद के तीन दिन बर्बाद हो गए, लेकिन मणिपुर पर चर्चा शुरू नहीं हो सकी। विपक्ष गृहमंत्री से पहले प्रधानमंत्री का वक्तव्य चाहता है। यह जिद चर्चा से बचने का बहाना ही अधिक जान पड़ती है, क्योंकि एक तो प्रधानमंत्री मणिपुर की घटना पर पहले ही बोल चुके हैं और दूसरे, सत्तापक्ष की ओर से यह नहीं कहा गया कि वह आगे इस विषय पर कुछ नहीं कहने वाले। लेकिन विपक्ष ने ठान लिया है कि वही होना चाहिए, जो उसकी ओर से कहा जा रहा है। जबकि सत्तापक्ष की ओर से बार-बार यह कहा जा रहा है कि मणिपुर सहित अन्य जरूरी मुद्दों पर यदि चर्चा के लिए समय कम पड़ा और उसे बढ़ाने की आवश्यकता पड़ी तो यह काम किया जा सकता है, इससे यही प्रतीत होता है कि विपक्ष संसद में ऐसा माहौल बना देना चाहता है कि आम जनता को लगे कि सरकार मणिपुर पर चर्चा करने से बच रही है। शायद इसीलिए विपक्षी नेता संसद परिसर में प्रदर्शन करने और दोनों सदनों में नारेबाजी को अतिरिक्त प्राथमिकता दे रहे हैं। लगभग ऐसी ही स्थितियां मध्य प्रदेश और राजस्थान की विधानसभाओं में देखने को मिल रही हैं। मध्यप्रदेश और राजस्थान दोनों ही राज्यों में चार माह बाद ही विधानसभा चुनाव होने हैं। मध्यप्रदेश में तो विधानसभा के आखिरी सत्र में पांच बैठकें होनी थीं लेकिन शोर-शराबे के हालात ऐसे रहे कि दो बैठकों के बाद ही मानसून सत्र समाप्त कर दिया गया। वैसे तो यह कोई नई बात नहीं है। देश की अधिकांश विधानसभाएं हंगामे और शोरगुल में ही डूबी रहती हैं, बिना कामकाज किये सम्पन्न हो जाती हैं। ऐसे में सवाल यही उठता है कि क्या यह सबसे बड़े लोकतंत्र की निशानी है? राजनीतिक दल और राजनेता यह अच्छी तरह से जानते हैं कि देश की संसद और विधानसभाएं राजनीति करने का मंच नहीं हैं। कानून बनाने, विकास की योजनाओं को लागू करने और उनको मजबूती देने के साथ जनसमस्याओं पर चर्चा कर उनका समाधान निकालने के लिए बने लोकतंत्र के ये पवित्र मंदिर हैं। सत्तारुढ़ दल और विपक्षी दल एक-दूसरे को नीचा दिखाने की होड़ में रहते हैं और इसी में सदनों का कीमती समय एवं जनता की गाढ़ी कमाई के अरबों रुपए हर साल खर्च एवं बर्बाद हो जाता है। जनता के पैसे से ही विधायक-सांसदों के वेतन-भत्ते और सुविधाएं उठाने वाले जनप्रतिनिधि उसी जनता की आवाज सदन में नहीं उठाएं तो क्या यह जनता के साथ धोखा नहीं?

# आज मुहर्रम की 9 तारीख, आज की जाने वाली इबादतों का भी बड़ा सवाब होता है

## मुहर्रम की 9 तारीख का रोजा रखा,उसके दो साल के गुनाह माफ हो जाते हैं तथा मुहर्रम के एक रोजे का सवाब 30 रोजों के बराबर मिलता

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** मुहर्रम इस्लामी कैलेंडर का प्रथम मास है। इत्तिफाक की बात है कि आज मुहर्रम का यह पहलू आमजन की नजरों से ओझल है और इस माह में अल्लाह की इबादत करनी चाहिये जबकि पैगंबरे-इस्लाम ने इस माह में खूब रोजे रखे और अपने साथियों का ध्यान भी इस तरफ आकर्षित किया। इस बारे में कई प्रामाणिक हदीसें मौजूद हैं। मुहर्रम की 9 तारीख को जाने वाली इबादतों का भी बड़ा सवाब बताया गया है।हजरत मुहम्मद (सल्ल.) के साथी इब्ने अब्बास के मुताबिक हजरत मुहम्मद ने कहा कि जिसने मुहर्रम की 9 तारीख का रोजा रखा, उसके दो साल के गुनाह माफ हो जाते हैं तथा मुहर्रम के एक रोजे का सवाब 30 रोजों के बराबर मिलता है। गोया यह कि मुहर्रम के महीने में खूब रोजे रखे जाने चाहिए। यह रोजे अनिवार्य यानी जरूरी नहीं हैं, लेकिन मुहर्रम के रोजों का बहुत सवाब है।अलबत्ता यह जरूर कहा जाता है कि इस दिन अल्लाह के नबी हजरत नूह (अ.) की किश्ती को किनारा मिला था। इसके साथ ही आशूरे के दिन यानी 10 मुहर्रम को एक ऐसी घटना हुई थी, जिसका विश्व इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान है। इराक स्थित कर्बला में हुई यह घटना दरअसल सत्य के लिए जान न्योछावर कर देने की जिंदा मिसाल है।इस घटना में हजरत मुहम्मद के नवासे हजरत हुसैन को शहीद कर दिया गया था। कर्बला की घटना अपने आप में बड़ी विभत्स और निंदनीय है। बुजुर्ग कहते हैं कि इसे याद करते हुए भी हमें हजरत मुहम्मद का तरीका अपनाना चाहिए। जबकि आज आमजन को दीन की जानकारी न के बराबर है। अल्लाह के रसूल वाले तरीकों से लोग वाकिफ नहीं हैं।

### करबला की जंग

युद्ध करबला, इराक़ की राजधानी बग़दाद से 100 किलोमीटर दूर उत्तर-पूर्व में एक छोटा-सा कस्बा।10 अक्टूबर 680 को समाप्त हुई। इसमें एक तरफ 72 (शिया मत के अनुसार 123 यानी 72 मर्द-औरतें और 51 बच्चे शामिल थे) और दूसरी तरफ 40,000 की सेना थी। हजरत हुसैन की फौज के कमांडर अब्बास इब्ने अली थे। उधर यजीदी फौज की कमान उमर इब्ने सअद के हाथों में थी। हुसैन इब्ने अली इब्ने अली तालिब हजरत अली और पैगंबर हजरत मुहम्मद की बेटी फ़ातिमा के पुत्र। जन्म ~ 8 जनवरी 626 ई. 3 शाबान 4 हिजरी। शहादत~ 10 अक्टूबर 680 ई.10 मुहर्रम 61 हिजरी। मुसलमानों का मानना है कि मोहर्रम के इस माह में अल्लाह की खूब इबादत करनी चाहिए। पैगंबरों ने इस माह में खूब रोज़े रखे। जानकारी के लिए बता दें कि अल्लाह की बन्दगी तो आठों पहर और सोते जागते करनी चाहिए। अल्लाह की बन्दगी का कोई महीना विशेष या दिन विशेष नहीं होता। अल्लाह की बन्दगी पूर्ण तत्वदर्शी सन्त जिसे कुरान के सूरत अल फुरकान 25~59 में बाख़बर कहा है, के द्वारा बताई इल्म के तरीके से की जा सकती है।मुस्लिम समाज में मनाया जाने वाला मुहर्रम सिर्फ इबादत का महीना है।हज़रत मोहम्मद ने कभी नहीं कहा कि आप अल्लाह के लिए खून बहाओ या अपने आप को कष्ट दो।और न ही इसका सुबूत कुरान पाक में है।

# प्रधानमंत्री मोदी के 9 सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के अन्तर्गत तरक्की के खुले द्वार 6 एक्सप्रेस-वे हुए संचालित

जन एक्सप्रेस । सीतापुर




मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 09 सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के अन्तर्गत तरक्की के खुले द्वार 06 एक्सप्रेसवे संचालित हुये तथा 07 निमार्णाधीन स्थिति में हैं। बढ़ी रफ्तार के अन्तर्गत 05 इंटरनेशनल एयरपोर्ट का सपना डबल इंजन की सरकार ने पूरा किया। प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत 54 लाख परिवारों को आवास उपलब्ध कराया गया। इसी प्रकार से 35494 ग्राम पंचायतों में पाइपलाइन बिछायी गयीं तथा 84.13 लाख घरों को नल कनेक्शन दिये गये। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना में 1.75 करोड़ परिवार लाभान्वित एवं दीपावली व होली पर निःशुल्क एल0पी0जी0 सिलेंडर देने का निर्णय लिया गया, जिसमें पात्रों को निःशुल्क एल0पी0जी0 सिलेंडर उपलब्ध कराये गये। गोरखपुर एवं रायबरेली में एम्स, लखनऊ में अटल बिहारी बाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, 65 मेडिकल कालेज का निर्माण एवं 22 निर्माणाधीन स्थिति में हैं। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में 15 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन वितरण किया गया। प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना (सौभाग्य) में 1.58 करोड़ घरों को निःशुल्क बिजली कनेक्शन दिया गया। किसान की मदद हेतु पी0एम0 किसान सम्मान निधि से 2.63 करोड़ किसानों को रू0 55882 करोड़ हस्तान्तरित की गयी। मुफ्त उपचार में 09 करोड़ लोगों को रू0 05 लाख तक मुफ्त इलाज की सुविधा, 2.61 करोड़ शौचालयों (इज्जतघर) के निर्माण में 10 करोड़ लोगों को लाभान्वित किया गया तथा जनपद सीतापुर में महत्वपूर्ण विभिन्न योजनाओं का प्रचार-प्रसार एल0ई0डी0 वीडियो वैन के माध्यम से किया जा रहा है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### पत्नी को गर्भपात कराने के बाद दे दिया तीन तलाक

जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी। बेटी के जन्म से नाराज पति ने पहले तो दवा खिलाकर पत्नी का गर्भपात करा दिया। विरोध करने पर गाली-गलौज की और तीन तलाक दे दिया।थाने पर सुनवाई न हुई तो पीड़िता ने महिला थाने में गुहार लगाई। पुलिस ने तीन तलाक और गर्भपात कराने की धाराओं में केस दर्जकर जांच शुरू की। मझगईं थाने के एक गांव में रहने वाली महिला ने दर्ज कराए मुकदमे में बताया कि उसकी शादी 2021 में मैगलगंज के औरंगाबाद निवासी नदीम से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद से ही पति,सास-ससुर, जेठ व ननदोई दहेज कम मिलने का ताना मारने लगे।अतिरिक्त दहेज में तीन लाख रुपये की मांग की। परेशान होकर उसने यह बात मायके वालों को बताई तो पिता ने पति नदीम को बाइक रिपेयरिंग व स्पेयर पार्ट्स की दुकान खुलवा दी। इसी बीच उसने एक बेटी को जन्म दिया। आरोप है कि कुछ माह बाद वह जब दोबारा गर्भ से हुई तो पति ने कहा कि फिर से बेटी को जन्म देगी और धोखे से दवा खिलाकर गर्भपात करा दिया। विरोध करने पर पीड़िता को मारापीटा और दुकान का सामान भरकर अपने साथ ले गया। पीड़िता ने बताया कि पति ने 25 जून को उसे तीन तलाक दे दिया। इसकी शिकायत संबंधित थाने में दी। सुनवाई न होने पर पीड़िता ने महिला थाने में शिकायत की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पति नदीम, सास-ससुर,जेठ व ननदोई पर तीन तलाक व गर्भपात कराने की धाराओं में केस दर्ज किया है।

### मारपीट में चार नामजद, रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ खीरी। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिझौली में खेत की जुताई कर रहे किसान की पिटाई कर दी गई। उसके चचेरे भाई ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। लखीमपुर के गांव गढ़ी मिदनियां निवासी नरेंद्र सिंह पुत्र धर्मपाल सिंह ने गोला कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह अपनी बुआ के यहां ग्राम बिझौली आया था। 22 जुलाई को अनिल के खेत की जुताई कर रहे थे। इसी दौरान गांव बिझौली फार्म निवासी हरभजन सिंह के पुत्र निशांत सिंह, सतनाम सिंह, सुखचयन सिंह और सरदूल सिंह आ गए और उसके तथा अनिल के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।



### थाना मझगई का पुलिस अधीक्षक ने किया लोकार्पण

जन एक्सप्रेस/शाजिफ हुसैन/लखीमपुर खीरी। गुरूवार को पुलिस अधीक्षक खीरी, गणेश प्रसाद साहा द्वारा विधि विधान से पूजन करके नवनिर्मित थाना मझगई का लोकार्पण किया गया व साथ ही मझगई थाने पर महिला सम्मान कक्ष व साइबर हेल्प डेस्क का भी लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी पलिया, सर्किल के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष, अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण, क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति तथा भारी संख्या में स्थानीय जनता उपस्थित रही। लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा अपने उद्बोधन के माध्यम से समस्त क्षेत्रीय संभ्रान्त व्यक्तियों एवं स्थानीय जनता को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद व्यक्त किया गया तथा यह अपेक्षा की गई कि नवनिर्मित थाना मझगई में आने वाले समय में अपनी सार्थकता को सिद्ध करेगी तथा संपूर्ण क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण स्थापित होगा।

### विपक्षियों के हमले से देवर भाभी घायल, रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस/आशीष कुमार तिवारी/ गोला गोकर्णनाथ खीरी। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुनैठिया निवासी मीना अवस्थी पत्नी केशव लाल अवस्थी ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि वह शील बाबू अग्रवाल के भट्टे पर ईट पथाई का काम परिवार सहित करती है। घटनाक्रम के अनुसार मीना अवस्थी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि विपक्षीगण साकिर, यूनुस अली, हामिद, नाजिम, अशफाक, बब्बू, महसाद, अकील, अजमुद्दीन और रुखसाद निवासी खुदागंज थाना गोला ने उन लोगों पर लाठी डंडा और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में मीना अवस्थी और उसके देवर को काफी चोटें आई हैं। पुलिस ने दोनों घायलों की जांच कराई है और रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करने में जुट गई है।

# अवैध नर्सिंग होम संचालक विभागीय सह पर चला रहे हैं अपना गोरखधंधा

* नगर में ऐसे कई नर्सिंग होम हैं जिन में कई बार जच्चा और बच्चा की जाने जा चुकी हैं कार्रवाई हुई लेकिन फिर पुन: संचालन हो रहा है
* विशेष सूत्र यह भी बता रहे हैं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दलालों का रहता है जमघट इन्हीं की बदौलत चौमासी मेंढक की तरह फल फूल रहे हैं अवैध नर्सिंग होम

जन एक्सप्रेस । सिदाकत मंसूरी

**मोहम्मदी खीरी।** नगर व क्षेत्र में जगह-जगह खुले अवैध नर्सिंग होम पर कार्यवाही नहीं होने से लोगों की जिंदगी का लगातार सौदा हो रहा है कोई ऐसा प्रखंड नहीं है जहां फर्जी क्लीनिक व नर्सिंग होम नहीं खुले हो जिम्मेदार अधिकारी ऐसे अवैध नर्सिंग होम पर नकेल कसने में दिलचस्पी नहीं लेते बिना लाइसेंस के चल रहे ऐसे नर्सिंग होम में आए दिन जच्चा बच्चा की मौतें होती रहती हैं विशेष सूत्रों से या अभी जानकारी मिली है बिचौलिए सरकारी अस्पतालों में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मी कमीशन एजेंट के रूप में काम करते हैं यहां मरीजों को पहुंचाते हैं डॉक्टरों द्वारा इलाज का ऑपरेशन का झांसा दिया जाता है जबकि वहां ना कोई डिग्री वाले डॉक्टर होते हैं और ना ही प्रशिक्षित स्टॉप यहां ना तो यहां ना तो रजिस्टर्ड लैब की सुविधा होती है और ना ही दवा भंडारण का लाइसेंस कुछ अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम में चिकित्सक ही नहीं है संचालकों ने मरीजों को सुविधाएं देने के नाम पर नर्सिंग होम के बाहर विशेषज्ञ चिकित्सकों के नाम तो लिख रखे लेकिन चिकित्सक मौजूद नहीं रहते चिकित्सक की जगह झोलाछाप डॉक्टरों से मरीजों का इलाज कराया जा रहा है इसलिए मरीजों की जान पर आ जाती है जब कुछ नर्सिंग होम संचालकों को छापामारी की खबर लग जाती है तो एमबीबीएस चिकित्सक को बुला लिया जाता है ताकि मामला पकड़ में ना आ सके।

# जिला महिला चिकित्सालय में हेल्थ एटीएम का भी हुआ शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी




केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र 'टेनी' और सदर विधायक योगेश वर्मा द्वारा राजगढ़ में स्थित नगरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का शुभारंभ किया गया। वहीं इसके बाद जिला महिला चिकित्सालय में हेल्थ एटीएम का भी शुभारंभ किया गया। इस दौरान उनके साथ सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता मौजूद रहे।नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के शुभारंभ अवसर पर बोलते हुए केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्र ÷टेनी÷ ने कहां कि शहर में एक और नगरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के शुभारंभ से राजगढ़ मोहल्ले सहित शिव कॉलोनी, कंचन पुरी कॉलोनी, पंजाबी कॉलोनी, मोतीनगर कॉलोनी, राम नगर कॉलोनी सहित शहर के लोगों को और अधिक बेहतर प्राथमिक स्वास्थ्य स्वास्थ्य सेवाएं मिलने लगेंगी। अब उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए यहां से 15 किलोमीटर दूर स्थित जिला पुरुष चिकित्सालय तक की यात्रा नहीं करनी होगी। वहीं जिला महिला चिकित्सालय में हेल्थ एटीएम के शुभारंभ अवसर पर सदर विधायक योगेश वर्मा ने कहा कि हेल्थ एटीएम की शुरुआत होने से गर्भवती माताओं और बच्चों को भी 98 जांचों का लाभ मिल पाएगा।इस हेल्थ एटीएम से कुछ ही देर में जांच प्राप्त की जा सकती है, जो गर्भवती माताओं और उनके बच्चे के लिए बेहद लाभदायक साबित होगी। और उन्हें अधिक समय तक अस्पताल में रुकने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।इस दौरान सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने कहा कि नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ में चिकित्सक,पैरामेडिकल स्टाफ व स्टाफ की तैनाती कर दी गई है और शुभारंभ अवसर से ही मरीजों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिया जाने लगा है। अब लखीमपुर में नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की संख्या बढ़कर चार हो गई है।इस दौरान जिला महिला चिकित्सालय सीएमएस डॉ ज्योति मेहरोत्रा सहित डॉक्टर्स, पैरामेडिकल स्टाफ और स्थानीय सभासद सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# सात मोहर्रम पर सात अलम का इमामबाड़े से निकला जुलूस

* जगह जगह पानी,शरबत और चाय की लगी शवीले
* हजारो की तादाद मे शामिल हुऐ अकीदत मद, दो बजे रात समाप्त हुआ जुलूस

जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी



इमाम हुसैन की शहादत पर इमामबाड़ा बाजार खुर्द से सातवी मोहर्रम का अलम का जुलूस बरामद हुआ जिसमें बड़ी संख्या में अंजुमन हुसैनिया के मातम दारो सहित महिलाओं ने शिरकत की वही ,मौलाना आजम अजमी ने मजलिस को खिताब करते हुए कि इमाम हुसैन का गम पूरी दुनियां मे मनाया जाता है, जुलूस में अंजुमन हुसैनिया ने जोरदार मातम किया, जुलुस मे महिलाओं ने भी शिरकत की,सुरक्षा के दृष्टिकोण बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा ,इमामबाड़े से जुलूस शुक्ला पुर शुक्ला पुर से देवी स्थान देवी स्थान से नत्थू चौराहा नत्थू चौराहे से पत्नी चौराहा तालिब अली चौराहा पीडी इंटर कॉलेज सराय मोहल्ला जामा मस्जिद होते हुए बाजार खुर्द धनेशा होते ही मामले में समाप्त हुआ जुलूस का नेतृत्व अंजुमन के अध्यक्ष मोहम्मद अब्बास नकवी नकवी ने किया,जिसमे पूरे जुलूस या हुसैन,हुसैन जिदाबाद के नारे लगते रहे,नौहाख्वानो ने नौहा पढे,जुलुस देर राय इमामबाड़े मे समाप्त हुआ।

# गहराता जा रहा है विनय गुप्ता की आत्महत्या का प्रकरण

* वैश्य समाज ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन
* वैश्य समाज का कहना है कि जब पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की तो मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई थी

जन एक्सप्रेस । आशीष कुमार तिवारी

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम गांधीनगर निवासी विनय गुप्ता की आत्महत्या का मामला गहराता जा रहा है। वैश्य समाज के लोगों ने हैदराबाद पुलिस की कार्यप्रणाली से आक्रोशित होकर गोला विकास चौराहे पर धरने का प्रयास किया। तहसीलदार के आश्वासन के बाद प्रदर्शनकारी माने।नगर से सटे ग्राम गांधीनगर निवासी विनय गुप्ता ने 18 जुलाई की रात घर पर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। जिसकी वजह एक फाइनेंस कंपनी द्वारा प्रताड़ित करना बताया गया था। घटना की तहरीर हैदराबाद पुलिस को दी गई थी। वैश्य समाज का कहना है कि जब पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की तो मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई थी। मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई शिकायत में कहा गया था कि एक फाइनेंस कम्पनी द्वारा अत्यधिक प्रताड़ित करने के कारण विनय गुप्ता द्वारा आत्महत्या की है,पर थाना हैदराबाद पुलिस द्वारा अभी तक रिपोर्ट भी नहीं लिखी गई।

गुरुवार को समिति के सदस्यों को जब पता चला कि मुख्यमंत्री पोर्टल पर आरोपियों को निर्दोष साबित कर हैदराबाद पुलिस ने अपनी रिपोर्ट लगा दी है। तो उनमें आक्रोश फैल गया।कार्रवाई की मांग को लेकर एसडीएम को संबोधित ज्ञापन लेकर तहसील पहुंच गए, पर वहां एसडीएम नहीं मिले तो पदाधिकारी भड़क उठे और विकास चौराहे पर धरना देने निकले। आक्रोशित वैश्य समाज द्वारा धरने की जानकारी होने पर तहसीलदार विनोद कुमार गुप्ता तत्काल विकास चौराहे पर पहुंचकर ज्ञापन लिया और जल्द से जल्द मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। तब वैश्य समाज के लोग माने। ज्ञापन देने वालों में समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता, पूर्व महामंत्री प्रवीण कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष सोहन लाल गुप्ता, रामकुमार गुप्ता, वरिष्ठ व्यापारी शरद गुप्ता- सोनू, कमलेश गुप्ता, विजय गुप्ता, अनूप गुप्ता, आदित्य गुप्ता आदी, प्रदीप गुप्ता, प्रभात गुप्ता- बीनू, राजीव गुप्ता आदि लोग मौजूद थे।

# 118 ग्राम नशीला पाउडर अल्प्राजोलम के साथ 01 अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । तिकुनियां खीरी




गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध मादक पदार्थों के निर्माण/बिक्री/परिवहन पर अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत को थाना तिकुनिया पुलिस द्वारा 01 नफर अभियुक्त अकबर अली पुत्र मोहर्रम अली निवासी ग्राम खमरिया कोईलार थाना तिकुनिया जनपद खीरी को 118 ग्राम ग्राम नशीला पाउडर अल्प्राजोलम के साथ गिरफ्तार किया। अभियुक्त अकबर अली उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त अकबर अली उपरोक्त का चालान मा0 न्यायालय किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त अकबर अली पुत्र मोहर्रम अली निवासी ग्राम खमरिया कोईलार थाना तिकुनिया जनपद खीरी 118 ग्राम ग्राम नशीला पाउडर अल्प्राजोलम अभियुक्त का आपराधिक इतिहास मु0अ0सं0 153/23 धारा 8/22 NDPS ACT बरामदगी गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम मे उप निरीक्षक योगेश कुमार थाना तिकुनियां जनपद खीरी हेड कांस्टेबल सुभाष निषाद थाना तिकुनियां जनपद खीरी कांस्टेबल हरिकेश सिंह थाना तिकुनियां जनपद खीरी।

### लगुचा और सेमरई पीएचसी पर अनूप गुप्ता ने किया हेल्थ एटीएम का शुभारंभ



जन एक्सप्रेस/ लखीमपुर खीरी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरधान के अंतर्गत पीएचसी लघुचा और पीएचसी सेमरई में हेल्थ एटीएम का शुभारंभ सदस्य विधान परिषद अनूप गुप्ता द्वारा गुरुवार की दोपहर किया गया। इस दौरान उनके साथ सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता भी मौजूद रहे।सदस्य विधान परिषद अनूप गुप्ता ने हेल्थ एटीएम के शुभारंभ अवसर पर कहा कि लघुचा और सेमरई दोनों ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों उनकी निधि से हेल्थ एटीएम लगवाए गए हैं। जिससे अब ग्रामीण अंचल में भी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सके। हेल्थ एटीएम के माध्यम से अब दोनों ही स्थानों पर 98 जांचें आवश्यकता के अनुसार हो सकेगी और डॉक्टर रिपोर्ट के अनुसार मरीज का बेहतर इलाज कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार गांव-गांव तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने को लेकर काम कर रही है। पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से उन्होंने सामूहिक रूप से पौधारोपण भी किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष बीजेपी सुनील सिंह सहित फरधान सीएचसी अधीक्षक डॉ अमित बाजपेई सहित दोनों ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# उदासीन संगत की जमीन औने-पौने दामों में बेंचे जाने की बन रही योजना

जन एक्सप्रेस । राजीव दिवाकर/ श्रीश रस्तोगी

**महमूदाबाद(सीतापुर)।** उदासीन संगत की जमीन औने-पौने दामों में बेंचे जाने की बन रही योजना परवान चढ़ती नहीं दिख रही हैं। जमीन के संरक्षण के लिए चल रही मुहिम में सेवता विधायक ज्ञान तिवारी भी आगे आ गए हैं। ज्ञान तिवारी ने उदासीन संगत की जमीन के संरक्षण के लिए शासन और प्रशासन में बैठे जिम्मेदारों से वार्ता करने और आवश्यकता पड़ने पर जन आंदोलन में लोगों के साथ भाग लेने का आश्वासन नगर वासियों को दिया है। मालूम हो कि उदासीन संगत के मुख्य महंत रहे बाबा गुरूशरण दास के शिष्य महंत संतोष दास ने अपर जिला न्यायाधीश के न्यायालय से ट्रस्ट की करीब दो सौ बीघे जमीन में से बेहटा छावनी स्थित भूमि गाटा संख्या 125, महमूदाबाद गाटा संख्या चार व 560 की करीब 80 बीघे भूमि को बिक्री करने की अनुमति ली है। संतोष दास द्वारा उत्तराधिकार पाने के बाद करीब दो शताब्दी पूर्व बने संगत किला के साथ जीर्ण-शीर्ण होकर धराशाई हो चुके मंदिर व भवन के जीर्णोद्धार के लिये सिविल कोर्ट से 80 बीघा कृषि भूमि को बेचने की अनुमति प्राप्त की है। बाबा गुरूशरण दास की 17 अगस्त 2001 को मृत्यु हुई, उन्होंने अपनी मृत्यु से पहले बिसवां मार्ग स्थित संगत की जमीन को बेचा था, परन्तु कानूनी दांव-पेच के चलते उक्त सभी बैनामे निरस्त हो गये थे। राजस्व अभिलेखों में महमूदाबाद सहित पड़ोसी गाँवों में उदासीन संगत की बेश कीमती करीब दो सौ बीघे से अधिक जमीन है। वार्ड संगत किला में भवन संख्या 274, 275, 276, महमूदाबाद में स्थित गाटा संख्या 4 पर 3.298 हेक्टेयर, 95 मि. पर 0.200 हेक्टेयर, गाटा संख्या 560 पर 0.898 हेक्टेयर, 562 पर 0.683 हेक्टेयर, 92 पर 0.0890 हेक्टेयर के अलावा बेहटा छावनी की गाटा संख्या 125 पर 2.354 हेक्टेयर, ग्राम इचौली की गाटा संख्या 144 पर 1.151 हेक्टेयर, इन्दौरा की गाटा संख्या 304 पर 0.793 हेक्टेयर के अलावा ग्राम मुंडेरा की गाटा संख्या 53, 166, 525 पर संगत की भूमि है, अनुमान के मुताबिक करीब 200 बीघे से अधिक भूमि उदासीन संगत ट्रस्ट के नाम के स्थान पर राजस्व अभिलेखों में महंत संतोषदास के नाम दर्ज है। पूर्व काबीना मंत्री ने कहा कि संगत की पूरी जमीन वर्ष 2001 से महंत संतोषदास के कब्जे में है किंतु उससे होने वाली आमदनी का कहीं कोई न तो लेखा-जोखा है और न ही उसका कहीं उपयोग किया गया है। देखरेख के अभाव में संगत की जर्जर हो चुकी इमारत गिर रही है।


### नोटिस नमूना आम

न्यायालय श्रीमान अपर न्यायाधीश (तृतीय), कुटुम्ब न्यायालय महोदय, रायबरेली

न्यायिक याचिका सं0-717/2021

1. पिंकी, उम्र-लगभग 24 वर्ष, पत्नी-तूफान, पुत्री-विनोद
2. कु0 दामिनी, उम्र-लगभग 02 वर्ष, पुत्री-तूफान, नाबालिक संरक्षिका माता पिंकी स्वयं, वर्तमान निवासीगण-ग्राम मवई, मजरे व पोस्ट-दीनशाह गौरा, थाना-गदागंज, जिला-रायबरेली।

वादीगण

बनाम

1. तूफान, उम्र-लगभग 27 वर्ष, पुत्र-गोविन्दा, निवासी-ग्राम-सेरौरा, थाना-कमालपुर, तहसील-सिधौली, जिला-सीतापुर।

...प्रतिवादी

चूँकि उपरोक्त मामले में वादिनी पिंकी ने एक प्रार्थना पत्र इस आशय से दायर किया है कि प्रतिवादी से न्यायालय द्वारा 125 द0प्र0सं0 भरण पोषण भत्ता हेतु दिलाया जाये। अत: आपको एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि प्रतिवादी नियत पेशी दिनांक 28.08.2023 को समय 11:00 बजे पूर्वान्ह इस न्यायालय में अपने साक्ष्यों सहित स्वयं उपस्थित आये अन्यथा उक्त आवेदन की सुनवाई एकपक्षीय करके वाद निस्तारित कर दिया जायेगा।

पेशी बयान तहरीले
दिनांक: 17/06/2023
हस्ताक्षर
न्यायालय श्रीमान अपर न्यायाधीश (तृतीय), कुटुम्ब न्यायालय महोदय, रायबरेली।

# भ्रष्टाचारियों का जमघट 'इंडिया' नाम रख कर देश को कर रहा बदनामः शाही

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी



एमडीएनए ने देश को नई दिशा देने का काम किया है। आज भारत पूरे विश्व में पीएम मोदी के सफल नेतृत्व के चलते पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अर्थव्यवस्था बन कर उभरा है। जबकि भ्रष्टाचारियों का जमघट गठबंधन के रूप में इकट्ठा होकर इंडिया के नाम को बदनाम कर रहा है। उक्त बातें कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने जिले के कुरौली स्थित किसान समृद्धि केंद्र पर व्यक्त की। असल में गुरुवार को प्रधानमंत्री मोदी ने किसान सम्मान निधि की 14वीं किस्त जारी कर दी। साथ ही पीएम मोदी ने सवा लाख प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र और यूरिया गोल्ड का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम का वर्चुअली प्रसारण जिले के बरौली स्थित किसान समृद्धि केंद्र पर हुआ। जिसमें शामिल होने के लिए कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही पहुंचे थे। सर्वप्रथम उन्होंने किसानों व संभ्रांतजनों के साथ बैठकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को सुना। फिर विपक्ष द्वारा बनाए गए नए संगठन I.N.D.I.A. पर जमकर निशाना साधा। और बोले कि एनडीए ने देश को नई दिशा दी है। पीएम मोदी के नेतृत्व में आज भारत पूरे विश्व में पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ भ्रष्टाचारियों ने जमघट लगाकर विपक्ष में एक गठबंधन तैयार किया है। जिसका नाम I.N.D.I.A. रखकर वह देश को बदनाम कर रहा है। मोदी के 9 साल के छोटे से कार्यकाल में एनडीए की सरकार ने भारत की नई तस्वीर बना दी है। जबकि जिन लोगों ने गुलाम बनाकर इंडिया की छवि खराब कि जो लोग भ्रष्टाचार परिवारवाद और घोटालों में लिप्त है। वह लोग अब इकट्ठा होकर इंडिया का नाम बदनाम करने में जुट गए है। आज किसान समृद्धि केंद्र पर एक छत के नीचे किसानों की सभी आवश्यकताएं पूरी हो रही है। योगी सरकार ने सीमांत किसानों का कर्जा माफ कर बड़ा काम किया है। पीएम मोदी और योगी सीएम योगी की नीतियों का नतीजा है कि आज किसानों को अपनी फसल और उत्पादों का अच्छा मूल मिल रहा है उन्होंने आगे कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार किसानों महिलाओं मजदूरों और वंचित समाज के लोगों के खुद जीवन में खुशहाली लाने का काम कर रही है। इस मौके पर भाजपा किसान नेता रामबाबू द्विवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक कुशमेश, भाजपा उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# आठवीं मोहर्रम के जूलूस में शामिल हुए पूर्व विधायक रामगोपाल रावत

जन एक्सप्रेस । मसौली-बाराबंकी

कस्बा मसौली व बांसा में आठवीं मोहर्रम का मेहंदी जुलूस शान शौकत एव अकीदत के साथ निकाला गया। हजरत कासिम की शहादत की याद में निकले जुलूस में पूर्व विधायक रामगोपाल रावत ने शिरकत या हुसैन या हुसैन की सदाये लगायी तथा खाद्य सामग्री का वितरण किया। आठवीं मोहर्रम का जुलूस कस्बा बांसा शरीफ में कस्बा सहादतगंज, रामपुर , चक, रहरामऊ धनकुटी का जुलूस गांव की गलियों में निकाला गया हजारो की संख्या में हुसैन के अकीदतमंदों ने हाथ मे अलम लेकर या हुसैन या हुसैन की सदाओं के साथ जिस गली में निकले वहां के लोग ग़मगीन हो गये। इसी क्रम में कस्बा मसौली में आठवीं मोहर्रम के अलम का जुलुस सादगी एव गमगीन मौहोल में निकाला गया। पूर्व विधायक रामगोपाल रावत, पूर्व जिला पंचायत सदस्य शकील सिद्दीकी, पूर्व प्रधान राममूर्ति यादव, असगर अली, अशोक यादव, विकास यादव, हफ़ीज राइन, कलीम राइन, अली असगर राइन, मुन्ना टेलर्स, इरशाद राइन, तुफैल सिद्दीकी, गुफरान अंसारी, शाकिर अली आदि लोगो ने मातमी जुलुस में शामिल



होकर हजरत इमाम हुसैन को याद करते हुए गमे हुसैन मनाया गया।

# किशोरी के भागने के मामले में वार्डन व केयर टेकर निलंबित

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

शहर के आवास विकास कॉलोनी स्थित किराए के मकान में संचालित संप्रेक्षण गृह से एक किशोरी फरार हो गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने वार्डन, केयर टेकर को निलंबित कर दिया है। साथ ही दो महिला होमगार्ड के विरुद्ध कार्यवाही के लिए कमांडेंट को लिखा है। असल में यहां संरक्षित की गई 17 वर्षीय किशोरी संप्रेक्षण गृह के पड़ोस मकान की छत पर कूदकर भाग गई। जिसकी जानकारी वार्डन समेत किसी भी कर्मचारी को नही हुई। यह किशोरी पिछले वर्ष संतकबीरनगर जिले से अक्टूबर 2022 में चोरी के मामले में पकड़ी गई थी। जिसके बाद उसकी किशोर न्यायालय में सुनवाई चल रही थी। जानकारी के मुताबिक बुधवार को संप्रेक्षण गृह में कौशल विकास योजना का प्रशिक्षण चल रहा था। इसमें उपस्थिति दर्ज कराने के बाद किशोरी वॉशरूम जाने का बहाना बताकर पड़ोस के छत पर कूदकर आसानी से भाग गई। जिसके बाद संप्रेषण ग्राहक की वार्डन कंचन वर्मा व महिला सुरक्षाकर्मियों ने किशोरी की तलाश की जमकर तलाश की। लेकिन उसका कोई अता-पता नहीं चला। जिसकी सूचना जिला प्रोबेशन अधिकारी डॉ पल्लवी सिंह को दी गई। डॉ पल्लवी सिंह के मौके पर पहुंचते ही जिलाधिकारी व एसपी दिनेश कुमार सिंह भी मौके पर पहुंच गए। जिसके बाद पुलिस की दो टीमें किशोरी की तलाश में जुट गई है। इधर जिला प्रोबेशन अधिकारी डॉक्टर पल्लवी सिंह ने मामले की पूरी रिपोर्ट निदेशालय व डीएम को सौंप दी।

# वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पीएम ने किया किसान समृद्धि केंद्र का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

क्षेत्र के किसानों को एक ही छत के नीचे खाद बीज कीटनाशक मिट्टी की जांच आदि सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए क्षेत्र के कस्बा रसूलपुर बदोसराय में प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र का गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल शुभारंभ किया।

यश ट्रेडर्स के प्रतिष्ठान पर आरसीएफ के प्रबंधक विपणन प्रांजल मिश्रा व अशोक तिवारी के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्र के जागरूक किसानों सियाराम, प्रेम यादव, सुंदर लोधी, रामनिवास लोधी, पंकज तिवारी, घनश्याम वर्मा, निखिल तिवारी, गंगाराम, विकास मौर्य, दयाशंकर तिवारी, पवन वर्मा, आदि को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि



भाजपा जिला उपाध्यक्ष शेखर हयारण व मंडल अध्यक्ष संतोष पाण्डेय ने माला पहना कर सम्मानित किया। इस अवसर पर भाजपा नेता अमित पाण्डेय रामसागर कनौजिया धर्मेंद्र सिंह आदि के साथ दर्जनों किसानों ने प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण देखा। जिसमें प्रधानमंत्री ने गोल्ड यूरिया सल्फर कोटेड के उपयोग एवं लाभ के बारे में बात करते हुए कहा कि इस यूरिया के उपयोग से किसानों को काफी लाभ मिलेगा।

वहीं इस संबंध में किसानों को जानकारी देते हुए आरसीएफ के प्रबंधक विपणन प्रांजल मिश्रा ने बताया कि इस केंद्र पर किसानों को खाद बीज के साथ-साथ मिट्टी व पानी की जांच एवं कृषि यंत्र तथा खेती संबंधित समस्त जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

## विद्यालय में लगाएं सहजन व मीठी नीम का पेड़ः साकेंद्र वर्मा

**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** जिला कमिश्नर स्काउट दिनेश चंद्र पांडेय की अध्यक्षता व उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड जिला मुख्यायुक्त डॉ रामकुमार गिरी के संरक्षण में गुरुवार को एक बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में जनपद की स्काउट गाइड गतिविधियों को प्रभावी ढंग से लागू करने सहित अन्य आवश्यक विषयों पर गहनता से चर्चा की गई। इस दौरान कुर्सी विधानसभा के विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा ने शिक्षकों से सभी विद्यालय में सहजन और मीठी नीम का पेड़ लगाने का निवेदन किया। बैठक के समापन पर जिला कमिश्नर स्काउट दिनेश चंद्र पांडे ने सहायक जिला सचिव वा जिला स्काउट मास्टर राजेंद्र त्रिपाठी को सहजन का पौधा भेंट स्वरूप दिया। इस मौके पर जिला संगठन आयुक्त डॉ सत्यदेव सिंह, जिला समन्वयक आईटी अनूप कुमार वर्मा, व विद्यालय के प्रवक्ता अंशुमान सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# बस चालकों का हुआ स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

जनपद में मनाए जा रहे सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत गुरुवार को रोडवेज बस चालकों के स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण किया गया। यह परीक्षण शहर के बस अड्डे स्थित भवन में किया गया। इस दौरान मौजूद स्वास्थ्य टीम ने 80 वाहन चालकों का स्वास्थ्य व आंख का परीक्षण किया। जिसके बाद सभी वाहन चालकों को स्वास्थ्य परीक्षण कार्ड वितरित किए गए। यहां दो वाहन चालकों की नजर कमजोर पाने पर उनको चश्मा लगाने का परामर्श दिया गया। साथ ही चालकों को वर्ष में कम से कम एक बार पूर्ण स्वस्थ जांच कराए जाने की अपील की है। इस मौके पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन व राज्य सड़क परिवहन निगम से सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक सहित अन्य



अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

जिले के परिवहन विभाग द्वारा चलाए गए अभियान के क्रम में गुरुवार को थाना क्षेत्र में 2 ओवरलोड ट्रक पाने पर उन्हें सीज किया गया। साथ ही एक हाफडाला व एक मारुती आर्टिका गाड़ी का चालान काटा गया। यहां दोपहिया वाहनों को बगैर हेलमेट पाने पर बड़ी संख्या में उनका चालान किया गया।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्री से बनी मुख्य सेविका, नियुक्ति पत्र पाकर खिला चेहरा

जन एक्सप्रेस । उरई



आँगनवाडी कार्यकत्री से मुख्य सेविका पद पर प्रतिचयन उपरान्त नियुक्ति आदेश वितरण समारोह का आयोजन सदर विधायक के प्रतिनिधि रविन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में एनआईसी भवन में किया गया। इस मौके पर प्रतिचयन उपरान्त 01 ऑगनवाडी कार्यकत्री को मुख्य सेविका पद के लिए नियुक्ति आदेश वितरित किया गया। सरोज निरंजन पुत्री कैशवदास निवासी अकोडी (बैरागढ) विकास खण्ड डकोर को सदर विधायक के प्रतिनिधि ने बधाई दी तथा कहा कि आपके द्वारा की गई सेवाओं तथा विभागीय योजनाओं को जमीन पर उतारने को प्रतिफल के रूप में यह नियुक्ति आदेश दिया गया है। यह विभाग के लिए गर्व की बात है। जिला कार्यक्रम अधिकारी इफ्तेखार अहमद ने कहा कि आपका उत्तरदायित्व अब बढ़ गया है तथा आपके द्वारा अभी तक जो विभागीय कार्यो का सम्पादन किया गया। उससे भी अच्छा करने का प्रयास किया जाये। उन्होंने कहा कि विभागीय योजनाऐं पात्रों तक पहुंचाने का कार्य किया जाये तथा अपने अधिनस्थों को साथ लेकर चलें। इसलिए अपने कर्तव्यों का अच्छे ढंग से पालन करें तथा कार्य में मानवीय दृष्टिकोण अपनायें। इस मौके पर बाल विकास परियोजना अधिकारी शरद अवस्थी, विमलेश आर्या, कपिल शर्मा एवं सम्पत देवी सहित बरिष्ठ लिपिक रमाकान्त दोहरे उपस्थित रहे।

# सदर विधायक ने जांच अधिकारी व प्रिंसिपल पर लगाए गंभीर आरोप

*** मेडिकल प्रिंसिपल का कानपुर में संचालित है नर्सिंग होम- गौरीशंकर, जांच के नाम पर की गई खानापूर्ति- विधायक**

जन एक्सप्रेस । उरई

यदि मेडिकल कॉलेज में नियमित प्रिंसिपल रहेंगे तो बच्चों को नियमित रुप से शिक्षा मिलेगी। साथ हर यहां आने वाले मरीजों को बेहतर चिकित्सा मिलेगी। इमरजेंसी की स्थिति सुधरेगी, उनकी मांग पर मेडिकल कालेज में डॉ. आरके मौर्या को प्रधानाचार्य बनाकर भेजा गया। लेकिन वे नियमित रुप से यहां नहीं रुक रहे हैं। वे कानपुर के काकादेव में बने हुए अपने नर्सिंग होम को देखने में लगे हैं। जिसके चलते यहां अव्यवस्था फैली है। इसी को लेकर उन्होंने 13 जुलाई को विधानसभा में प्राक्कलन समिति की बैठक यह मुद्द उठाया था। यह बात गुरुवार को सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि प्राक्कलन समिति के सदस्य होने के चलते में इसमें मौजूद था। साथ ही उच्च शिक्षा एवं चिकित्सा के प्रमुख सचिव सहित पीजीआई और अन्य बड़े मेडिकल के अधिकारी मौजूद थे। बैठक में उन्होंने कहा था कि उरई मेडिकल कालेज करोड़ों रुपये से बना है, लेकिन मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं से वंचित है। इसकी जांच के लिए डीजीएम के एडिशनल डायरेक्टर डॉ. मुकेश यादव को यहां भेजा गया था। सदर विधायक ने कहा कि जिन बिंदुओं को उन्होंने लिखा था, उन बिंदुओं पर जांच न करते हुए एक वार्ड में जाकर एक घंटे के अंदर घूम कर वे लखनऊ वापस चले गए।



उनकी शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया गया। इतना ही नहीं उन्होंने टिप्पणी करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि का काम शिकायत करना है, क्योंकि उन्हें जनता का वोट लेना है। भाजपा विधायक ने कहा कि वह जनता से चुने जनप्रतिनिधि हैं, उनका काम है कि यहां के लोगों को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं मिलें। वे चाहते हैं कि मेडिकल कालेज में इलाज कराने आने वालों को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं मिलें। ताकि मरीजों को बाहर रेफर न होना पड़े। लेकिन एक जिम्मेदार अधिकारी के इस तरीके का गैर जिम्मेदार बयान उनकी बुद्धि क्षमता पर प्रश्न चिन्ह लगता है। कहा कि वे अपने अधिवक्ता व पार्टी के पदाधिकारी से इस मामले में सलाह लेकर उच्च अधिकारियों को अवगत कराएंगे। ताकि उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके। साथ ही इस मुद्दे को लेकर वे मुख्यमंत्री जी से भी मुलाकात करेंगे। ताकि जिससे ऐसे अधिकारियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो सके। बता दें कि डीजीएमई के एडिशनल डायरेक्टर डॉ. मुकेश यादव ने बुधवार को निरीक्षण के दौरान के इस तरीके का गैर जिम्मेदार बयान उनकी बुद्धि क्षमता पर प्रश्न चिन्ह लगता है। कहा कि वे अपने अधिवक्ता व पार्टी के पदाधिकारी से इस मामले में सलाह लेकर उच्च अधिकारियों को अवगत कराएंगे। ताकि उनके खिलाफ कार्रवाई की जा सके। साथ ही इस मुद्दे को लेकर वे मुख्यमंत्री जी से भी मुलाकात करेंगे। ताकि जिससे ऐसे अधिकारियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो सके। बता दें कि डीजीएमई के एडिशनल डायरेक्टर डॉ. मुकेश यादव ने बुधवार को निरीक्षण के दौरान विधायक पर तंज कसते हुए कहा था कि जनप्रतिनिधि जनता की वोट लेने के लिए शिकायत करते हैं। इसी बयान के बाद गुरुवार को सदर विधायक ने अपने आवास पर पत्रकारों से वार्ता की।

# महिला एसआई संजना सिंह ने ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं को किया जागरूक



जन एक्सप्रेस । कालपी

सरकार के द्वारा महिलाओं की सुरक्षा हेतु उठाए गए विविध कदमो से अवगत कराने के लिए कोतवाली में तैनात महिला उप निरीक्षक संजना सिंह ने घर घर जाकर महिलाओं को जागरूक किया। उन्होंने बेटियों को पढ़ने और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया वे आज अपनी महिला पुलिस टीम में संध्या और सोनी गौतम के साथ यमुना बीहड पट्टी के गाँव शेखपुर गुढा पहुंची और महिलाओं बेटियों को जागरूक किया। इतना ही नहीं 1076, 1090, 112 की पूरी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अब वे दिन नहीं है जो डरवश लड़कियां पढ़ने नहीं जा पाती थी। अब सरकार ने खास कर महिलाओं की सुरक्षा हेतु विविध कारगर कदम उठाए हैं। आप सबको इसका लाभ लेना चाहिए। यदि कही पर जरा सी असुरक्षा महसूस हो तत्काल फोन घुमाओ और पुलिस आपके पास सरकार की इन उपलब्धियों से अब मनचलों की संख्या में गिरावट आई है। उन्होंने बच्चों को पढ़ाने के लिए महिलाओं को प्रेरित किया और अपराध के खिलाफ खड़े होने की बात सिखाई। उन्होंने घरेलू हिंसा होने पर पुलिस मदद का पूरा भरोसा दिलाया। और किसी भी प्रकार से इसका दुरूपयोग न होने पाये इसकी नसीहत दी। महिला सब इंस्पेक्टर को अपने बीच पाकर गाँव की बूढी महिलाओं ने पुलिस टीम को जीभर कर आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि आज महिलाएँ हर क्षेत्र में नाम रोशन कर रही हैं कौन कहता है कि महिलाएँ किसी से पीछे हैं और अब तो सरकार ने फौज में भी महिलाओं की नियुक्ति को लेकर हरी झंडी दे दी है इसलिए अब आगे आओ और सामना करो आगे बढ़ो पढ़ लिख कर संवि धान का अध्यन करो तरक्की पाओ उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाओ और अपनी अलग पहिचान बनाओ।

# 38 पशुओं के साथ पुलिस ने पकड़ी दो पिकअप, दो लोग गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । जालौन

दो पिकअप में ठूंस ठूंसकर भरकर पशुओं को ले जा रही दोनों पिकअप को पुलिस ने पकड़कर कोतवाली में खड़ा कराया। पुलिस ने पिकअप के साथ उनके चालक के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गुरूवार की सुबह कोतवाल समीर सिंह को सूचना मिली कि कोंच से होकर दो पिकअप में पशुओं को बेरहमी से ठूंसठूंसकर लाया जा रहा है। सूचना मिलते ही उन्होंने पुलिस को बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के पास भेजा। कुछ ही देर बाद वहां से निकल रही पिकअप गाड़ियों को रोककर जब उनकी तलाशी ली गई तो दोनों गाड़ियों में भैंस के बच्चों को ठूंस ठूंसकर भरा गया था। प्रपत्र मांगने पर चालक प्रपत्र भी नहीं दिखा सके। जिसके बाद पुलिस ने दोनों पिकअप को कोतवाली लाकर खड़ा कराया। जब पशुओं को उतारा गया तो दोनों गाड़ियों में 38 पशुओं को एक दूसरे पर लादकर भरा गया था।

# राघवेंद्र शर्मा बने राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के नगर अध्यक्ष

जन एक्सप्रेस । उरई

कोंच कस्बे के जिला परिषद स्कूल परिसर स्थित बीआरसी कार्यालय में बुधवार को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का चुनाव निर्वाचन अधिकारी अरविंद स्वर्णकार, अभिषेक पुरवार और पर्यवेक्षक राकेश कुमार की देखरेख में संपन्न हुआ। जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष पद पर ऋषि कुमार बुधौलिया और महामंत्री पद पर कन्हैया लाल कुशवाहा को सर्वसम्मति से चुना गया। जबकि नगर अध्यक्ष राघवेंद्र शर्मा व महामंत्री विनय बाथम को चुना गया। इसके अलावा अन्य पदाधिकारियों में कार्यकारी अध्यक्ष पूनम गुप्ता, संगठन मंत्री माया वर्मा, हरिओम स्वर्णकार वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महिला



उपाध्यक्ष अनीता सोनी, मंत्री देवकुमार, मोहित मोहन, माता प्रसाद, संयुक्त महामंत्री डॉ. शैलेंद्र सिंह, फरजाना बेगम, प्रदीप कुमार वर्मा, रामप्रकाश कुशवाहा को नियुक्त किया गया। नवनिर्वाचित ब्लॉक अध्यक्ष ऋषि कुमार बुधौलिया ने कहा कि वह शिक्षक एवं संगठन के हितों की लड़ाई लड़ने में कभी पीछे नहीं हटेंगे। सभी शिक्षकों के सम्मान को बनाए रखने में कोई कसर बाकी नहीं रहने दी जाएगी। निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को दायित्व की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर मोहित मोहन, माया देवी, पूनम, नीतू सिंह, बबली निरजंन आदि मौजूद रहे।

# गांजा संग एक युवक गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/सिरसा कलार।** एसपी के निर्देशन में जिले में चलाए जा रहे अपराध व अपराधियों की धरपकड़ के अभियान के चलते सिरसा कलार थाना पुलिस ने एक युवक को गांजे संग पकड़ लिया। पकड़े गए युवक के पास से एक किलो दो सौ ग्राम गांजा बरामद हुए। इस पर पुलिस ने आरोपी के रिपोर्ट दर्ज कर उसे जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक ईरज राजा के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध व अपराधियों की धरपकड़ के चलते सिरसा कलार थाना प्रभारी दिनेश कुरील ने अपनी टीम के साथ चेकिंग के दौरान मलथुआ जाने वाले रोड़ की मोड़ के पास से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। जब पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसके पास से एक किलो 200 ग्राम गांजा बरामद हुआ। जब पुलिस ने उससे पूछताछ की तो अभियुक्त ने अपना नाम भानु प्रताप सिंह पुत्र जगत सिंह उम्र 34 बर्ष निवासी पाल मड़ैयां बताया। थानाध्यक्ष दिनेश कुरील ने बताया कि ग्रामीणों द्वारा लगातार शिकायत मिल रही थी।

# सपा नगर अध्यक्ष ने प्रतियोगिता में टॉप सार्थक मिश्रा के घर पहुंच कर किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । कालपी

गत दिनों जनपद मुख्यालय में आयोजित हुई योगासन प्रतियोगिता के बालक वर्ग में जिले में टॉप करने वाले नगर के होनहार छात्र सार्थक मिश्रा को समाजवादी पार्टी नगर के नगर अध्यक्ष द्वारा वरिष्ठ नेताओ की मौजूदगी में प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर कर सम्मानित किया। वहीं दूसरी ओर नगर की बीएससी की छात्रा द्वारा प्रथम स्थान पाए जाने पर सम्मानित किया।

बुधवार की देर शाम समाजवादी पार्टी के युवा नगर अध्यक्ष अजीत सिंह यादव के नेतृत्व में सपा के वरिष्ठ नेता



मनोज चतुर्वेदी की उपस्थिति में कार्यकर्ताओं ने कालपी नगर के होनहार छात्र जिन्होंने गत दिवस जिले के इन्द्रिरा स्टेडियम में आयोजित जिला योगासन प्रतियोगिता में जिले में सब बालक वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर कालपी नगर का नाम रोशन किया था। ऐसे होनहार प्रतिभावान छात्र को सपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने एक प्रशंसा पत्र व स्मृति चिन्ह देकर तथा माल्यार्पण कर उनके अच्छे प्रदर्शन की हौसला अफ्जाई करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की तथा सम्मानित किया।

वहीं इसी क्रम में डिग्री कॉलेज की बीएससी (गणित वर्ग) की छात्रा कुमारी अंजली यादव पुत्री जयवीर सिंह यादव द्वारा फाइनल वर्ष में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उनके आवास पर पहुंचकर सम्मानित किया तथा उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान प्रमुख रुप से अफ्जल खान गुड्डू पूर्व सभासद, शिवम यादव, गुलाम कादिर, रोहित खटीक, अंसार, राजकुमार बाल्मीकि आदि लोग उपस्थित रहे।

# योगी सरकार आने के बाद प्रदेश का किसान खुशहाल

**✻ पीएम फसल बीमा योजना प्रचार वाहन को अयोध्या में हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना**

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

योगी सरकार आने के बाद प्रदेश का किसान खुशहाल क्योंकि उन्हें फसलों पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत लाभ मिल रहा है। केंद्र और प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना प्रचार वाहन को जिलाधिकारी नितीश कुमार ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिलाधिकारी ने बताया कि यह प्रचार वाहन जनपद के विभिन्न क्षेत्रों यथा विकासखंड में कृषक भाइयों को फसल बीमा योजना के संबंध में जागरूक करेगा। उन्होंने आगे बताया कि जनपद के समस्त विकास खंडों में वर्ष 2023 से 2026 के खरीफ एवं रबी मौसम में क्रमशः धान एवं गेहूं की फसल को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना हेतु अधिसूचित किया गया है। धान में 1704 रू0 प्रति हे0 व गेहूँ में 1167 रू0 प्रति हे0 कृषक अंश बीमा प्रीमियम है। बीमा कराने कि अंतिम तिथि 31 दिसम्बर है। वर्ष 2023-24, 2024-25 एवं 2025-26 के खरीफ व रबी मौसम में पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना खरीफसीजन में लागू है। खरीफसीजन में केला पर फसल बीमा विकासखंड सोहावल, रुदौली, माया बाजार, पूरा बाजार, बीकापुर व तारून में लागू है केला पर 7500 रू0 प्रति हे0 कृषक अंश बीमा प्रीमियम है तथा 31 जुलाई अन्तिम तिथि है। रबी सीजन में टमाटर पर फसल बीमा विकास खंड सोहावल, रुदौली, मयाबाजार, पूरा बाजार, बीकापुर व तारून में लागू है।



टमाटर पर 2500 रू0 प्रति हे0 कृषक अंश बीमा प्रीमियम है। 30 नवम्बर अन्तिम तिथि है। रबी सीजन में आम विकास खण्ड मसौधा, सोहावल, मयाबाजार में लागू है आम पर 3500 रू0 प्रति हे0 कृषक अंश बीमा प्रीमियम है। 15 दिसम्बर अन्तिम तिथि है।

अधिसूचित क्षेत्र में अधिसूचित फसल को उगाने वाले सभी कृषक (बटाईदार व किराये पर खेती करने वाले कृषकों सहित) योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

ऋणी किसानों को संबंधित बैंक द्वारा स्वतः कवर किया जायेगा, यदि उन्हें बीमा नहीं लेना है तो अपने बैंक शाखा स्तर पर बीमा कराने की अंतिम तिथि के 07 दिन पहले तक प्रतिभागिता नहीं करने के संबंध में लिखित रूप से बैंक को देना होगा। गैर ऋणी कृषक स्वैच्छिक आधार पर निकटतम बैंक शाखा बीमा कम्पनी के एजेंट कामन सर्विस सेन्टर यबौद्ध जन सेवा केन्द्र सीधे फसल बीमा पोर्टल पर ऑनलाइन बीमा करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे ऋणी कृषक जिन्होंने पहले योजना में प्रतिभागिता नहीं करने का प्रार्थना पत्र दिया था, परन्तु अब कृषक द्वारा योजना में प्रतिभागिता करने हेतु प्रार्थना पत्र दिया है एवं बैंक शाखा द्वारा योजना में कवर नहीं किया जाता हैं। तो क्षतिपूर्ति देय होने पर संबंधित कृषक को संबंधित बैंक शाखा द्वारा क्षतिपूर्ति का भुगतान किया जायेगा। यह आवश्यक है कि बैंक शाखा द्वारा ऋणी कृषक की प्रीमियम अंश की कटौती बीमा कराने की कट आफ डेट के अन्तिम 07 दिनों में करें। नये के0सी0सी0 बनाने के समय, पुराने के0सी0सी0 को नवीनीकृत करने के समय, बैंक संबंधित किसान को फसल बीमा में प्रतिभागिता के संबंध में जानकारी देगी। उन्होंने कहा कि बीमा के संबंध में अधिक जानकारी हेतु अधिकृत इफको-टोकियो जनरल इंश्योरेंस कम्पनी लि0 के जिला प्रबंधक के मोबाइल नम्बर-6388574090 पर सम्पर्क स्थापित करके भी किसान भाई फसल बीमा करा सकते है। वहीं उप निदेशक कृषि संजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत वर्ष 2022-2023- में खरीफ फसल में 21382 किसानों को इस योजना से लाभ मिला।

## सेवा के माध्यम से हम समाज को जोड़ सकते हैं: डॉ उपेन्द्रमणि त्रिपाठी

जन एक्सप्रेस । रानी बाजार-अयोध्या

सेवा विभाग राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अयोध्या जिला के तत्वावधान में मसौधा खंड के सेवा बस्ती में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।

इस अवसर पर सेवा भारती अयोध्या महानगर के स्वास्थ्य आयाम प्रमुख व वरिष्ठ होम्योपैथी चिकित्सक डॉ उपेंद्र मणि त्रिपाठी ने वर्तमान समय मे फैल रहे आंखों के संक्रमण आई फ्लू से सम्बंधित सावधानी, बचाव व घरेलू उपचार की जानकारी दी। बस्ती की महिलाओं, बच्चों से उन्होंने कहा कि अपने हाथ बार बार साफ करें, संक्रमित व्यक्ति की वस्तुओं का उपयोग न करें।आंखों को भी साफ पानी से धोते रहें, गुलाब जल डाल सकते हैं। चिकित्सक को दिखाकर उचित आईड्रॉप प्रयोग करें। होम्योपैथी में यूफ्रेशिया बेहतर है। घर- मोहल्ले को स्वच्छ रखें, गर्म जल का सेवन करें। तुलसी, निंबू का अधिक सेवन लाभदायक होगा। ठंडे खाद्य पदार्थ, फास्ट-फूड से दूर रहें। सेवा विभाग, सेवा भारती 'नर सेवा नारायण सेवा' के ध्येय के साथ वंचित, अभावग्रस्त, उपेक्षित एवं पीड़ित बंधुओं की सेवा करने वाली स्वयंसेवी संस्थाओं को प्रोत्साहन और सहयोग करने वाली सेवा संस्था है।

जिला सेवा प्रमुख पुष्कर दत्त तिवारी ने कहा समाज के सबसे निचले तबके के लोगों के स्वास्थ्य और विकास के लिए एकजुटता के साथ कार्य करना होगा, आने वाले 5 साल में स्वास्थ्य, शिक्षा के मामले में भारत और अधिक आत्मनिर्भरता प्राप्त कर लेगा। सेवा विभाग आने वाले दिनों में भी अधिक लोगों तक सेवा पहुंचाने के लिए अपने अभियान को जारी रखेगी।

## मणिपुर में महिलाओं के साथ जो घटना घटित हुई है वह मानवता को शर्मसार करने वाली: विजय श्रीवास्तव

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

मणिपुर में लगातार हो रही हिंसा और महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ राष्ट्रीय लोकदल अवध जोन के अध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेल के नेतृत्व में सदर तहसील के पास स्थित हेमू कल्याणी (तिकोनिया पार्क) में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति महोदय को संबोधित तीन सूत्रीय ज्ञापन धरना स्थल पर पहुंचे जिला अधिकारी के प्रतिनिधि नायब तहसीलदार अयोध्या को सौपा धरना की अध्यक्षता राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष बलराम यादव ने किया । जिसका संचालन निवर्तमान महानगर अध्यक्ष अरविंद सिंह महंत ने किया। धरना प्रदर्शन में राष्ट्रीय सचिव विजय श्रीवास्तव भी शामिल हुए इस मौके पर राष्ट्रीय लोकदल राष्ट्रीय सचिव विजय श्रीवास्तव ने कहा कि मणिपुर में



महिलाओं के साथ जो घटना घटित हुई है वह मानवता को शर्मसार करने वाली हैं। केन्द्र सरकार और मणिपुर सरकार ने इतनी बड़ी मानवीय त्रासदी को मूकदर्शक बनकर होने दिया जिसने मणिपुर के सामाजिक ताने बाने को पूरी तरह से नष्ट कर दिया है। साथ ही मणिपुर हिंसा ने दूसरे पूर्वोत्तर राज्यों में भी तनावपूर्ण स्थिति पैदा कर दी है। बड़े अफसोस की बात है कि मणिपुर में बढ़ रहे संवैधानिक संकट पर संसद के दोनों सदनों में कोई चर्चा नहीं हुई और न ही देश के प्रधानमंत्री ने सदन की कार्यवाही में शामिल होकर अपना वक्तव्य दिया ।मणिपुर में सरकार को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाया जाए तथा मा0 सर्वोच्च न्यायालय के वर्तमान न्यायाधीश की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई जाए जिससे मणिपुर नरसंहार की निष्पक्ष जांच हो ,मणिपुर में महिलाओं, आदिवासी, दलितों तथा गरीबों के साथ हो रहे उत्पीड़न पर तत्काल रोक लगायी जाए।मणिपुर हिंसा में मारे गये लोगों के परिजनों को उचित मुआवजा मुहैया कराया जाय की मांग किया है अवध जोन के अध्यक्ष चौधरी राम सिंह पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार मे देश की बहन बेटियों की इज्जत के बारे में न तो बहुत ही गम्भीर है और न ही संवेदनशील है। किसी भी प्रदेश में हो लेकिन महिलाओं का सम्मान होना चाहिए।

### बीफार्मा में 51 अभ्यर्थियों ने कराई प्रवेश काउंसिलिंग

जन एक्सप्रेस/अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के संत कबीर सभागार में गुरूवार को बीफार्मा पाठ्यक्रम की प्रवेश काउंसिलिंग हुई। जिसमें 60 सीट के सापेक्ष 51 अभ्यर्थियों ने काउंसिलिंग कराकर अपना प्रवेश सुनिश्चित कराया। आवासीय प्रवेश समन्वयक प्रो0 विनोद श्रीवास्तव ने बताया कि बीफार्मा पाठ्यक्रम में 51 अभ्यर्थियों ने काउंसिलिंग कराई। प्रवेश काउंसिलिंग प्रक्रिया प्रो0 शैलेन्द्र कुमार, डॉ0 अनिल कुमार, डॉ0 सुधीर श्रीवास्तव, डॉ0 रवि प्रकाश पाण्डेय, डॉ0 विमल यादव, डॉ0 अजय शुक्ला, डॉ0 अंकुर श्रीवास्तव, डॉ0 त्रिलोकी यादव, डॉ0 विष्णु यादव, डॉ0 सरिता द्विवेदी, डॉ0 मनीषा यादव, डॉ0 प्रशांत सिंह ने सम्पन्न कराई। विवि के मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि शुक्रवार को संत कबीर सभागार में एमएड के अभ्यर्थियों की प्रवेश हेतु काउंसिलिंग होगी। उक्त अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

## मिल्कीपुर में 223 स्थलों पर रखी जाएगी ताजिया

**✻ 37 स्थान पर होगी दफ्न, ड्रोन से होगी ताजिया जुलूस की निगरानी**

जन एक्सप्रेस । मिल्कीपुर -अयोध्या

मिल्कीपुर सर्किल के तीनों थाना कुमारगंज इनायतनगर और खंडासा क्षेत्रों के 223 स्थलों पर ताजिया रखी जाएंगी। जिन्हें 37 स्थलों पर बने कर्बला पर दफ्न किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए क्षेत्राधिकारी आशीष निगम ने बताया कि ड्रोन कैमरे से निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा कि यदि कोई शरारती तत्व अफवाहें फैलाता है, तो लोगों को चाहिए कि वे फौरन इसकी सूचना तहसील प्रशासन व पुलिस प्रशासन को दें। हर शख्स का फर्ज है कि वे खुद माहौल बिगाड़ने वाले शरारती तत्वों को रोकने में प्रशासन की मदद करें। ताकि उनके



विरुद्ध प्रभावी दंडात्मक कार्यवाही की जा सके। मिल्कीपुर क्षेत्र से मोहर्रम में निकलने वाले ताजिया जुलूस पर ड्रोन कैमरे से नजर रखी जाएगी। सर्किल क्षेत्र में आधा दर्जन स्थानों पर ताजियादारो की निगरानी के लिए को ड्रोन कैमरे भी सक्रिय रहेंगे।उप पुलिस अधीक्षक मिल्कीपुर आशीष निगम के नेतृत्व में ड्रोन कैमरे की निगरानी में ताजिया के रूट का निरीक्षण किया गया तथा संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। आगामी 29 जुलाई को मोहर्रम पर निकलने वाले ताजिया जुलूस को लेकर प्रशासन की ओर से तैयारियां की जा रही हैं। तहसील क्षेत्र में पर्व पर निगरानी रखने के लिए ड्रोन कैमरों की व्यवस्था कराई गई है। साथ ही वीडीओ रिकॉर्डिंग की भी व्यवस्था की गई है।

प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली इनायत नगर नीरज सिंह के साथ उप निरीक्षक अक्षय पटेल ने पुलिस फोर्स के साथ ताजिया चौको एवं रूटो का निरीक्षण किया।

मिल्कीपुर क्षेत्र के मेहदौना, जोगियापुर, खिहरन, बधाई का पुरवा, बारून, अलीपुर खजूरी, देवगांव अमानीगंज सिड़सिड़ सहित शाहगंज में ड्रोन उड़ाया गया। जिसकी निगरानी में अधिकारियों ने पैदल मार्च कर ताजिया रूट का निरीक्षण किया। क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर ने बताया कि सर्किल के खंडासा, कोटिया सिड़सिड़, अमानीगंज, अलीपुर खजूरी, कुचेरा, देवगांव, इमामगंज, हैरिंग्टनगंज, सिधारी बाजार, बारून, भीखी का पुरवा सहित 223 स्थानों का ताजिया रखी जाएंगे तथा 37 स्थानों पर ताजियों को दफनाया जाएगा। सुरक्षा के लिए प्रत्येक थाना क्षेत्र में एक-एक मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। ताकि किसी प्रकार कि कोई परेशानी न होने पाए।

## डॉक्टर भीमराव अंबेडकर प्रेरणा स्थल पार्क का 15 अगस्त को होगा लोकार्पण

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के आदर्श नगर पालिका बलरामपुर के क्षेत्र मे पुरैनिया तालाब स्थित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर प्रेरणा स्थल पार्क का लोकार्पण स्वतंत्रता दिवस के मौके पर किए जाने का प्रस्ताव है । प्रेरणा स्थल पार्क का सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। इसके तहत पार्क को औषधीये पौधे व रंगबिरंगी लाइटों से सुसज्जित किया जाएगा। पार्क में शहीदों के नाम पर पत्थर लगाए जाने के साथ ही 100 फीट ऊंचा तिरंगा भी लगाया जाएगा। पार्क के निर्माण का कार्य जोर-शोर से चल रहा है। आने वाले 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इसका लोकार्पण किया जाएगा। जानकारी के अनुसार 27 जुलाई को नगर के बीचो बीच पुरानिया तालाब अस्पताल रोड पर स्थित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर प्रेरणा स्थल पार्क पर चल रहे कार्य



का आदर्श नगर पालिका अध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह ने स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने कार्य को समय से पूरा करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि नगर में बच्चों के खेलने व शाम को समय बिताने के लिए कोई अच्छा पार्क नहीं है । स्पोर्ट्स स्टेडिमय नगर के दूसरे किनारे पर स्थित होने के कारण सिटी पैलेस, मुख्य चौक व उसके आसपास रहने वाले लोग स्टेडियम तक नहीं पहुंच पाते हैं। करीब दो साल पहले नगर के मध्य में स्थित तिकोनिया पार्क के सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू तो हुआ था, लेकिन इच्छा शक्ति ना होने के कारण काम बंद हो गया। निकाय चुनाव के बाद उन्होंने पार्क के सौंदर्यीकरण का अधूरा कार्य पुनः शुरू कराया। अब पार्क का सौंदयीकरण अंतिम दौर में है। स्वतंत्रता दिवस के दिन पार्क का उद्घघाटन कर इसे नगर वासियों को समर्पित कर दिया जाएगा। निरीक्षण के समय भाजपा मीडिया प्रभारी डीपी सिंह बैस सहित अन्य कई लोग उपस्थित थे। आदर्श नगर पालिका बलरामपुर के अधिशासी अधिकारी राजमणि बर्मा ने बताया कि पार्क का सौंदर्यीकरण कराने के साथ यहां औषधीय पौधे व रंगबिरंगी लाइटें भी लगवाई जाएंगी। जिससे नगरवासी रात के समय पार्क में टहल सकें। पार्क में लोगों के लिए सेल्फी प्वाइंट भी बनाया जाएगा। करीब दो साल पहले समाज सेवी वर्तमान चेयरमैन डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरु ने नगर में 100 फीट ऊंचा तिरंगा लगवाने का सपना देखा था, और अनुमति मांगा था कि अपने खर्च पर निर्माण करायेगे लेकिन अनुमति न देकर नगर पालिका ने स्वयं कार्य शुरू किया जो दो वर्षो में भी पूर्ण नही किया और अधूरा छोड दिया। नगर पालिका अध्यक्ष बनने के बाद डॉ धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरु ने सबसे पहले पार्क के अधूरे कार्य को शुरू कराया है। पार्क में 100 फीट ऊंचे तिरंगे के साथ स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम का पत्थर भी लगवाया जाएगा। आगामी 15 अगस्त को पार्क का लोकार्पण कराकर इसे जनता के लिए समर्पित कर दिया जाएगा।

### कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक

जन एक्सप्रेस/बलरामपुर। गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें सीडीओ ने विभिन्न विभागों की योजनाओं का समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला स्तरीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक में निवेश मित्र पोर्टल पर विभिन्न विभागों द्वारा लम्बित स्वीकृति और अस्वीकृत अनापत्ति प्रमाण पत्र, पंजीयन लाइसेंस, मेमोरेंडम की स्थिति, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना , एक जनपद एक उत्पाद ऋण सहायता योजना, मंडी समिति में सुविधाओं का अभाव आदि बिंदुओं पर समीक्षा कर सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपने-अपने विभाग की योजनाओं में प्रगति लाएं तथा लम्बित प्रकरणों का यथाशीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने अग्रणी जिला प्रबंधक से कहा कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत जो आवेदन पत्र बैंकों में लंबित है उनका तत्काल निस्तारण कराएं।

## डीएम ने थारू जनजाति क्षेत्रों में विकास और अवस्थापना को गति देने के लिए अधिकारियों के साथ की चर्चा

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

**✻ पायलट अभियान चलाकर कराया वन क्षेत्र में पड़ने वाले बड़े जलाशयों की डिसेंट्रिंग का कार्य कराने का निर्देश**

वन क्षेत्र होने के कारण थारू जनजाति क्षेत्र में कनेक्टिविटी एवं अवस्थापना के कार्यों को कराए जाने में समस्या व रुकावट का सामना करना पड़ता है। थारू जनजाति के लोगों का विकास की धारा से दूर ना रहे व उनका अनावश्यक रूप से उत्पीड़न ना हो इसके लिए जिलाधिकारी द्वारा डीएफओ के साथ गहन चर्चा की गई।

उन्होंने कहा की थारू जनजाति क्षेत्रों को मूलभूत सुविधाओं विद्युत, पेयजल, कनेक्टिविटी, दूरसंचार आदि सुविधाओं से संतृप्त किया जा सके इसके सड़क निर्माण कार्य एवं अवस्थापना कार्य अत्यंत आवश्यक है। लेकिन वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र ना मिलने के कारण कई विकास कार्य लंबित हैं, जिससे थारू जनजाति के लोग विभिन्न योजनाओं से वंचित है। एक्ट की धाराओं का गहन अध्ययन एवं शासन स्तर से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने में तेजी लाए जाने की बात डीएफओ को कहीं। जिलाधिकारी द्वारा वन क्षेत्र में



पड़ने वाले बड़े जलाशयों की डिसेंट्रिंग का कार्य पिछले 30 वर्षों से ना होने पर गहरा असंतोष व्यक्त किया गया। उन्होंने कहा कि जलाशयों एवं बंधो की डिसेंट्रिंग होने के कारण वे अपनी पूर्ण क्षमता के साथ काम नहीं कर पा रहे हैं, जिससे कि भारी बारिश के कारण पहाड़ी नालों में आने वाला पानी इन जलाशयों व बांधो में बाढ़ का कारण बनता है। जिलाधिकारी ने पायलट अभियान स्वरूप वन क्षेत्र में पड़ने वाले जलाशयों एवं बंधो की डिसेंट्रिंग कराए जाने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए शासन स्तर से पत्राचार की कार्यवाही किए जाने जाने में तेजी लाए जाने तथा डिसेंट्रिंग की रूपरेखा तथा एसओपी तैयार किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की बाढ़ की विभीषिका से बचाव को वन क्षेत्र में पड़ने वाले जलाशयों की डिसेंट्रिंग से दूरगामी प्रभाव होगा तथा अगले 2 वर्षों में इसका अच्छा नतीजा देखने को मिलेगा तथा पहाड़ी नालों से आने वाली बाढ़ तक काफी हद तक निजात मिलेगी।

## अराजक तत्वों के हमले में शिक्षक गंभीर घायल

जन एक्सप्रेस । बहराइच

विकासखंड नवाबगंज के पूर्व माध्यमिक विद्यालय के शिक्षक पर 2 दिन पूर्व अज्ञात लोगों में हमला कर दिया। जिसमें शिक्षक को गंभीर चोटें आई हैं। इसकी जानकारी होने पर शिक्षक संगठन के पदाधिकारी घायल शिक्षक से मिले। पदाधिकारियों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। गिरफ्तारी न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ बहराइच के जिला अध्यक्ष विद्या विलास पाठक ,मंडल ऑडिटर एवं विकासखंड चितौरा मंत्री भूपेंद्र प्रसाद श्रीवास्तव ,शिवपुर मंत्री रंजीत श्रीवास्तव एवं मिहींपुरवा अध्यक्ष बलवंत सिंह ने बाबागंज नवाबगंज पहुंचकर शिक्षक कैलाश नाथ वर्मा के साथ घटी घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त किया। संगठन ने उन्हें आश्वस्त किया कि वह जो भी मदद संगठन से चाहेंगे उन्हें मिलेगी। प्रतिनिधिमंडल ने नवाबगंज के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, ब्लॉक कोषाध्यक्ष एवं जनपद संयुक्त मंत्री धर्मेंद्र, दिनेश, प्रदीप त्रिपाठी आदि शिक्षक प्रतिनिधियों से भी घटना के संबंध में विचार विमर्श किया। जिला अध्यक्ष विद्या विलास पाठक ने कहा कि कई घटनाएं शिक्षकों के साथ मारपीट की घटी है। इस संबंध में उच्च अधिकारियों से भी शासन में बात की गई है। यदि शिक्षकों को न्याय नहीं मिला ,तो संगठन आंदोलन करने पर बाध्य होगा। जिसकी जिम्मेदारी विभाग एवं शासन की होगी।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय नव गढ़वा नवाबगंज के शिक्षक कैलाश नाथ वर्मा बुधवार को जब विद्यालय से वापस बीआरसी बाबागंज आ रहे थे। तभी भगवानपुर के पास तीन हमलावरों ने उन पर प्राणघातक हमला किया था। जिससे शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए। कई लोगों के आ जाने पर हमलावर भाग गए दिन दोपहर आम रास्ते पर इस तरह के हमला होने से लोगों में डर व्याप्त है। घटना की एफ आई आर करा दी गई है। संघ अध्यक्ष विद्या विलास पाठक ने कहा कि जनपद में इस तरह की कई घटनाएं घटी हैं। अभी कुछ दिनों पूर्व फखरपुर और अभी कल ही विशेश्वरगंज में भी शिक्षक के साथ अभद्रता हो चुकी है। अगर विभाग और शासन संज्ञान लेकर ऐसे अराजक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई नहीं करता है तो संगठन एक वृहद आंदोलन चलाएगा।

### सर्पदंश से महिला की मौत, बिस्तर पर चढ़े सांप को महिला ने चूहा समझकर फेंका

जन एक्सप्रेस/बहराइच। बारिश के मौसम में सर्प दंश की घटनाओं में इजाफा हुआ है। आए दिन सर्पदंश की खबरें सुर्खियों में रहती हैं। इसी क्रम में जिले के बस्तीपुरवा गांव निवासी एक महिला रात में अपनी बेटी के साथ सो रही थी। तभी एक सांप आ गया। महिला को सांप ने काट लिया। लेकिन उसने सांप को चूहा समझा और बिस्तर से उठाकर फेंक दिया। कुछ देर बार महिला बेहोश होने लगी तो उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई। खैरीघाट थाना क्षेत्र के बस्तीपुरवा गांव निवासी गीता देवी (25) पत्नी बलवंत कुमार मंगलवार रात को बेटी के साथ सोई थी। देर रात को जहरीला सांप बिस्तर पर पहुंच गया। सांप ने गीता देवी को काट लिया। परिवार के प्रदीप ने बताया कि सीमा ने सांप को चूहा समझ कर बिस्तर से फेंक दिया। आवाज सुनकर लोग उठे तो देखा कि सांप मौके पर मौजूद है। साथ ही सांप ने गीता देवी को काट लिया था। इस पर परिवार के लोगों ने सांप को मार दिया। इसके बाद मृत सांप को डिब्बे में बंद कर इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर गए, लेकिन महिला की मौत हो गई। इसके बाद पोस्टमार्टम हाउस के पास लोग मृत सांप को लेकर पहुंचे। इससे हड़कंप मच गया। वन सुरक्षा अधिकारी दीपक सिंह ने बताया कि सांप गेहुहा गड़ार प्रजाति का है। यह काफी जहरीला होता है।

### बीकॉम चतुर्थ सेमेस्टर डिजिटल मार्केटिंग की प्रायोगिक परीक्षा आज

जन एक्सप्रेस/बहराइच। किसान पीजी कॉलेज बहराइच मैं बीकॉम चतुर्थ सेमेस्टर डिजिटल मार्केटिंग की प्रायोगिक परीक्षा 28 जुलाई 2023 को पूर्वान्ह 11 बजे आयोजित की गई है। यह जानकारी विभाग के आंतरिक परीक्षक असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ राजू निगम ने दी। उन्होंने बताया कि संबंधित छात्र छात्राएं निर्धारित तिथि पर समय से एक घंटा पूर्व विभाग में पहुंचकर परीक्षा संबंधी जानकारी प्राप्त कर लें अनुपस्थित छात्र छात्राएं परीक्षा छूटने के स्वयं उत्तरदाई होंगे।

## डीएम और एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण




जन एक्सप्रेस । बहराइच

कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं, कारागार की साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान डीएम व एसपी ने पाकशाला, जेल चिकित्सालय व कारागार की बैरकों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उच्चाधिकारियों द्वारा कारागार की व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए बन्दियों को शासन द्वारा अनुमन्य सभी सुविधाएं मुहैय्या कराए जाने तथा साफ-सफाई के स्तर को बनाएं रखने का निर्देश कारागार प्रशासन को दिया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक राजेश यादव, जेलर आनन्द कुमार 2ाुक्ला, डिप्टी जेलर देवकान्त वर्मा, 2ोषनाथ यादव, अनीता सक्सेना व माधुरी तिवारी तथा जेल चिकित्सक डॉ. परवीन कुमार पाण्डेय मौजूद रहे।

## प्रचार-प्रसार के अभाव में किसानों को नहीं मिल पा रहा योजनाओं का लाभ

जन एक्सप्रेस/मिल्कीपुर-अयोध्या। प्रचार-प्रसार के अभाव में किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है। 36 हजार1 सौ 27 किसानों में से मात्र 9 सौ किसानों ने ब्लॉक मुख्यालय स्थित राजकीय बीज भंडार से बीज की खरीदारी की है। मामला विकास खंड मिल्कीपुर का है यहां पर 77 ग्राम पंचायतों में कुल 36127 हजार किसान पंजीकृत हैं। किसानों की आमदनी को बढ़ाए जाने के लिए ब्लॉक मुख्यालय पर कृषि विभाग द्वारा राजकीय बीज गोदाम की व्यवस्था की गई है। जहां पर किसानों को उन्नत किस्म के बीज, कीटनाशक दवाएं 50 प्रतिशत छूट पर दिए जाने का प्रावधान किया गया है। लेकिन प्रचार प्रसार के अभाव में किसानों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। किसानों को 50 प्रतिशत छूट प्राप्त करने के लिए सम्मान निधि प्राप्त कर रहे किसानों को केवल आधार कार्ड की फोटोकॉपी, अन्य किसानों को आधार कार्ड, बैंक पासबुक, खतौनी की फोटोकॉपी देना होता है। बीज का संपूर्ण मूल देना होता है, थोड़े दिन बाद 50 प्रतिशत अनुदान राशि सीधे किसानों के बैंक खातों में पहुंच जाती है। राजकीय कृषि बीज भंडार से बीज की खरीदारी कम होने पर प्रभारी कृषि विकास अधिकारी अवधेश यादव ने बताया कि किसानों को जानकारी का अभाव होने के साथ प्राइवेट दुकानों पर उधारी के साथ-साथ सस्ता रेट पर बीज मिल जाता है। दूरदराज के किसान दूरी अधिक होने के कारण आसपास की दुकानों से खरीदारी कर लेते हैं। डॉ अवधेश यादव का कहना है कि बीस बीघे खेती करने वाले किसानों को सब्सिडी दी जाती है। इसके ऊपर वाले किसानों को सब्सिडी देने का कोई प्रावधान नहीं है। इस वर्ष धान 95.40 कुंतल, ढैंचा 30 कुंटल, अरहर 40 कुंटल व जिप्सम 350 बोरी किसानों को बिक्री करने के लिए मिले थे। धान, ढैंचा व अरहर पर 50 प्रतिशत की सब्सिडी तथा जिप्सम पर 70 प्रतिशत सब्सिडी निर्धारित की गई है।

# अस्थाई बचाव कार्य में सहायता देने में भी बाढ़ खंड ने कर दिया खेल

- मजबूरन लोगों ने 50 हजार का चंदा एकत्र कर शुरू किया बचाव कार्य
- चंदिया हजारा में शारदा नदी द्वारा हो रहे कटान को रोकने को मंगवाया तार
- नदी किनारे छोटे-छोटे पेड़ों को लगाकर तार से बांधकर कटान रोकने की कर रहे जुगत

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**पूरनपुर।** चंदिया हजारा में शारदा नदी द्वारा हो रहे जमीन के कटान को रोकने के लिए बाढ़ खंड द्वारा कराए गए कार्य नाकाफी साबित हुए। आरोप है कि इनमें खानापूरी कर लाखों रुपए बहा दिए गए हैं। बाढ़ खंड द्वारा पेड़ों को बांधने के लिए चार एमएम का तार दिया गया जो बांधते ही टूट रहा है। इसपर ग्रामीणों ने 50 हजार का चंदा एकत्र कर नौ एमएम का तार मंगवाकर कटान रोकने के प्रयास में जुट गए हैं। यही नहीं एक नाले की चौड़ाई भी बढ़ाने लगे। ताकि नदी का पानी डायवर्ट हो और नदी जमीन काकटान करना बंद कर दे। पूरनपुर के गांव चंदिया हजारा-राहुलनगर के समीप शारदा नदी पखबाड़ा भर से जमीन का कटान कर रही है। वन विभाग की 19 एकड़ से अधिक जमीन नदी में समा चुकी है। वहीं किसान शंभू, प्रेम मंडल और तपन की दस एकड़ जमीन गन्ने की फसल समेत नदी की भेंट चढ़ चुकी है। बाढ़ खंड के जिम्मेदारों द्वारा अब तक अस्थाई बचाव कार्यों के नाम पर लाखों रुपए शारदा नदी में बहाए जा चुके हैं। आरोप है कि इनमें खानापूरी होने से बचाव कार्य बेकार साबित हुए। कटान रोकने को लगाए गए दो दर्जन से अधिक बैंबो कटर नदी में समा गए। ग्रामीणों की मांग पर बाढ़ खंड ने तार दिया। ताकि पेड़ों को तार से बांधकर नदी किनारे लगाकर कटान की रोकथाम हो। लाखों रुपए के तार में भी बाढ़ खंड के जिम्मेदारों ने गोलमाल कर दिया। आरोप है कि घटिया क्वालिटी और चार एमएम का तार दिया जो पेड़ों को बांधते ही टूट रहा है। हालांकि ग्रामीणों ने 50 हजार का चंदा एकत्र कर नौ एमएम का तार मंगवाया। मंगलवार की आधी रात तक ग्रामीण तार से छोटे-छोटे पेड़ों को बांधकर नदी किनारे लगाते रहे। रोशनी के लिए जनरेटर की व्यवस्था की गई। बुधवार को तमाम ग्रामीणों ने चंदिया हजारा के पास बने नाले की साफ-सफाई के साथ चौड़ीकरण का कार्य किया। ताकि नदी का पानी डायवर्ट हो जिससे जमीन का कटान रुके। कहा जाए तो बाढ़ खंड के जिम्मेदारों को ग्रामीणों ने आईना दिखाते हुए खुद की अपने स्तर से कटान रोकने के लिए हर संभव प्रयास करना शुरू कर दिया है।

### चंदिया हजारा के लोगों को सता रही बाढ़ की आशंका

पूरनपुर। मैदानी इलाके और पहाड़ों पर बारिश होने से शारदा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। प्रधान वासुदेव कुंडू ने बताया कि इस वक्त नदी उफान पर है। रात के समय गांव में फिर से बाढ़ का पानी पहुंचने की आशंका है। इससे ग्रामीण भयभीत है। पिछले कई कई दिनों से लोग रातें जागकर काट रहे हैं। क्योंकि जलस्तर बढ़ने से बाढ़ आने और कम होने पर जमीन का कटान तेजी से शुरू होने की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों ने प्रस्तावित चेनेलाइजेशन कार्य के लिए वन विभाग से एनओसी दिलाने की मांग उठाई। ओएसडी ने बाढ़ खंड के एसडीओ को बचाव कार्यों में किसी प्रकार की कोताही न बरतने के निर्देश दिए।

# बांस के ट्री गार्ड से सहेजे जाएंगे रोपित किए गए पौधे

- 200 रुपये में तैयार हो रहा बांस का ट्री-गार्ड
- आकांक्षी ब्लाक में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिलेगी मजबूती

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**पूरनपुर।** प्रदेश की योगी सरकार वृक्षारोपण अभियान को गति दे रही है। अभियान के अंतर्गत प्रदेश भर में 35 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे। प्रदेश सरकार ने %पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ% थीम पर वृक्षारोपण को जन अभियान बनाया। लोगों से कम से कम एक पौधा रोपने की अपील की गई है। प्रदेश भर में पौधों को रोपने के बाद उन्हें सहेजना महत्वपूर्ण है। इस दिशा में पीलीभीत का बांस अहम भूमिका निभा सकता है। पीलीभीत जनपद के एसडीएम कलीनगर आशुतोष गुप्ता ने बांस के ट्री-गार्ड बनवाकर पौधों को संरक्षित करने की पहल की है। इससे न केवल लोहे के ट्री-गार्ड और उसमें आने वाली लागत से छुटकारा मिलेगा, बल्कि जनपद के गरीब लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। पायलट प्रोजेक्ट तौर पर तहसील- कलीनगर में बांस के ट्री-गार्ड बनवाए जा रहे हैं। जनपद पीलीभीत में बांस का उत्पादन होता है। विशेषकर आकांक्षी विकास खंड पूरनपुर के नेपाल सीमावर्ती क्षेत्रों में प्रवासी बंगाली व पूर्वी समुदाय द्वारा बांस की खेती की जाती है। बांस की बहुलता के कारण यहां के लोग जीविकोपार्जन व निजी उपयोग के लिए बांस की चटाई, टोकरी, छप्पर, सीढ़ी आदि बनाते हैं। एसडीएम कलीनगर ने मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल से प्रेरणा लेकर सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से बातचीत की। उन्हें बांस के ट्री-गार्ड बनाने के लिए प्रेरित किया। आम तौर पर पौधों को संरक्षित करने के लिए लोहे के ट्री-गार्ड का प्रयोग होता है जिसकी लागत करीब 1200 रुपये आती है। लागत अधिक होने के कारण सभी पौधों को ट्री-गार्ड से कवर कर पाना संभव नहीं होता जिस कारण पौधे की वृद्धि प्रभावित होती है। तहसील कलीनगर क्षेत्र में सीमावर्ती लोगों द्वारा तैयार किए जा रहे बांस के ट्री-गार्ड की लागत केवल 200 रुपये आ रही है जोकि लोहे के ट्रीगार्ड से काफी कम है। ऐसे में उन्हें खरीदना व पौधों पर लगाना आसान है।



### इन गांवों में होता हैं बांस का अधिक उत्पादन

आकांक्षी विकास खंड पूरनपुर के ग्राम गभिया सहराई, रमनगरा, नगरिया खुर्द कला, नलडेंगा, बंदरबोझ, सुंदरनगर, बूंदीभूड़, महाराजपुर में बांस का उत्पादन किया जाता है।

### क्लस्टर बनाकर बढ़ा सकते उत्पादन

सीमावर्ती लोगों को प्रेरित कर क्लस्टर का निर्माण कराया जा सकता है। साथ ही बांस के उत्पादों को बढ़ावा दिया जा सकता है। इससे न केवल उत्पादन बढ़ेगा बल्कि नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र एवं आकांक्षी विकास खंड की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को धार मिलेगी।

> कमिश्नर महोदया ने बांस के ट्री गार्ड का सुझाव दिया था, जिस पर अमल करते हुए तहसील क्षेत्र के सीमावर्ती गांवों के लोगों से वार्ता की गई। ये लोग बांस के कुछ उत्पाद पहले से बना रहे हैं जोकि सस्ते व टिकाऊ होते हैं। इन लोगों को ट्री-गार्ड बनाने के लिए भी प्रेरित किया गया जोकि सार्थक रहा। लोहे के ट्री-गार्ड की तुलना में काफी कम दामों में बांस का ट्री-गार्ड तैयार हो रहा है जोकि मजबूत भी है। सरकार के निर्देश पर चल रहे वृक्षारोपण अभियान में पूरे तहसील क्षेत्र में बांस के ट्री-गार्ड से पौधों को संरक्षित करने की योजना तैयार की है।
> - आशुतोष गुप्ता, एसडीएम कलीनगर

# आई फ्लू के बचाव के लिए मरीजों को हाथों के नेत्र परीक्षण हेतु जीवन रक्षक औषधियां कराएं उपलब्ध

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

जनपद में आई फ्लू के बचाव के लिये समस्त ब्लॉक की स्वास्थ्य इकाईयों पर कार्यरत नेत्र परीक्षण अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है कि वर्तमान में अगर आई फ्लू या कंजक्टिवाइटिस से ग्रसित कोई भी मरीज आता है तो उसे सर्वप्रथम प्राथमिकता के साथ उसकी आंखों का नेत्र परीक्षण करते हुये उसे जीवन रक्षक औषधियां उपलब्ध करायें। प्रत्येक स्वास्थ्य इकाईयों पर पर्याप्त मात्रा में जीवन रक्षक औषधियां उपलब्ध हैं नेत्र रोग से गम्भीर अवस्था के मरीजों के लिये तत्काल स्वशासी/जिला चिकित्सालय पीलीभीत के लिये रेफर कराये जाने को निर्देशित किया गया है। जिले के समस्त प्राइमरी/जूनियर विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को नेत्र परीक्षण कराये जाने हेतु ब्लॉकवार टीमें कार्य कर रही है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत ब्लॉक मरौरी, बिलसण्डा, बीसलपुर, बरखेडा, अमरिया आदि ब्लॉकों में दो दो टीमें छात्र-छात्राओं का नेत्र परीक्षण कर रही है, नेत्र रोग से ग्रसित मरीजों को दवा इत्यादि लेते हुये उन्हें ब्लॉक स्तरीय इकाईयों पर इलाज हेतु भी संदर्भित भी किया जा रहा है। जिला चिकित्सालय के नेत्र रोग विभाग में तीन वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक के अतिरिक्त एक नेत्र परीक्षण अधिकारी द्वारा भी मरीजों का इलाज किया जा रहा है। मरीज किसी भी समस्या के लिये केन्द्र प्रभारी/ब्लॉक स्वास्थ्य अधिकारियों से भी सम्पर्क स्थापित कर सकता है। आई फ्लू के लक्षण आंखे लाल होकर सूज जाती है, आखों से लगातार पानी आता है, धंधला नजर, पलको पर सूजन और पलकें आपस में चिपक जाती हैं। खुजली दर्द और गड़न होती व तेज रोशनी खराब लगती है। सावधानी- आंखों को छुएं या रगड़े नहीं, तौलिया, ताकिया, मेकअप शेयर न करे, हाथों को साफ रखें, पीड़ित व्यक्ति काला चश्मा अवश्य पहनें, टीवी व मोवाइल देखने से बचे, और तत्काल ही चिकित्सक से परामर्श कर आंखों में दवा डालें।

# व्यापारियों ने नेशनल हाईवे मार्ग की समस्या सांसद वरुण गांधी के कार्य अधिकारी को बताई

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

- शहर के बीच की आबादी से ओवरब्रिज बनाए जाएं जिससे यह 400 व्यापारी का व्यापार और रोजगार बचा रहे

**बीसलपुर।** सांसद वरुण गांधी के विशेष कार्य अधिकारी कमल कांत ने बीसलपुर पहुंचकर निर्माणाधीन बीसलपुर पीलीभीत नेशनल हाईवे मार्ग की समस्या जानी। व्यापार फैंस क्लब के अध्यक्ष प्रमोद कुमार गुप्ता ने बताया कि पीलीभीत मार्ग पर जस मानक से रोड बनाया जा रहा है उससे 400 दुकानदार बेरोजगार हो जाएंगे एन एच ए पहले टू लर्न बना रहा था अब फोरलेन बना रहा है जिससे 400 परिवार भुखमरी की कगार पर आ जाएंगे कई सौ करोड़ का नुकसान होगा मैं आपके माध्यम से यह आपको बताना चाहता हूं कि इस समय लोकसभा का सत्र चल रहा है सत्र चल रहा है। सांसद श्री गांधी को समस्या से अवगत करा कर समस्या का निस्तारण कराएं। गांव में वृज बनाए जाएं। शहर के बीच की आबादी से ओवरब्रिज बनाए जाएं जिससे यह 400 व्यापारी का व्यापार और रोजगार बचा रहे। व्यापारी आत्महत्या करने को मजबूर हो जाएंगे। प्रतिनिधिमंडल में मिलने वाले जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार गुप्ता उपाध्यक्ष शिवेंद्र शुक्ला रामपाल गुप्ता जोगेंद्र सिंह जग्गा अंकित अग्रवाल अंकुश शर्मा जी मौजूद रहे।

# अवैध कच्ची शराब की भट्टी के साथ एक आरोपी पकड़ा

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**हजारा(पूरनपुर)।** पुलिस ने नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र से एक शराब धंधेबाज को शराब और शराब बनाने के उपकरण के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया है।पुलिस की कार्यवाही से शराब धंधेबाजों में खलबली मची है। हजारा थानाध्यक्ष ब्रजवीर सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब के खिलाफ अभियान चलाते हुए नेपाल सीमावर्ती गांव धर्मपुरी निवासी केहर सिंह उर्फ काठी पुत्र गुर्जर सिंह को प्लास्टिक की दो केन में 80 लीटर कच्ची शराब बरामद कर गिरफ्तार कर लिया।इतना ही नहीं उक्त शराब धंधेबाज के पास से शराब बनाने के उपकरण भट्टी भी पुलिस ने बरामद की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए गुरुवार को जेल भेज दिया। हजारा थानाध्यक्ष ब्रजवीर सिंह ने बताया है कि पकड़े गए अभियुक्त केहर सिंह उर्फ़ काठी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेजा गया है। उक्त केहर सिंह का अपराधिक इतिहास भी रहा है। इसके पहले भी इसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के चार मुकदमा पंजीकृत हैं।इधर थाना क्षेत्र में उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देश पर अवैध शराब अवैध शस्त्र मादक पदार्थ,तस्करी,मानव तस्करी के खिलाफ पुलिस द्वारा अभियान चलाकर कार्रवाई करने से अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच है।इससे पहले पुलिस ने मादक पदार्थ अफीम के साथ एक नेपाली व दो भारतीय तस्करों को भी गिरफ्तार कर जेल भेजा था।कंबोज नगर पुलिस चौकी के एसआई नरेंद्र कुमार, आरक्षी यशवीर सिंह, जोगिंदर सिंह शामिल रहे।

# ट्रक व कार की भिड़ंत बाइक सवार युवक की चपेट में आकर हुई दर्दनाक मौत

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**बीसलपुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक की ट्रक व कार की भिड़ंत में बाइक सवार युवक की चपेट में आकर मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मौत की सूचना घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने युवक के शव की कार्यवाही पूर्ण करने के बाद पोस्टमार्टम हेतु बरेली भेज दिया था। जिसके बाद देर रात्रि युवक का शव घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अभयपुर चेना नकटी निवासी जलालुद्दीन का 29 वर्षीय पुत्र नदीम शेखापुर गांव में स्थित अपनी दुकान पर ग्रिल विंडो का कार्य करता था। वह कल सुबह दुकान का सामान लेने बरेली गया था। जिसके बाद लगभग 2:00 बजे बरेली से सामान लेकर लौट रहा था। इसी दौरान कुआं डंडा के पास से गुजर रहे हाईवे के पास रोड क्रॉसिंग करने का इंतजार कर रहा था। इसी समय विपरीत दिशा से आ रहे वैगनआर कार व ट्रक की भिड़ंत हो गई। जिसकी चपेट में आकर रोड के किनारे खड़ा बाइक सवार युवक नदीम आ गया। जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव की कार्यवाही पूर्ण करने के बाद पोस्टमार्टम हेतु बरेली भेज दिया। वहीं घटना की सूचना परिजनों को लगते ही परिजन भी बरेली पहुंच गए। जिसके बाद देर रात्रि युवक का शव पोस्टमार्टम होने के बाद गांव पहुंचा वैसे ही घर में कोहराम मच गया। आज सुबह लगभग 10:00 बजे युवक को गांव में ही स्थित कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया। युवक के जनाजे में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण व परिजन मौजूद रहे। अचानक युवक की मौत से बूढ़े मां बाप पर कहर टूट गया है। बूढ़े मां बाप व भाई बहनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# काशी विश्वनाथ धाम में बढ़ेंगी सुविधाएं, शासन को भेजा 22 करोड़ का प्रस्ताव

जन एक्सप्रेस । वाराणसी

भव्य श्री काशी विश्वनाथ धाम में श्रद्धालुओं के लिए और सुविधाएं विकसित होंगी। इसके लिए 22 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया है। लखनऊ में 28 जुलाई को होने वाली बैठक में इस पर मुहर लग सकती है। विश्वनाथ धाम में वाटर कूलर, चेंजिंग रूम, वेटिंग रूम निर्माण का प्रस्ताव है। प्रोटोकाल आफिस के पास वीआईपी रूम बनना है। इसके अलावा खाली पड़ी जमीन का उपयोग किया जाएगा। धूप व बारिश से बचाव के लिए सामान्य की बजाए फोल्डिंग जर्मन हैंगर लगाए जाएंगे। मंदिर के सभी दरवाजों पर बैगेज स्कैनर लगाने के साथ ही सुरक्षा के अन्य संसाधनों के इंतजाम किए जाएंगे। उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर का भ्रमण कर लौटी टीम अपनी रिपोर्ट तैयार कर रही है। इसके आधार पर भी श्री काशी विश्वनाथ कारिडोर में कई सुविधाएं लागू की जा सकती हैं।

# नैनी के ऐतिहासिक अलम जुलूस में कंधा देने उमड़ा हुजूम



जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

**यमुनानगर।** माहे मोहर्रम की 7वीं तारीख को जेल रोड नैनी से निकले ऐतिहासिक आलम के जुलूस में कंधा देने वालों का हुजूम उमड़ पड़ा। या अली या हुसैन के नारे तकबीर के साथ रात को पूरी अकीदत के साथ ऐतिहासिक अलम उठाया गया। कंधा देने वालों का हुजूम जुलूस की शक्ल में तय रास्ते पुराने डाकखाने से चकदोंदी होते हुए अरैल चौराहे पर पहुंचा। इस दौरान जुलूस में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद थी। इसके बाद अरैल चौराहा से बढ़कर इमामबाड़े पर अलम को रखा गया। सलमान और तारिक आफताब के वर्षों पुराने अलम को कंधा देने के लिए हुजूम का जोश देखते ही बनता था। रंग बिरंगी रोशनी पड़ रही थी तो ऐसा लगता कि आसमान से कोई सितारा टूट कर जमीन पर आ गया हो। अलम जुलूस की शोभा बढ़ाने को पार्षद पति मेराजुद्दीन उर्फ मक्खन, मुजावर, सलीम खां, जग्गू, बबलू, बिकानू एवं सरफराज ने भी शिरकत की।

# मुख्य सचिव की अध्यक्षता में शासन के प्राथमिकता कार्यक्रमों के सम्बन्ध वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से दिए दिशा निर्देश

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में शासन के प्राथमिकता के कार्यक्रमों के सम्बन्ध में वीडियों कान्फ्रेंसिग के माध्यम से अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश है। मा0 मुख्य सचिव द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने निर्देश दिये कि गोवंश संरक्षण हेतु गो आश्रय स्थलों का निर्माण कराया जाये, जिससे की निराश्रित गोवंशों को गौशालाओं भेजा जाये तथा उनके खाने हेतु भूसा, हरा चारा, पेयजल व्यवस्था, छाया की समुचित व्यवस्था कराना सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी द्वारा मुख्य सचिव को आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों में आ रही समस्याओं के बारे में भी सुझाव दिए गए।आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में अधिकारियों को निर्देश दिये गये पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का नियमानुसार जॉच कर उनका निस्तारण किया जाये, कोई भी शिकायत डिफाल्टर की श्रेणी न आने पाए, जिससे की शिकायतों के निस्तारण में सुधार लाया जा सके। इसके साथ अटल आवासीय विद्यालयों व नियोजन के कार्यो की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बाढ़ व आकाशीय बिजली से बचने हेतु विद्यालयों के बच्चों बाढ़ के दौरान व आकाशीय बिजली से बचाने हेतु विद्यालयों के बच्चों को जागरूक किया जाये। इस दौरान बताया गया कि दिनांक 09 से 15 अगस्त 2023 तक मेरी मिट्टी मेरा देश सप्ताह मनाया जायेगा, इस दौरान जनपद मुख्यालय, ब्लाकों व तहसीलों में कार्यक्रम आयोजित किये जायेगें।

# यातायात के समय सड़क के नियमों का पालन जरूरी : मनीष



जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

- यातायात जागरूकता निबंध प्रतियोगिता में पवन रहे अव्वल

आजकल सड़कों पर वाहनों की व्यस्तता बढ़ती जा रही है। ऐसे में आवागमन के समय सड़क के नियमों का पालन करना बहुत जरूरी है। इसके प्रति अपने घर और आसपास के लोगों में भी जागरूकता पैदा करने में बच्चे अच्छी भूमिका निभा सकते हैं। यह बातें क्षेत्र के रामपुर स्थित बृजमंगल सिंह इंटर कॉलेज में गुरुवार को आयोजित,सड़क सुरक्षा और हमारा दायित्व नामक निबंध प्रतियोगिता के दौरान प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने कही। प्रवक्ता मोहम्मद परवेज सिद्दीकी और शिक्षक विजय सिंह ने बच्चों को सड़क सुरक्षा यातायात सप्ताह के तहत नियमों की जानकारी देते हुए जागरूक किया। सांस्कृतिक सभागार में प्रवक्ता जितेंद्र कुमार की देखरेख में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में 55 बच्चों ने प्रतिभाग किया।सर्वाधिक अंक प्राप्त कर कक्षा 11 विज्ञान वर्ग के छात्र पवन जायसवाल प्रथम रहे। इसी कक्षा के हर्ष प्रताप सिंह को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ। बच्चों को प्रधानाचार्य मनीष तिवारी ने मेडल द्वारा सम्मानित करते हुए उनकी सराहना की ।इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक और बच्चे मौजूद रहे।

# छात्रनेता से मिलने जेल पहुंचा सपा विधायकों का प्रतिनिधि मण्डल गिरफ्तार

- दो घंटे बाद मुचलके पर रिहा होने के बाद कमिश्नर से की मुलाकात

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज




**यमुनानगर।** बंदी छात्रनेता अजय सिंह यादव उर्फ अजय सम्राट से मिलने पहले से तय कार्यक्रम के तहत नैनी सेंट्रल जेल पहुंचे सपा विधायकों, एमएलसी तथा कार्यकर्ताओं के प्रतिनिधि मंडल को प्रवेश द्वार पर ही मौजूद पुलिस फोर्स ने रोक लिया। इस पर नाराज सपा नेता नारेबाजी करते हुए जेल के प्रवेश द्वार पर ही धरने पर बैठ गए। उन्हें समझाने के लिए एसीपी करछना अजीत सिंह चौहान की टीम पहुंची। लेकिन सपा नेता नहीं माने। इस पर पुलिस ने प्रतिनिधि मण्डल में शामिल सभी विधायकों, एमएलसी और कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर रिजर्व पुलिस लाइन भेज दिया। करीब दो घंटे बाद सभी को मुचलके पर रिहा कर दिया गया। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने कमिश्नर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। गुरुवार को समाजवादी पार्टी के इस प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश अध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य नरेश उत्तम पटेल के साथ विधायक डॉ. आरके पटेल, हाकिम लाल बिंद, एमएलसी डॉ. मान सिंह यादव, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष हेमंत सिंह टुन्नू, पार्टी प्रवक्ता मनोज काका, राष्ट्रीय महासचिव युवजन सभा, समाजवादी पार्टी उदय प्रकाश यादव और छात्र नेता आदिल हमजा मौजूद रहे। बताया जा रहा है कि नरेश उत्तम पटेल ने 25 जुलाई को ही पत्र जारी कर इस बात की पूर्व में ही घोषणा की थी। बताया था कि 27 जुलाई को छात्र नेता अजय सिंह यादव उर्फ अजय सम्राट से प्रतिनिधि मंडल मुलाकात करने नैनी कारागार जायेगा। उसके बाद पुलिस कमिश्नर प्रयागराज से बातचीत करेंगे। गुरुवार दोपहर को सेंट्रल जेल में समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल छात्र नेता से मिलने जेल पहुंचा तो प्रशासन सक्रिय हो गया। सभी समाजवादी पार्टी के विधायकों और नेताओं को जेल के गेट पर ही रोक लिया गया। उनसे मिलाई के लिए परमिशन दिखाने को कहा गया। लेकिन उनके पास परमिशन नहीं था। सपा नेताओं को जेल में बंद छात्र नेता अजय सिंह यादव से मिलने की अनुमति नहीं थी, इसलिए पुलिस प्रशासन ने उन्हें गेट पर ही रोक दिया। नाराज विधायकों और पार्टी नेताओं ने नारेबाजी शुरू कर दी और गेट पर ही धरने पर बैठ गए। उन्हें घंटों समझाया गया, लेकिन लोग नहीं माने। एसीपी करछना अजीत सिंह चौहान ने सभी सपा नेताओं को हिरासत में लेकर पुलिस लाइन भेज दिया। गिरफ्तारी के दौरान सपा नेताओं ने सरकार और पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। बता दें कि छात्र नेता अजय सिंह यादव उर्फ अजय सम्राट इलाहाबाद विश्वविद्यालय में बढ़ी हुई फीस की वापसी एवं छात्र संघ बहाली की मांग को लेकर पिछले 1090 दिन से चल रहे क्रमिक अनशन में शामिल थे। पिछले दिनों इलाहाबाद विश्वविद्यालय परिसर में छात्र अभिषेक द्विवेदी की मौत को लेकर भी अजय सम्राट ने हंगामा किया था। विश्वविद्यालय प्रशासन पर तत्काल इलाज उपलब्ध नहीं कराने का आरोप लगाया था। समाजवादी पार्टी के लोगों का कहना है कि छात्र नेताओं की मांग का दमन करने के लिए अजय सम्राट को पुलिस प्रशासन ने गिरफ्तार करके जेल में बंद रखा है।

# पीआरवी ने बिगाड़ा खनन करने वालों का खेल

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

- आठ डंपरों व एक जेसीबी हो रहा था अचलगंज के छेरिहा में खनन
- भाग रहे डंपर ने तोड़ी प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्री वाल
- तीन डंपर और एक जेसीबी को पुलिस लाइन थाने

डायल 112 किए की शिकायत ने रातों रात खनन करने वालों का खेल बिगाड़ दिया। पीआरवी के पीछा करने भागे डंपर सरकारी स्कूल की बांउड्री में जा टकराया। पांच डंपर ने थाना पुलिस की सुस्ती के चलते भाग निकले हलांकि इसी बीच ग्रामीणों के एकत्र होने पर पुलिस को तीन डंपर व एक जेसीबी थाने लानी पड़ी। मामला अचलगज थाना क्षेत्र में खनन के लिए चर्चित गांव छेरिहा का है। बीती रात करीब ग्यारह बजे गांव पहुंचे आठ डम्पर व एक जेसीबी ने खनन शुरू किया। देर रात एक बजे किसी ने डायल 112 पर फोन कर रात के अंधेरे में बड़े पैमाने पर खनन होने की शिकायत की। साथ ही बदरका चौकी पुलिस को भी इसकी सूचना दी गयी। पुलिस के पहुंचते ही खनन माफिया गाड़ियां लेकर भागने लगे। इस दौरान हड़बड़ी में डंपर ने छेरिहा प्राथमिक विद्यालय की बाउंड्री तोड़ दी। यह नहीं डंपरों की धमाचौकड़ी से सरकारी नाली और इंटर लाकिंग भी क्षतिग्रस्त हुई है। बदरका चौकी इंचार्ज अरविंद सिंह के पहुंचने पर आठ डंपर व एक जेसीबी मिली लेकिन पांच डंपर कही गायब हो गए। इसी दौरान क्षेत्रीय लोगों की भीड़ जमा हो गयी। नतीजे में मजबूर होकर पुलिस को पुलिस तीन डंपर व एक जेसीबी थाने पहुंचानी पड़ी। पुलिस ने इनमें से दो डंपर व एक जेसीबी को सीज करने की कार्रवाई की है। क्षेत्रीय लेखपाल प्रेम प्रकाश ने खनन स्थल की पैमाइश कर रिपोर्ट अधिकारियों को भेज दी है।


थाने के बाहर खड़े खनन में पकड़े गए डंपर व जेसीबी।

# लोन कराने के नाम पर रिश्वत मांगने का आरोप

- एजीबी अकरमपुर के शाखा प्रबंधक पर करोवन निवासी युवक ने लगाया आरोप
- डीएम के साथ जन सुनवाई पोर्टल पर भी की गयी शिकायत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

सदर कोतवाली क्षेत्र के करोवन निवासी एक युवक ने डीएम को शिकायती पत्र देते हुए एजीबी की अकरमपुर शाखा प्रबंधन पर लोन दिलाने के नाम पर घूस मांगने, गाली गलौज व हाथापाई करने का आरोप लगाया है। सदर कोतवाली के सलेमपुर करोवन गांव निवासी सेराज अली पुत्र शोहराब अली ने डीएम को भेजे गए शिकायती पत्र में बताया कि उसने आर्यावर्त ग्रामीण बैंक की अकरमपुर शाखा से दो छोटे छोटे लोन लिए थे। जिन्हें उसने समय जमा भी कर दिया। बैंक मैनेजर ने पांच लाख का लोन कराने की बात कही। जिस पर उनके बताए अनुसार सभी जरूरी कागजात व पचास हजार रुपये एफडी के लिए जमा कर दिए। बावजूद इसके उसका लोन नही हुआ और पीड़ित बैंक के लगातार चक्कर लगा रहा है। सेराज अली का आरोप है कि बुधवार की दोपहर बैंक मैनेजर उसके सलेमपुर स्थित स्कूल पहुंचे। जब उसने जमा किए गए रुपयों की रसीद मांगी तो मैनेजर 20 हजार की रिश्वत की मांग की। आरोप है कि जब उसने रिश्वत मांगने पर सवाल किया तो मैनेजर ने उससे गाली गलौज करते हुए हाथापाई की। आस पास के लोगो को आता देख मैनेजर भाग गया। उसने जाते जाते धमकी दी है कि वह सरकारी कर्मचारी है उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करा देगा।

# प्रधान व लेखपाल पर सरकार को राजस्व का चूना लगाने का आरोप

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

- ग्रामीणों ने डीएम से की आन लाइन शिकायत
- बोले पिछले साल मछली आखेट का 6 लाख में उठाया था ठेका

ग्राम प्रधान व क्षेत्रीय लेखपाल की मिली भगत से मछली आखेट का ठेका नहीं उठ पा रहा है। जिससे सरकार को लाखों के राजस्व की हानि उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों इसकी शिकायत जिलाधिकारी से आनलाइन की है। मामला सदर तहसील के कटरी मरौंदा मझवारा गांव का है। सदर तहसील के ग्राम सभा कटरी मरौंदा मझवारा के ग्रामीणों ने जिला अधिकारी को ऑनलाइन की गयी शिकायत में बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा मछली आखेट के लिए कई वर्षो से खुली बैठक में नीलामी कर ठेका दिया जाता रहा है। उसका राजस्व सरकारी खजाने में जमा होता था। इसके लिए ली गयी रशीद भी ठेका लेने वाले को दी जाती थी। हलांकि बीते सालों से प्रधान व लेखपाल की मिली भगत से यह ठेका गुपचुप तरीके से उठाकर मिलने वाली रकम का बंदर बांट आपस में किया जा रहा है। गांव निवासी विनोद निषाद, मेवालाल, प्रकाश चंद्र, रामासरे ने शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि ग्राम प्रधान व लेखपाल ने बीते साल छह लाख में मछली आखेट का ठेका उठाया था जिसका रुपया अभी तक सरकारी खजाने में नहीं जमा किया गया है। इस वर्ष गंगा नदी में पानी अधिक होने से ग्राम सभा के नाले, खार आदि में पानी खूब आया है जिससे अधिक मछलियां आने के अनुमान से इस बार भी बिना किसी खुली नीलामी के 10 लाख रुपए का मछली आखेट का ठेका उठा दिया है।

# विवाहिता का फंदे से लटका मिला शव मायके पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

- मौरांवा थाना क्षेत्र के तोमरनखेड़ा गांव की घटना

मौरावां थाना क्षेत्र में एक महिला का शव उसके ससुराल में संदिग्ध हालातों में बंद कमरे में फंदे से लटका मिला। बेटी की मौत की सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने ससुराली जनों दहेज की बेटी को मार डालने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। पुलिस ने फील्ड यूनिट बुलाकर साक्ष्य संकलन कराने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।
रायबरेली जनपद के बछरावां थाना क्षेत्र के चुरुवा गांव निवासी नागेंद्र सिंह ने अपनी इकलौती बेटी राधा की शादी बड़ी धूमधाम से तीन साल पहले जिले के मौरावां थाना क्षेत्र तोमरनखेड़ा गांव निवासी शिव कुमार सिंह उर्फ दिनेश सिंह के पुत्र राम लखन सिंह के साथ की थी। बेटी की मौत की सूचना पर पहुंचे पिता नागेंद्र सिंह ने बताया विवाह के बाद से ही दामाद राम लखन सिंह, बेटी की ननद रीतू और सास दहेज के लिए राधा को प्रताड़ित करती रहती थी। दो दिन पहले ही ससुरालीजनों की मांग पर उनके यहां एसी लगवा कर गया था। गुरूवार सुबह बेटी की मौत की खबर मिली तो होश उड़ गए। मां की मौत अनजान उसके एक वर्षीय बेटे रूद्र को जिसने भी देखा तो उसकी आंखें डबडबा गयी। राधा की मौत पर पिता समेत दो भाइयों अंशुमान सिंह व कीर्तिमान और मां मीरा सिंह का रो रोकर बुरा हाल है। सूचना पाकर पहुंची मौरावां पुलिस ने फील्ड यूनिट को बुला कर सुरागकशी कराई। बाद इसके शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। एसओ भवन सिंह मौर्य ने बताया की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# पीआरडी के जवानों ने आड़े तिरछे खड़े वाहनों को सीधा करवा खुलवाया जाम

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**शुक्लागंज।** गुरूवार दोपहर करीब बारह बजे अप और डाउन लाइन से एक के बाद एक ट्रेनें निकली। जिससे जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही देर में एक ओर मरहला और दूसरी ओर नेतुआ गांव के सामने तक वाहनों की लंबी कतारें लग गई। वहीं आरओबी का कार्य होने के कारण जाम और पेंचीदा हो गया। भीषण जाम देख मौजूद पीआरडी के जवानों ने आड़े तिरछे खड़े वाहनों को सीधा कराया। जिसके बाद वाहन रेंगना शुरू हुये। इस दौरान करीब एक घंटे तक भीषण जाम लगा रहा। वहीं शाम के समय भी रूक रूक कर जाम लगने से राहगीरों को खासी दिक्कतें उठानी पड़ी।

## फास्ट फॉरवर्ड

### बिजली न आने से घरों में लगे इनवर्टर हुए धड़ाम



जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। बुधवार रात 11:55 बजे 33 केवीए लाइन ब्रेक हो गई। जिससे पूरे नगर की बिजली गुल हो गई। लोगों ने विभाग को फोन मिलाया लेकिन विभाग के किसी भी जिम्मेदार ने फोन नहीं उठाया। जिससे उमस और गर्मी में लोग बेहाल हो गये। इधर फाल्ट ढूंढने के लिये बिजली कर्मियों की टीम ने पेट्रोलिंग की। फाल्ट मिलने के बाद उसकी मरम्मत की गई। जिसके बाद रात करीब तीन बजे क्षेत्र की आपूर्ति चालू हो सकी। बिजली न आने से घरों में लगे इनवर्टर धड़ाम हो गये। जिससे अधिकांश लोगों को छतों पर टहल कर रात काटनी पड़ी। वहीं कंचन नगर में रखा 630 केवीए का ट्रांसफार्मर रात ग्यारह बजे फुंक गया। पूरी रात बिजली न आने से गर्मी और उमस में लोग बेहाल हो गये। गुरूवार शाम नया ट्रांसफार्मर लाया गया। देर रात करीब साढ़े छह सौ घरों की बिजली चालू हो सकी। इस दौरान करीब 22 घंटे तक क्षेत्र की बिजली गुल रही।

### टूटे तारों की चपेट में आकर गौवंशों की मौत

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली के लालूपुर के मजरा कनिकामऊ गांव के पास गुरूवार सुबह हाईटेंशन लाइन का तार तेज स्पार्किंग के साथ टूट गया। बीच खेत में तार पड़ा हुआ था। इसी बीच तीन गौवंश वहां से गुजरे और टूटे तार की चपेट में आ गये। जिससे उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। तीन गौवंशों की मौत पर गौरक्षक दल ने बिजली विभाग की लापरवाही बताते हुये हंगामा काटा। गौरक्षक दल के नीरज सिंह ने बताया कि तार टूटने के बाद भी विभाग ने शट डाउन नहीं लिया। जिससे यह घटना हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हंगामा काट रहे लोगों को शांत कराया। जिसके बाद पशु चिकित्सक को बुलाकर गौवंशों का पीएम कराया।

# विवाहिता ने निगला विषाक्त पदार्थ, हालत गंभीर

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

**नवाबगंज।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के कन्हई खेड़ा गांव निवासी एक विवाहिता ने दोपहर में विषाक्त पदार्थ निगल लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों को जानकारी हुई तो आनन फानन उसे सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सक ने नाजुक हालत में उसे रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार अजगैन कोतवाली क्षेत्र के कन्हईखेड़ा गांव निवासी धनीराम की पत्नी पूजा ने गुरुवार को विषाक्त पदार्थ निगल लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। और वह कमरे में बेहोश होकर गिर गई। जब धनीराम की माँ छेदाना घर आई तो पूजा बेहोशी हालत में उल्टियां कर रही थी तो उसने पड़ोसियों की मदद से उसे नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। ज्ञातव्य हो कि पूजा का पति धनीराम मुम्बई में रहकर नौकरी करता है। पूजा गुरुवार को ही मायके से ससुराल आई थी। पूजा की माँ ने बताया कि दामाद धनीराम से पूजा की फोन पर कुछ कहासुनी हुई थी। तभी वह घर से बिना बताए ससुराल चली आई थी और यहाँ उसने कोई विषाक्त पदार्थ निगल लिया। बताया कि पूजा के गर्भ करीब 6 माह का बच्चा भी है।

# ट्रैक्टर ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत

जन एक्सप्रेस । सोहरामऊ

अजगैन कोतवाली के नवाबगंज-लखनापुर संपर्क पर कोको कोला फैक्ट्री के पास बाइक सवार युवक अज्ञात ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी जिसमे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया जहा डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। अजगैन कोतवाली के नवाबगंज कस्बा के गाधी नगर मोहल्ले के रहने वाले संजय 35 पुत्र केशनलाल किसी कार्य से अपनी ससुराल सोहरामऊ थाना क्षेत्र के सेमरा गांव जा रहे थे। थाना क्षेत्र के ही कोको कोला फैक्ट्री के पास बाइक सवार युवक को अज्ञात ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी जिसमे बाइक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने सीएचसी में उपचार के लिए भर्ती कराया जहा पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया मृतक की शादी चार वर्ष पूर्व सोहरामऊ थाना क्षेत्र के सेमरा गांव निवासी रानी से हुई थी जिसका एक वर्ष का बेटा हनी,वही पत्नी गर्भवती है,मृतक दिल्ली प्रांत में अपने पिता के साथ कपड़े की कंपनी में काम करता था अभी छः माह पूर्व ही घर आया था मृतक भाइयों में सबसे बड़ा था घटना की सूचना पर मां कमला,भाई संदीप,अभिषेक,पत्नी रानी का रो रो कर बुरा हाल है, एसओ राजकुमार ने बताया की पंचनामा भर शव को पीएम के लिए भेजा जा रहा है तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# फाल्ट सही करते समय करंट की चपेट में आकर युवक की मौत

- विकास भवन में संविदा पर करता था कंप्यूटर आपरेटर का काम

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

पुरवा कोतवाली क्षेत्र के तौरा गांव में बुधवार शाम घर बिजली लाइन सही करते समय करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गयी। जानकारी पर पहुंचे परिजन आनन फानन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। हलांकि आखिर उम्मीद में परिजन उसे लेकर कानपुर के एक निजी अस्पताल भी पहुंचे वहां भी मृत बता दिया गया। सदर कोतवाली स्थित उसके दूसरे आवास पर शव पहुंचने के बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। जिस पर सदर कोतवाली पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। मृतक विकास भवन में संविदा पर कंप्यूटर आपरेटर का काम करता था।


मृतक आलोक का फाइल फोटो।

सदर कोतवाली क्षेत्र के एबी नगर मोहल्ला के रहने वाला आलोक अवस्थी (40) मूल रूप से पुरवा कोतवाली क्षेत्र के तौरा गांव का रहने वाला था। वह विकास भवन स्थित समाज कल्याण विभाग में संविदा पर कंप्यूटर ऑपरेटर का कार्य कर परिवार का भरण पोषण करता था। एक पखवाड़ा पहले वह अपने पैतृक गांव गया था जहां पर वह घर में एक कमरे का निर्माण करा रहा था। शाम को घर की बिजली लाइन में फाल्ट होने पर सही करने लगा। तभी करंट की चपेट में आने से झुलस कर गिर गया। पड़ोसी युवक खाना देने घर पहुंचा। आवाज देने के बाद भी काफी देर तक दरवाजा नही खुला। तब ग्रामीणों की मदद से पड़ोसी की छत से घर के अंदर जाकर देखा तो आलोक बेहोशी की हालत में पड़ा था और घरेलू बिजली लाइन का तार उसके ऊपर पड़ा था। उसके बाद मेन लाइन का तार काटकर सप्लाई को बंद गयी। घटना की सूचना परिजन को देने के साथ ही निजी वाहन से उसे जिला अस्पताल की इमर्जेंसी पहुंचाया गया। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया लेकिन परिजन आखिरी उम्मीद में उसे लेकर कानपुर के एक निजी अस्पताल गए वहां भी डॉक्टरों ने उसे मृत बता दिया। जिसके बाद परिजन शव लेकर शहर के एबी नगर स्थित आवास आ गए। गुरूवार परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। आलोक मौत पर पत्नी शिखा का रो रोकर बुरा हाल है। वह अपने पीछे दो बच्चों उदय व प्रिंशू को रोता बिलखता छोड़ गया। पिता राजनारायण उर्फ रज्जू अवस्थी की पहले ही मौत हो चुकी है। बड़ा भाई मयंक उर्फ दीपू और बड़ी बहन सरिता भी दुनिया को अलविदा कह चुके हैं।

# जिला स्तरीय सहकारी कार्यशाला का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

जनपद मुख्यालय स्थित विशाल कॉन्टिनेंटल होटल में इफको के तत्वाधान में जनपद स्तरीय सहकारी कार्यशाला का आयोजन गुरुवार किया गया। कार्यकम की अध्यक्षता कर रहे सभापति अरुण सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार की अति महत्वपूर्ण विभाग सहकारिता के अंतिम पायदान तक लाभ पहुंचाने के



कार्यक्रम में मौजूद अतिथि

साथ-साथ इफको परिवार के मुखिया उदय शंकर अवस्थी के सपनों को साकार करने के लिए इफको नैनो यूरिया और इसको नैनो डीएपी क प्रयोग जन जन तक पहुंचाने के संकल्प के साथ प्रत्येक किसान की चिंता के लिए सहकारिता परिवार एक सजग प्रहरी की भूमिका में खड़ा रहेगा। इस दौरान भाजपा जिलाअध्यक्ष अवधेश कटियार, सदर विधायक पंकज गुप्ता, राष्ट्रीय परिषद सदस्य आनंद अवस्थी, संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त निबंधक सहकारिता लखनऊ मंडल दीपक सिंह, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अरुण सिंह, उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद वर्मा एवं डीसीडीएफ के अध्यक्ष पुत्तीलाल गौतम व इफको लखनऊ डीजीएम एसपी सिंह मौजूद रहे।

## नोटिस नमूना आम

न्यायालय श्रीमान अपर न्यायाधीश (तृतीय), कुटुम्ब न्यायालय महोदय, रायबरेली

न्यायिक याचिका सं0-748/2021

1. मालती, उम्र-लगभग 30 वर्ष, पत्नी-संदीप कुमार, पुत्री-रघुनाथ
2. कु0 सान्वी, उम्र-लगभग 03 वर्ष, पुत्री-संदीप कुमार, नाबालिक संरक्षिका माता मालती स्वयं, निवासीगण-ग्राम हजरतपुर, मजरे-धीरनपुर, पोस्ट-विशुनदासपुर, थाना-गदागंज, जिला-रायबरेली।

वादीगण

बनाम

1. संदीप कुमार, उम्र-लगभग 34 वर्ष, पुत्र-शिवराज, निवासी-ग्राम-हजरतपुर मजरे-धीरनपुर, पोस्ट-विशुनदासपुर, थाना-गदागंज, जिला-रायबरेली। वर्तमान पता-होटल श्री सगुन मकान नंबर-85/64 झकरकटीं, थाना-रायपुरवा, जिला-कानपुर नगर।

...प्रतिवादी

चूँकि उपरोक्त मामले में वादिनी मालती ने एक प्रार्थना पत्र इस आशय से दायर किया है कि प्रतिवादी से न्यायालय द्वारा 125 द0प्र0सं0 भरण पोषण भत्ता हेतु दिलाया जाये। अतः आपको एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि प्रतिवादी नियत पेशी दिनांक 08.08.2023 को समय 11:00 बजे पूर्वान्ह इस न्यायालय में अपने साक्ष्यों सहित स्वयं उपस्थित आये अन्यथा उक्त आवेदन की सुनवाई एकपक्षीय करके वाद निस्तारित कर दिया जायेगा।

पेशी बयान तहरीले
दिनांक: 10/07/2023
हस्ताक्षर
न्यायालय श्रीमान अपर न्यायाधीश (तृतीय), कुटुम्ब न्यायालय महोदय, रायबरेली।

# परेशानियों से क्षुब्ध किशोरी ने फांसी लगा कर दी जान

जन एक्सप्रेस । चौबेपुर

थाना क्षेत्र के एक गांव मे स्वम् की परेशानियों से क्षुब्ध किशोरी फांसी लगा कर आत्महत्या कर लीं। गुरुवार को सुबह के समय पचोर गांव अफरा तफरी मच गईं ज़ब गांव की ही एक किशोरी ने अपनी निजी परेशानियों के चलते घर के कमरे मे फांसी लगा लीं ज़ब सुबह परिजनों ने उसके मे आकर देखा तो उनके पैरो तले जमीन खिशक गईं जिसके बाद परिजनों ने आनन फनन मे किशोरी को फंदे से उतारा और डॉक्टर के यहां ले गए जहा डॉक्टरों ने किशोरी प्रियंका पासवान पुत्री वीरू पासवान उम्र 18 वर्ष को मृत घोषित कर दिया वही जैसे ही यह खबर क्षेत्र मे फैली तो मौके पर पहुंची पुलिस ने किशोरी के शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए कहा जिसपे परिजनों ने पोस्टमार्टम से साफ इंकार कर दिया पुलिस ने पांच लोगो का बयान लेकर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# बिल्हौर ब्लॉक में विकलांग पहुंचे परीक्षण कराने नहीं आए अधिकारी, मायूस होकर लौटे

जन एक्सप्रेस/बिल्हौर। बिल्हौर विकासखंड क्षेत्र में निवास कर रहे दिव्यांग जनों को ग्राम प्रधानों पर 27 जुलाई को ब्लॉक परिसर में दिव्यांग विभाग के कर्मचारियों द्वारा कैंप लगाकर दिव्यांग जनों के प्रमाण पत्रों का सत्यापन कर डिजिटल कार्ड बनाए जाने और इनके कार्ड नहीं बने हैं उनके कार्ड बनाए जाने की जानकारी दी गई थी। प्रधानों की सूचना और गांव सभा में डुग्गी करवाई गई थी जिसके चलते गुरुवार को सुबह से ही दिव्यांगजन ब्लॉक कार्यालय पहुंचने लगे। लेकिन न तो कोई विभागीय कार्य ब्लॉक कर सका और ना ही कोई कैंप लगाया गया।

# बिल्हौर सीएचसी अधीक्षक की लापरवाही के चलते महिलाओं की नहीं हो सकी नसबंदी

- चौबेपुर सीएचसी से आई डॉक्टरों की टीम नोकझोंक के बाद, लौटी बैरंग

जन एक्सप्रेस । हरीनाथ सिंह







**बिल्हौर।** बिल्हौर तहसील के समीप महज 200 मीटर की दूरी पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अव्यवस्थाओं का बोलबाला है स्वास्थ्य कर्मचारियों ने बताया कि जबसे डॉ अरविंद भूषण का तबादला हुआ है तब से यहां पर स्टॉप और मरीजों को समस्याओं का आए दिन मुकाबला होता रहता है । गुरुवार को महिला नसबंदी शिविर लगा था जिसमें 3 महिलाओं का ऑपरेशन होना था सभी महिलाएं ऑपरेशन के लिए आई हुई थी वहीं पर चौबेपुर से स्वास्थ्य टीम में डॉक्टर रेखा अग्रवाल और डॉक्टर जकी अहमद आए हुए थे ऑपरेशन करने से पहले जब मरीजों से पूछताछ की तो वह दो मरीज उसमें ऑपरेशन करवा चुके थे जो इस योग्य नहीं थे तीसरा मरीज कुछ बताया गया कि इरादे द्वारा ऑपरेशन होगा नसबंदी का चेहरा लगेगा इस पर उन्होंने बताया कि मुझे बताया गया है कि दूरबीन द्वारा किया जाएगा इस बात को जब अधीक्षक डॉ दिलीप सिंह कटियार को पता चला तो चौबेपुर से 18 से भड़क गए कि आपने मरीजों को यह क्यों बता दिया कि चीरा लगाएंगे उनका चुपचाप आपको ऑपरेशन करना था इस पर आए डॉ रेखा अग्रवाल ने बताया कि मैं मरीजों के साथ धोखा नहीं करती हू अगर हम चीरा से नसबंदी करते हैं तो हम पहले ही बता देते हैं काफी बाद विवाद के बाद डॉक्टर टीम बिना ऑपरेशन किए हुए वापस चली गई उन्होंने आगे यह भी बताया कि अब हम ऑपरेशन करने नहीं आएंगे क्योंकि बदसलूकी कर रहे हैं खुद अधीक्षक और महिलाओं को गुमराह कर ऑपरेशन किया कराया जाता है जबरदस्ती डॉक्टर जकी अहमद ने बताया कि पहले डॉक्टर सुनीता गौतम हॉस्पिटल में थी वह दूरबीन से ऑपरेशन करते थे उनका तबादला होने के बाद में आज जो डॉक्टर आई थी वह चीरा लगाकर ही ऑपरेशन करते हैं उन्होंने ऑपरेशन से पहले मरीजों को सारी बात बता दी जिससे मरीजों ने कराने से मना कर दिया और अधीक्षक हम लोगों के ऊपर भड़क गए कि आपने क्यों बता दिया यह व्यवहार उनका अच्छा नहीं रहा मुख्य चिकित्सा अधिकारी अशोक रंजन से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया जिसके चलते उनका पक्ष ज्ञात नहीं हो सका है।

# सात मुहर्रम को बिल्हौर में निकला तख्त का जुलूस

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर



बिल्हौर कस्बे में इस्लामी तारीख के मुताबिक मुहर्रम के माह में हजरत मोहम्मद के नवासे हजरत इमाम हुसैन को उनके खानदानी लोगों और 72 साथियों के साथ शहीद किया गया था। उन्हें बुराई की दावत में शरीक न होने के चलते खाना, पानी की महरूमी और तरह तरह के जुल्म ओ सितम सहने पड़े थे। मुहर्रम को उनकी शहादत के चलते गम का महीना माना जाता है। इस महीने में मुस्लिम लोग ताजियेदारी कर हुसैन ए पाक को याद करते हैं और कुर्बानी पर गमजदा होते हैं। बिल्हौर के नगरीय क्षेत्र में मोहल्ले खानजादे और ग्रामीण क्षेत्र में मकनपुर में मुहर्रम को खास तौर से मनाया जाता है। मोहल्ले खानजादे में ताजियादार ए मक्का मोहतरम कमेटी और हुसैनी अखाड़ा कमेटी के नेतृत्व में 7 मोहर्रम से 10 मुहर्रम तक कार्यक्रम किए जाते हैं। बीते बुधवार रात को हजरत इमाम हुसैन के भतीजे हजरत इमाम कासिम की याद में तख्त का जुलूस निकाला गया। हजारों की तादाद में लोग इसमें शरीक हुए। जुलूस मोहल्ले खानजादे से शुरू होकर किदवई नगर, गुमटा होते हुए महात्मा गांधी नगर से वापस अपने स्थान पर संपन्न हुआ। इसमें नसीम साबरी, हमजा साबरी और तनवीर साबरी ने नोहे ख्वानी की। हुसैनी अखाड़ा कमेटी के रईस अंसारी ने बताया कि मोहल्ले में सैकड़ों सालों से ताजियेदारी होती चली आ रही है। इलाकाई लोगों की इसमें प्रमुख भूमिका है। यहां जुलूस के दौरान अखाड़े के करतब और नोहे ख्वानी को बहुत पसंद किया जाता है। इसके लिए दूर दराज से भी लोग शामिल होते हैं। जुलूस में वह पुलिस की तैनाती और कानून व्यवस्था पर नियंत्रण रखने की तारीफ करते हैं और उम्मीद जताते हैं कि आने वाले जुलूस के रूट में डग्गामार वाहनों को हटाकर रास्ता साफ कराया जाएगा। कोतवाल सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि पर्याप्त मात्रा में पुलिस फोर्स कस्बे में तैनात है कहीं पर भी किसी तरह की कोई गड़बड़ी नहीं हो सकती है सभी लोग अपने शांत पूर्ण ढंग से निश्चित स्थान पर अपने कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं।

# लाल डायरी में कांग्रेस सरकार के काले कारनामे दर्ज: पीएम मोदी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के शेखावाटी इलाके में भाजपा के चुनावी अभियान की शुरुआत कर कांग्रेस में लाल डायरी को लेकर उठे विवाद पर भी चुटकी ली। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की तरफ से पहले राजस्थान के विकास का सिलसिला लगातार चल रहा है, लेकिन जब से यहां कांग्रेस की सरकार बनी है, तब से विकास के काम में रोड़े अटकाने का ही काम चल रहा है। कांग्रेस की सरकार का मतलब है कि लूट की दुकान और झूठ का बाजार। इस लूट की दुकान का ताजा प्रोडक्ट है लाल डायरी। मोदी ने कहा कि कितनी ही ताकत लगा लें, लेकिन लाल डायरी इस चुनाव में पूरी कांग्रेस का डिब्बा गोल करने जा रही है। लाल डायरी के नाम से ही कांग्रेस के नेताओं की बोलती बंद हो रही है। लोकतंत्र में सरकार को अपने काम का हिसाब देना पड़ता है, लेकिन जो चार साल सिर्फ सोएगा, वो काम का हिसाब कैसे देगा? इन लोगों ने सरकार का हर दिन आपसी खींचतान, वर्चस्व की लड़ाई में बर्बाद किया है। मोदी ने कहा- कहते हैं लाल डायरी में कांग्रेस सरकार के काले कारनामे दर्ज हैं। लोग कह रहे हैं कि लाल डायरी के पन्ने खुले तो अच्छे-अच्छे निपट जाएंगे।



### ये जनसैलाब बता रहा है कि ऊंट किस ओर करवट लेगा

प्रधानमंत्री ने कहा, ' 'वीरों की धरती शेखावटी के बारे में कहा जाता है कि बोड़ी लाणी मिठी मिसरी... कमी सुहावै माटी, धनवाना, विद्वाना। यहां आने पर आध्यात्मिक अनुभूति भी मिलती है और दिव्य आशीर्वाद भी मिलता है। शेखावटी की धरती शिक्षा संत स्वामी केशवानंद की जन्मभूमि है। ये श्रद्धानंद जी महाराज, अमृतानंद जी महाराज, बुद्ध गिरी जी महाराज और रतिजी महाराज की तपोभूमि है। इसी धरती ने हमें भैरव सिंह शेखावत, जगदीश प्रसाद माथुर, मदन लाल सैनी जैसे नेता दिए हैं। इसी शेखावटी से निकले जगदीप धनखड़ जी आज देश के उपराष्ट्रपति हैं। इसलिए आज जब मैं शेखावटी आया हूं तो मेरे मन में एक अलग ऊर्जा है।' ''आप लोग इतनी बड़ी संख्या में मुझे आशीर्वाद देने आए हैं। ये जनसैलाब बता रहा है कि आने वाले चुनाव में ऊंट किस करवट बैठेगा। अब राजस्थान की करवट भी बदलेगी और मेरी गारंटी है कि राजस्थान की किस्मत भी बदलेगी। इसलिए आज राजस्थान में चारों तरफ एक ही गूंज है, एक ही स्वर है, एक ही नारा है... जीतेगा कमल, खिलेगा कमल। भाजपा की सरकार राजस्थान की दिनरात सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध है।''

### कांग्रेस लूट की दुकान, झूठ का बाजार और लाल डायरी

''कांग्रेस ने राजस्थान में सरकार चलाने के नाम पर सिर्फ लूट की दुकान चलाई है और झूठ का बाजार चलाया है। झूठ की दुकान का सबसे ताजा प्रोजेक्ट है, राजस्थान की 'लाल डायरी'। कहते हैं इस 'लाल डायरी' में कांग्रेस सरकार के काले कारनामे दर्ज हैं। लोग कह रहे हैं कि 'लाल डायरी' के पन्ने खुले तो अच्छे-अच्छे निपट जाएंगे। कांग्रेस के बड़े से बड़े नेताओं की इस 'लाल डायरी' का नाम सुनते ही बोलती बंद हो रही है। ये लोग भले ही मुंह पर ताला लगा लें, लेकिन ये 'लाल डायरी' इस चुनाव में कांग्रेस का डिब्बा गोल करने जा रही है।''

### राजस्थान में छोटी बच्चियों से लेकर टीचर्स तक सुरक्षित नहीं

राजस्थान में किसी दलित बेटी के साथ दुष्कर्म होता है और उस पर एसिड डाल दिया जाता है। किसी दलित बहन के साथ उसके पति के सामने गैंगरेप होता है, आरोपी उसका वीडियो बनाते हैं, पुलिस में रिपोर्ट नहीं लिखी जाती... बेखौफ आरोपी वीडियो वायरल कर देते हैं। छोटी-छोटी बच्चियां और स्कूल की टीचर तक राजस्थान में सुरक्षित नहीं हैं। राजस्थान के लोग बहन-बेटियों के सम्मान से खिलवाड़ कभी भी बर्दाश्त नहीं कर सकते। मां पद्मावती और मां पन्नाधाय की इस धरती की बेटियों के साथ जो हो रहा है, वह आक्रोश से भर देता है।

### भाजपा की सरकार ने दी कई गारंटी

देश के करोड़ों गरीबों को अस्पताल में 5 लाख तक के मुफ्त इलाज की गारंटी किसने दी? भाजपा सरकार ने। जनऔषधि केंद्र में गरीबों को सस्ती दवाइयों की गारंटी किसने दी? -भाजपा सरकार ने। गरीब का बच्चा भी डॉक्टर-इंजीनियर बन सके, अंग्रेजी ना आने की वजह से पीछे ना रह जाए, इसके लिए मातृभाषा में पढ़ाई की गारंटी किसने दी? -भाजपा सरकार ने। देश के करोड़ों गरीबों को पक्का घर बनाकर लखपति बनाने की गारंटी किसने दी? -भाजपा सरकार ने। देश के करोड़ों गरीबों को मुफ्त राशन की गारंटी किसने दी? -भाजपा सरकार ने। कोरोना काल में करोड़ों गरीबों को मुफ्त वैक्सीन की गारंटी किसने दी? -भाजपा सरकार ने।

### पानी के लिए भी तरसा रही है कांग्रेस की सरकार

मैंने राजस्थान समेत देशभर की माताओं और बहनों से वादा किया था कि उनके घर तक मैं नल से जल पहुंचाने का काम करूंगा। आज देशभर में नौ करोड़ से अधिक नए परिवारों तक पानी के कनेक्शन पहुंच चुके हैं। अनेक राज्यों में शत-प्रतिशत नल से जल देने का काम पूरा हो गया है। ...लेकिन राजस्थान के लोगों को कांग्रेस की सरकार पानी के लिए भी तरसा कर रखना चाहती है। राजस्थान 'हर घर जल' योजना में बहुत पीछे चल रहा है।

### किसानों के खातों में 17 हजार करोड़ ट्रांसफर किए

इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के सीकर से किसानों के खातों में 17 हजार करोड़ रुपए ट्रांसफर किए। इसके साथ ही केंद्र सरकार ने किसानों के लिए यूरिया गोल्ड भी लॉन्च किया। किसानों को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि जो यूरिया की बोरी देश के किसानों को 266 रुपए में मिल रही है, वह बोरी पाकिस्तान में 800 रुपए में मिलती है। पड़ोसी देश चीन में 2100 रुपए और अमेरिका में 3 हजार रुपए में मिल रही है।

### किसानों और सैनिकों को साधने की कोशिश

पीएम जनसभा के जरिए सीकर और झुंझुनूं जिले के किसानों और सैनिकों को साधने का काम करेंगे। यदि बात करें सीकर संभाग की तो पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी सभी सीटों पर जीती थी। वहीं झुंझुनूं जिले में 7 विधानसभा सीटों में केवल सूरजगढ़ सीट को छोड़कर भाजपा ने कहीं भी जीत हासिल नहीं की थी। इस बार ष्टरूअशोक गहलोत ने भी सीकर को संभाग बनाने और नीमकाथाना को नया जिला बनाने की घोषणा की थी।

### गहलोत के शामिल होने को लेकर केंद्र-राज्य सरकार के बीच विवाद

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ही शामिल हुए। कार्यक्रम में उनके शामिल होने को लेकर राजस्थान और केंद्र सरकार के बीच विवाद हो गया। गहलोत ने गुरुवार सुबह एक ट्वीट कर इस बात की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से उनकी 3 मिनट की स्पीच हटा दी गई, इसलिए भाषण के माध्यम से क्करूका स्वागत नहीं कर पाएंगे।गहलोत ने लिखा- अब मैं इस ट्वीट के जरिए तहेदिल से आपका स्वागत करता हूं। इसके बाद क्करूह्र ने उनके ट्वीट का जवाब देते हुए कहा कि आपके कार्यालय ने ही कार्यक्रम में न आ पाने की बात बताई थी। इसके बाद गहलोत ने फिर ट्वीट कर कहा कि मैं अभी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नॉन इनटरेक्टिव मोड पर शामिल रहूंगा। हालांकि मोदी ने अपने भाषण में कहा कि गहलोतजी चोट के कारण कार्यक्रम में नहीं आ पाए, मैं उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना करता हूं।

### यूपीए का कुकर्म याद न आए, इसलिए नाम बदलकर I.N.D.I.A कर दिया

कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने एक नया पैंतरा चलाया है, ये पैतरा है- नाम बदलने का। पहले के जमाने में कोई पीढ़ी या कंपनी बदनाम हो जाती थी तो तुरंत नया बोर्ड लगाकर लोगों को भ्रमित कर अपना धंधा पानी चलाने की कोशिश करती थीं। कांग्रेस भी वही कर रही है। यूपीए के कुकर्म याद न आए इसलिए उसे बदलकर I.N.D.I.A कर दिया है। अगर इन्हें इंडिया की परवाह होती तो क्या से विदेशियों से भारत में दखल देने की बात करते? अगर इन्हें इंडिया की परवाह होती तो क्या ये सर्जिकल स्ट्राइक और एयरस्ट्राइक पर सवाल उठाते? अगर इन्हें इंडिया की परवाह होती तो क्या गलवान में सेना के शौर्य को कटघरे में रखते? ये वही चेहरे हैं, जो आतंकी हमले होने पर दुनिया के सामने रोते थे, कुछ नहीं करते थे।

# घुटने का इलाज कराने कोटक्कल पहुंचे राहुल

## 100 साल पुराने आयुर्वेदिक संस्थान में ट्रीटमेंट, भारत जोड़ो यात्रा के दौरान परेशानी हुई थी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

राहुल गांधी केरल के मलप्पुरम में घुटने के दर्द का इलाज करवा रहे हैं। वे यहां सौ साल पुराने आयुर्वेदिक संस्थान कोट्टक्कल आर्य वैद्य शाला में ट्रीटमेंट ले रहे हैं। वैद्य शाला के पी. मदनवनकुट्टी वेरियर और के. मुरलीधरन के साथ डॉक्टरों की एक टीम उनकी देखभाल कर रही है। वे 29 जुलाई तक यहां रहेंगे। इलाज से पहले राहुल ने कोट्टक्कल में बने श्री विश्वंभरा मंदिर में पूजा-अर्चना की। आर्य वैद्य शाला के मरीजों के लिए यह मंदिर आराम और शांति के लिए बनाया गया है। राहुल गांधी 21 जुलाई को पूर्व सीएम ओमन चांडी के अंतिम संस्कार में शामिल हुए थे। इसके बाद वे कोटक्कल पहुंचे थे।



### 100 साल पुराना आयुर्वेदिक संस्थान है आर्य वैद्य शाला

केरल के मलप्पुरम जिले के कोट्टक्कल में पीएस वारियर ने 1902 में इसकी स्थापना की थी। यह संस्थान दुनिया भर के रोगियों को आयुर्वेदिक इलाज और दवाएं देता है। कोट्टक्कल, कांजीकोड और नंजनगुड में आर्य वैद्य शाला की मेडिसिन मेनुफैक्चरिंग यूनिट हैं, जो 550 से ज्यादा आयुर्वेदिक दवाएं बनाती हैं।

### भारत जोड़ो यात्रा के दौरान 4 हजार किमी की दूरी तय की

पिछले साल भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल को घुटने में दर्द की परेशानी हुई थी। उस वक्त वे केरल में थे। यात्रा पूरी होने पर उन्होंने बताया था कि एक समय घुटने का दर्द इतना बढ़ गया था कि यात्रा जारी रखना मुश्किल लग रहा था। यात्रा के दौरान एक फिजियोथेरेपिस्ट भी राहुल के साथ मौजूद था।। भारत जोड़ो यात्रा ने 136 दिनों में 75 जिलों, 12 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में 4,000 किमी से अधिक की दूरी तय की थी। राहुल गांधी हर दिन पैदल चलते थे।

### केरल के वायनाड से ही सांसद थे राहुल गांधी

राहुल गांधी केरल के वायनाड जिले से पूर्व सांसद रहे हैं। मोदी सरनेम मानहानि मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद उन्हें दो साल की जेल की सजा सुनाई गई थी, जिसके बाद उन्हें संसद से सांसद के रूप में उनकी सदस्यता खत्म कर दी गई थी। फिलहाल ये मामला सुप्रीम कोर्ट में है, कोर्ट ने राहुल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने वाले पूर्णेश मोदी और गुजरात सरकार को नोटिस जारी किया है। इस पर 10 दिनों में जवाब देना होगा। इस मामले में अगली सुनवाई 4 अगस्त को होगी।

### सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली तो 2031 तक चुनाव नहीं लड़ पाएंगे

राहुल को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली तो वे 2031 तक कोई चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। राहुल को इस मामले में 23 मार्च 2023 को 2 साल की सजा सुनाई गई थी। नियम के मुताबिक, सजा पूरी होने के छह साल बाद तक चुनाव लड़ने पर रोक रहती है। ऐसे में 2025 में उनकी सजा पूरी होगी और उसके बाद 6 साल तक चुनाव लड़ने पर रोक रहेगी।



# अफ्रीकी देश नाइजर में सेना का तख्तापलट

## राष्ट्रपति को अरेस्ट किया, सभी सरकारी दफ्तर सस्पेंड, बॉर्डर सील

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पश्चिमी अफ्रीकी देश नाइजर में गुरुवार को सेना ने तख्तापलट कर दिया। कुछ हथियार बंद सैनिक राष्ट्रपति भवन में घुसे और उन्होंने उस पर कब्जा कर लिया। इसी के साथ राष्ट्रपति मोहम्मद बज्म को सत्ता से हटाकर कैद कर लिया। न्यूज एजेंसी रायटर्स के मुताबिक, सेना ने तख्तापलट का ऐलान नेशनल टीवी पर आकर किया। कर्नल अमादौ अब्द्रमाने अन्य सैन्य अधिकारियों संग टीवी पर आए और राष्ट्रपति को सत्ता से बेदखल करने की बात कही। कर्नल ने आगे कहा, बिगड़ती सुरक्षा स्थिति और खराब शासन के कारण हम राष्ट्रपति शासन को समाप्त कर रहे हैं। अब्द्रामने ने कहा कि नाइजर के बॉर्डर सील हैं। पूरे देश में कर्फ्यू घोषित है और सभी सरकारी दफ्तरों को सस्पेंड कर दिया गया है। इस बीच अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने नाइजर के राष्ट्रपति को हरसभंव मदद देने की बात कही है। वहीं ह महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भी कहा कि उन्होंने राष्ट्रपति से बात की है और उन्हें संयुक्त राष्ट्र का पूरा समर्थन देने की पेशकश की है। हालांकि, नाइजर की सेना ने किसी भी विदेशी हस्तक्षेप के खिलाफ चेतावनी दी और कहा कि वे अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहें।

# कंझावला केस के 4 आरोपियों पर चलेगा हत्या का मुकदमा, अगली सुनवाई 14 अगस्त को होगी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली के कंझावला हिट एंड ड्रैग केस में चार आरोपियों पर हत्या का केस चलेगा। कोर्ट के एडिशनल सेशन जज नीरज गौड़ ने 7 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया है। गुरुवार को रोहिणी कोर्ट ने चार आरोपियों मनोज मित्तल, अमित खन्ना, कृष्ण और मिथुन पर हत्या, सबूत मिटाना, आरोपी को पनाह देना और साजिश के आरोप तय किए हैं। साथ ही दीपक, आशुतोष और अंकुश पर झूठी खबर देने का आरोप लगाया है। इन तीनों को साजिश के आरोप से बरी कर दिया है। एक आरोपी अमित पर लापरवाही से गाड़ी चलाने की धारा लगाई गई है। अगली सुनवाई 14 अगस्त को होगी। इसमें कोर्ट औपचारिक तौर पर आरोप तय करेगी। इस मामले में कोर्ट ने 17 जुलाई को आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए जाने पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। वहीं, दिल्ली पुलिस ने 1 अप्रैल को सातों आरोपियों के खिलाफ 800 पेज की चार्जशीट फाइल की थी। दिल्ली में 31 दिसंबर की रात में कार सवार पांच युवकों ने 20 साल की अंजलि को टक्कर मारी थी।

# इंडिया अलायंस के सांसद 29-30 जुलाई को मणिपुर जाएंगे



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया के सांसदों की एक टीम 29-30 जुलाई को मणिपुर का दौरा करेगी। इस दौरान वे हिंसा पीड़ितों से मुलाकात करेंगे। इससे पहले राहुल गांधी भी मणिपुर जा चुके हैं। उधर, मणिपुर में महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने का वीडियो वायरल होने के बाद हिंसा की घटनाएं बढ़ गई हैं। थोरबंग और कांगवे में गुरुवार सुबह से फायरिंग हो रही है। दोनों जगहों पर मैतेई और कुकी आमने-सामने हैं। आज जहां हिंसा जारी है, वहां भास्कर रिपोर्टर भी पहुंचे थे। वे फायरिंग के बीच फंस गए थे और पूरी रात सीआरपीएफ के बंकर में गुजारी थी।

### 'मणिपुर जल रहा है'

वहीं मणिपुर के मुद्दे पर विपक्ष सरकार पर लगातार हमलावर है। शिवसेना (उद्धव) नेता संजय राउत ने प्रधानमंत्री को निशाने पर लेते हुए कहा कि 'बीते आठ दिनों से विभिन्न राजनीतिक पार्टियां पीएम मोदी का ध्यान मणिपुर के मुद्दे की तरफ लाने की कोशिश कर रही हैं। प्रधानमंत्री को इस पर बोलना चाहिए।' संजय राउत ने कहा कि 'यह राज्य का नहीं बल्कि पूरे देश का मुद्दा है। मणिपुर जल रहा है और लोग मर रहे हैं। मणिपुर की आग अन्य राज्यों में भी फैल सकती है। हम प्रधानमंत्री मोदी से अपील करते हैं कि वह आगे आकर इस मुद्दे पर बोलें। हम उन्हें जवाब नहीं देंगे और सिर्फ उनकी बात सुनेंगे।

# ईडी निदेशक संजय कुमार मिश्रा का कार्यकाल 15 सितंबर तक बढ़ा

## 'जनहित में सरकार की मांग मानी, लेकिन आगे नहीं होगा'



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय के डायरेक्टर संजय कुमार मिश्रा के कार्यकाल को बढ़ाए जाने की केंद्र सरकार की मांग सुप्रीम कोर्ट में मंजूर हो गई है। कोर्ट ने उन्हें 15 सितंबर तक पद पर बने रहने का आदेश दिया है। इसके साथ ही कोर्ट ने यह भी कहा कि सामान्य परिस्थितियों में इसकी अनुमति नहीं दी जाती, लेकिन हम जनहित में इसे स्वीकार करते हैं, लेकिन इसके आगे उनके कार्यकाल को बढ़ाने की परमिशन नहीं दी जाएगी। 26 जुलाई को सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की बेंच में सुनवाई के लिए एक आवेदन दायर किया था। इससे पहले सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि मिश्रा का कार्यकाल तीसरी बार बढ़ाने का केंद्र का फैसला गैर-कानूनी है।

### 31 जुलाई तक था संजय का कार्यकाल

संजय मिश्रा को 18 नवंबर 2023 को रिटायर होना था। केंद्र ने अध्यादेश के जरिए उनका कार्यकाल तीसरी बार बढ़ाया था, जबकि कोर्ट पहले ही कह चुका था कि दूसरी बार के बाद संजय मिश्रा का कार्यकाल न बढ़ाया जाए। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद संजय 31 जुलाई तक पद पर हैं। इस दौरान ही सरकार को नए चीफ की नियुक्ति करनी है।

# किम जोंग से मिले रूसी रक्षा मंत्री

## पुतिन का खत सौंपा, नॉर्थ कोरिया के हथियार-मिसाइलें देखीं, कहा, ये दुनिया की सबसे ताकतवर सेना



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

नॉर्थ कोरिया के तानाशाह किम जोंग ने गुरुवार को रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगू से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच सैन्य मसलों और सुरक्षा को लेकर चर्चा हुई। नॉर्थ कोरिया के सरकारी मीडिया चष्टह्र ने बताया कि किम ने रूसी रक्षा मंत्री को विक्ट्री डे पर बतौर मेहमान आमंत्रित किया है। दरअसल, कोरियन वॉर एनिवर्सरी को नॉर्थ कोरिया में विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। चीन का भी एक डेलिगेशन इस मौके पर उत्तर कोरिया पहुंचा है। नॉर्थ कोरिया में गुरुवार को डिफेंस ऐग्जिबिशन हुई, जिसमें उन बैलिस्टिक मिसाइलों को भी शामिल किया गया, जिसकी टेस्टिंग को लेकर नॉर्थ कोरिया पर बैन लगा हुआ है। इसके बाद रक्षा मंत्री शोइगू ने भी स्पीच दी। उन्होंने कहा कि नॉर्थ कोरिया की आर्मी दुनिया की सबसे ताकतवर आर्मी बन गई है। इस मौके पर चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के मेंबर ली होंगझोंग भी मौजूद रहे।

### पहली बार नॉर्थ कोरिया पहुंचे रूसी रक्षा मंत्री

ये पहला मौका है, जब सोवियत यूनियन के टूटने के बाद कोई रूसी रक्षा मंत्री नॉर्थ कोरिया पहुंचा है। नॉर्थ कोरिया में कोरोना पाबंदियां हटने के बाद ये पहला मौका, जब कोई विदेशी डेलिगेशन प्योंगयांग पहुंचा। चष्टह्र के मुताबिक, शोइगू ने किम जोंग को राष्ट्रपति पुतिन का एक लेटर भी सौंपा। इसके बाद किम ने मिलिट्री डेलिगेशन भेजने के लिए पुतिन को धन्यवाद दिया। तानाशाह ने कहा- इस यात्रा के साथ दोनों देशों के बीच सैन्य और परंपरागत रिश्ते बेहतर हुए हैं। क्षेत्रीय सुरक्षा, आपसी हितों और वैश्विक शांति पर मैंने अपने विचार भी साझा किए।

### नॉर्थ कोरिया से हथियार ले रहा रूस: अमेरिका

रूसी डेलिगेशन की यात्रा को लेकर व्हाइट हाउस प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा- ये दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब रूस दूसरे देशों से हथियार खरीदने की कोशिश कर रहा है। इसमें अब कुछ सीक्रेट नहीं रहा है। पुतिन दूसरे देशों से जंग में मदद मांग रहे हैं और इसमें नॉर्थ कोरिया भी शामिल है। तानाशाह ने हमेशा से जंग में रूस का पक्ष लिया है और अब वो हथियार और मिसाइल भी सप्लाई कर रहा है। हालांकि, रूस और उत्तर कोरिया, दोनों ने ही इन दावों को खारिज कर दिया।

### यूक्रेन में रूस का मिलिट्री ऑपरेशन सही: नॉर्थ कोरिया

ऐग्जीबिशन से पहले दोनों देशों के बीच डेलिगेशन लेवल की बातचीत भी हुई। इसमें नॉर्थ कोरिया के रक्षा मंत्री कैंग सुन नैम शामिल हुए। उन्होंने यूक्रेन में चल रहे रूसी मिलिट्री के ऑपरेशन को देश की सुरक्षा के लिए सही बताया। केसीएनए के मुताबिक, कैंग ने कहा कि उन्हें इस बात में कोई शक नहीं है कि पुतिन की लीडरशिप में रूस और मजबूत देश बनेगा। इससे पहले मार्च में नॉर्थ कोरिया ने कई इंटर कॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल सहित दूसरी मिसाइलों की टेस्टिंग की थी। देश ने पहली बार अपने परमाणु हथियार दुनिया के सामने पेश किए थे।

# अजित ने एनसीपी चुनाव चिन्ह पर ठोका दावा

## शरद समूह ने कहा, ईसी के पत्र का देंगे जवाब, प्रफुल्ल ने नहीं की टिप्पणी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने गुरुवार को कहा कि चुनाव आयोग ने एक पत्र भेजकर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के गुट द्वारा पार्टी के नाम और चुनाव चिह्न पर दावा करने पर उनसे प्रतिक्रिया मांगी है, जिसका वे जवाब देंगे।। हालांकि, अजित पवार गुट के एनसीपी नेता प्रफुल्ल पटेल ने इस मामले पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। गौरतलब है कि अजित पवार के नेतृत्व में दो जुलाई को एनसीपी में विभाजन हुआ था और वह एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार में डिप्टी सीएम के रूप में आठ अन्य एनसीपी विधायकों के साथ कैबिनेट मंत्री के रूप में शामिल हुए थे। सरकार में अजित पवार को उपमुख्यमंत्री पद जबकि आठ अन्य विधायकों को मंत्री पद प्रदान किया गया था। अब अजित पवार गुट ने पार्टी चुनाव चिन्ह पर दावा किया है। अजित पवार गुट ने चुनाव आयोग (ईसी) को सूचित किया है कि उन्हें 30 जून, 2023 को एक प्रस्ताव के माध्यम से पार्टी के विधायी और संगठनात्मक विंग के सदस्यों ने भारी बहुमत से हस्ताक्षर करके एनसीपी प्रमुख चुना था। शरद पवार के नेतृत्व वाले एनसीपी गुट के राष्ट्रीय प्रवक्ता क्लाईड क्रास्टो ने गुरुवार को कहा कि चुनाव आयोग ने एक पत्र भेजकर अजीत पवार के गुट द्वारा पार्टी के नाम और प्रतीक पर दावा करने पर उनकी (शरद पवार गुट की) प्रतिक्रिया मांगी है। क्रैस्टो ने कहा, हम पत्र के अनुसार जवाब देंगे। हालांकि, प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि मैं हमारी पार्टी के आंतरिक मामलों से जुड़े मुद्दों पर टिप्पणी नहीं करना चाहता।

### शरद पवार को मना लेंगे: प्रफुल्ल पटेल

पटेल ने नागपुर में कहा, शरद पवार हमारे आदर्श बने रहेंगे और हम चाहते हैं कि वह हमारे द्वारा लिए गए राजनीतिक फैसले को स्वीकार करें। हम उन्हें मना लेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ कांग्रेस द्वारा लाया गया अविश्वास प्रस्ताव दिखावा था। पटेल ने कहा, यह विपक्ष की हताशा को दर्शाता है और वे भी जानते हैं कि लोकसभा में भाजपा के पास जो संख्या है, उसे देखते हुए अविश्वास प्रस्ताव का कोई मतलब नहीं है।

### 'अजित पवार को भविष्य में सीएम बनने का मौका मिलेगा'

एनसीपी के राज्यसभा सांसद प्रफुल्ल पटेल ने गुरुवार को कहा कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार एक लोकप्रिय और दिग्गज नेता हैं और उन्हें मुख्यमंत्री बनने का अवसर मिलेगा। ऐसी अटकलों के बारे में पूछे जाने पर पटेल ने नागपुर में संवाददाताओं से कहा कि (सीएम का) पद खाली नहीं है, तो इस बारे में बात क्यों करें। उन्होंने कहा, अजित पवार एक लोकप्रिय और दिग्गज नेता हैं। वह कई वर्षों से हमारी पार्टी का नेतृत्व कर रहे हैं। जो काम करते हैं उन्हें आज, कल या परसों मौका मिलता है। कई लोगों को मौका मिला है। अजित दादा को भी आज नहीं तो कल या भविष्य में कभी भी मौका मिलेगा। हम उस दिशा में काम करेंगे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)